फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -53, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 15

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

## लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।



- निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

### बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

## अरुणाचल और सिक्किम में दो जून को मतगणना

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच 28 मार्च, नाम वापसी 30 मार्च को और मतगणना दो जून को होगी।

## डब्ल्यूपीएल का नया चैंपियन बना बेंगलुरु



दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी के बीच डब्ल्यूपीएल का फाइनल मैच खेला गया। दिल्ली को हराकर आरसीबी ने मैच को आठ विकेट से जीत लिया। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना की टीम ने दिल्ली से मिले 114 रन के लक्ष्य को दो विकेट के नुकसान पर 19 .3 ओवर में 115 रन बनाकर प्राप्त कर लिया।

▸▸ देखें खेल पेज

# होसबोले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह

- तीन दिन चला मंथन, छह सह सरकार्यवाह भी हुए नियुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक का रविवार को सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद समापन हुआ। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया जबकि रामेश्वर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। नवल को गौ सेवा और अनिल ओंक को सह व्यवस्था प्रमुख बनाया है।

### हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने



संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी जबकि प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को प्रांत प्रचारक गोरक्ष प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उप्र, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर, ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक होंगे।

### उत्तर क्षेत्र में यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर बनाया है।




# पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी



- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

### कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

## एक नजर

### सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूइटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी। यूजीसी प्रमुख ने कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है।

### आठ लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगल में पुलिस के एक संयुक्त दल ने आठ लाख रुपये के एक इनामी नक्सली को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोयलीबेड़ा क्षेत्र के करकानार के जंगलों में डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम की कल नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ हुई, जिसमे पुलिस दल को एक बार फिर बड़ी सफ़लता हाथ लगी। जवानों ने नक्सलियों के मिलिट्री कंपनी पांच के प्लाटून कमांडर मनखेर को मार गिराया।

# ईडी ने केजरीवाल को दिल्ली जल बोर्ड मामले में भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी



- पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है।

## तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।



**योजना में पेच** — शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के दिए निर्देश

# बिना प्रमाणीकरण गांवों में 'हर घर जल'

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



**88,637** राजस्व ग्रामों में 16,902 चिन्हित व 5,545 प्रमाणित

**100** फीसद कनेक्शन व आपूर्ति करने के बाद प्रगति खराब

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रमाणीकरण में फंसी है। यह कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने कंपनियों को दिया है। स्थिति यह है कि 66 जिलों पर फेज-2, 3 व 5 में 88,637 राजस्व ग्रामों में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं।

यानी इतने गांवों के 100 फीसद घरों पर कनेक्शन देकर नलों से जलापूर्ति की गई है। लेकिन, इसके सापेक्ष 16,902 ग्राम ही कनेक्शन धारकों के आधार कार्ड लेकर पोर्टल पर चिन्हित हो पाए हैं। जबकि प्रमाणीकरण 5,545 ग्रामों का हुआ है। कुल प्रगति की बात करें तो अब तक 2,66,20,859 घर के सापेक्ष 2,12,11,102 फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन हुए हैं। शासन ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रगति सुधारते हुए शीर्ष 10 जिलों में तत्काल 100 फीसद प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### सबसे खराब प्रगति

- उन्नाव - 21.33 फीसद
- फिरोजाबाद - 27.37 फीसद
- आगरा - 30.53 फीसद
- मथुरा - 32.33 फीसद
- बलिया - 33.17 फीसद

### 9723 ग्रामों का मांगा प्रमाण, 92 को भूमि

9723 ग्रामों जल निगम कनेक्शन कर योजना से आच्छादित कर चुका है। शासन ने सभी पूर्ण कार्य के साथ प्रमाण मांगा है। ग्राम सभाओं में परियोजनाएं हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभिन्न पाइप लाइन योजना के लिए 92 भूमि यानी स्थलों के आवंटन और विवाद का समाधान नहीं हुआ है। इसका जिलाधिकारी स्तर से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।



## एक नजर

### योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रयागराज की सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व रक्षामंत्री और गोवा के पूर्व रहे मनोहर परिकर की पुण्यतिथि पर भी उन्हें यादकर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

### वसूली गैंग जेल जाएगा : शाहनवाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि इलेक्टोरल बांड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। हफ़्ता वसूली गैंग जेल जाएगा। रविवार को यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं और पूंजीपतियों का जांच के बाद जेल भेजा जाना तय है। उनके अवैध पैसे को किसानी और शिक्षा पर खर्च किया जाएगा।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभियंता नेता शैलेंद्र दुबे ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर तीसरी बार निर्वाचित हुए। फेडरेशन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चेन्नई में हुई आम सभा में वह निर्वाचित हुए। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

# सपा के सात बागी विधायकों को भाजपा में मौके का इंतजार

## राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने के बाद से हैं सपा से बाहर

▸▸ भाजपा से मनोज पांडेय को टिकट मिलने का भरोसा, अन्य चुनाव बाद होंगे समायोजित

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले सपा के सात बागी बागी विधायक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। उनको न पार्टी पूछ रही है, न ही भाजपा से कोई काम सौंपा जा रहा है। सपा के मुख्य सचेतक रहे डॉ. मनोज पांडेय को भरोसा है कि रायबरेली से भाजपा की अगली सूची में उनका नाम हो सकता है। जबकि अन्य विधायकों को भाजपा से आश्वासन मिला है कि प्रत्याशी को विजयी बनाने में पूरी ताकत लगाएं, चुनाव बाद उन्हें समायोजित किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सपा से बगावत करने वाले मुख्य सचेतक रहे ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज पांडेय, जलालपुर के विधायक राकेश पांडेय, गौरीगंज के राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज के अभय सिंह, कालपी विनोज चतुर्वेदी, चायल की पूजा पाल व बिसौली आशुतोष मौर्य की हालत त्रिशंकु जैसी हो गई है। अब लखनऊ में न सपा संगठन से ही कोई हाल-चाल ले रहा है, न इलाके में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को फूटी आंख सुहा रहे हैं। सिर्फ अपने चहेतों के बीच दिनचर्या बीत रही है।

भाजपा भी इनके साथ बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा बर्ताव कर रही है। सपा से बगावत करने के पीछे रामलला के दर्शन से वंचित करने का तर्क भी कोई खास सहानुभूति नहीं दे रहा है, कारण कि इसका सारा श्रेय इलाके में भगवा फहराती भाजपा नेताओं की टोली ले रही है।

इसके पीछे खास वजह है कि बगावत करने वाले सभी विधायक अपने क्षेत्र में भाजपा के धुर विरोधियों में टॉप पर रहे हैं। रायबरेली में जन्मे मनोज पांडेय भी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे हैं। वे 2012 के विधानसभा में पहली बार चुनाव जीते। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री बनाया गया था। साल 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा और इसमें भी बड़े अंतर से उन्होंने जीत दर्ज की। अभय सिंह भी सपा के झंडाबरदार रहते अयोध्या में तमाम अवसरों और आंदोलनों में भाजपाईयों को ललकारने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कमोवेश यही हाल बाकी विधायकों का भी रहा है। भाजपा के दबाव में आने के पीछे का गणित तो सपा प्रमुख अखिलेश ने बगावत के दिन ही सरकार के डर से भयभीत होने से जोड़ दिया था।

### न निकाल रही सपा, न बागी दे रहे इस्तीफा

सपा से बगावत करने वाले सभी सातों विधायकों को सपा निकालकर उनकी विधायकी सुरक्षित नहीं रखना चाहती हैं। जबकि बागी विधायक भी इस्तीफा देकर विधायकी गंवाने से परहेज कर रहे हैं। मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराजगी दिखाते हुए सिर्फ मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिया। उनकी मंशा है कि भाजपा से रायबरेली का सांसद बनने के बाद ही विधानसभा सदस्यता से इस्ताफा देंगे। अभय सिंह को उम्मीद है कि गोरखपुर मठ में लगातार हाजिरी से मंत्री का दर्जा मिलने की साध पूरी हो जाए, तो इस्तीफा देकर चुनाव लड़ें। ऐसे ही अन्य विधायकों को भी भाजपा से समायोजन का इंतजार है।

# कांग्रेस में लोस के साथ घोषित होंगे विस उप चुनाव के प्रत्याशी

▸▸ विस संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू

▸▸ अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही लड़ने की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

**भारती त्यागी बनीं कार्यवाहक अध्यक्ष:** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अल्का लांबा ने भारती त्यागी को उप्र महिला कांग्रेस पश्चिम का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### कांग्रेस यात्रा के समापन कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अखिलेश

**अमृत विचार :** कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए। रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं, और इसकी सफलता तभी है जबकि हम भाजपा को पराजित करें। अपने न पहुंच पाने का कारण बताते हुए अखिलेश ने लिखा है कि 20 मार्च से शुरु होने वाले नामांकन की तैयारियों में व्यस्तता चलते मैं कांग्रेस की समापन यात्रा के कार्यक्रम में नहीं शामिल हो पा रहा हूं।

### कई पूर्व सैनिक कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार :** कई पूर्व सैनिक रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन्हें सदस्यता दिलाई गई। भारतीय सेना में कैप्टन रहे राजकरन सिंह 'फौजी भैया' के नेतृत्व में पूर्व कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सैनिक अखिलेश सिंह, राजेश बहादुर सिंह व अवध राज सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में सर्व समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देते हुए इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, वाइस चयरमैन दीपक भट्ट, नुसरत अली मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर सदस्यता कार्ड दिया।

# स्वामी प्रसाद कुशीनगर से लड़ सकते हैं लोस चुनाव

▸▸ राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं। बताया जा रहा है इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले दलों को सीटें दी जा सकती हैं। सपा के सीट न देने पर कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी को सीट देने की पहल कर सकती है।

### मेरठ, कानपुर व अकबरपुर से बसपा ने घोषित किये प्रत्याशी

**अमृत विचार :** बसपा ने लोकसभा के तीन और प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। मेरठ, अकबरपुर व कानपुर में प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही मंडल प्रभारियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या पांच पहुंच गई है। बसपा ने अकबरपुर सीट पर राजेश द्विवेदी को मैदान में उतारा है, जबकि मेरठ के बुद्धा गार्डन में संपन्न एक दिवसीय सम्मेलन में कोऑर्डिनेटर व मंडल प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने मेरठ से देववृत त्यागी को प्रत्याशी होने का एलान कर दिया। वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के पाले में रहने वाली कानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के मंडल प्रभारी नौशाद अली ने ठाकुर जाति के कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन के टिकट की घोषणा कर दी। कुलदीप पेशे से अधिवक्ता हैं। मालूम हो कि बसपा प्रमुख मायावती से हरी झंडी मिलने के बाद उन्नाव से अशोक पाण्डेय और लखीमपुर खीरी में धौरहरा सीट पर भाजपा से आए श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है।

# सपा के पूर्व सांसद देवेन्द्र यादव समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

▸▸ भाजपा मुख्यालय पर भूपेंद्र चौधरी और ब्रजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। इसके साथ ही लखनऊ कैंट विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाण्डेय व लखनऊ के सपा नेता संदीप पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विचारधारा से जुड़कर पार्टी में शामिल हुए सभी लोग अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनें और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़े। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री मोदी के विकासित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मिलकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है।

इस दौरान सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैय्या', मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे आदि उपस्थित रहे।

### चुनाव लड़ने की आस

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा में शामिल होने के लिए विपक्षी दलों के अपने-अपने इलाके से दिग्गज नेताओं का सिलिसला लगातार 51 दिन चल रहा है। सपा, बसपा और कांग्रेस छोड़कर आने वालों में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत तमाम निकाय और पंचायतों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए जो कि चुनाव लड़ने की आस में भी है।

## सपा ने नियुक्त किए कई पदाधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की जिला कार्यकारिणी में रविवार को सुनील सिंह भदौरिया निवासी बक्शी का तालाब लखनऊ को जिला उपाध्यक्ष और डॉ. प्रमोद कुमार यादव को बलिया का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है।वहीं, मुलायम यादव एडवोकेट को युवजन सभा प्रयागराज (गंगापार) का जिलाध्यक्ष और प्रिन्स सिंह 'बागी' को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में सचिव नामित किया गया है।

इसी कड़ी में विनय प्रकाश अंचल को युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष और हाजी मिर्ज़ा ज़फ़र हुसैन को युवजन सभा में प्रदेश सचिव जबकि, संतोष कुमार यादव को पार्टी की युवजन सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# मुलायम की बहू अपर्णा ने योगी से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव की बहू और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रविवार को मुलाकात की। माना जा रहा है कि अपर्णा यादव किसी सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं।

अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी शेयर की है। इससे पहले अपर्णा यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से मुलाकात की थी। हालांकि अपर्णा यादव पहले ही साफ कर चुकी हैं कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगी।

विधानसभा चुनाव से पहले अपर्णा यादव भाजपा में शामिल हुई थीं। माना जा रहा था कि वह लखनऊ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। राज्यसभा और एमएलसी चुनाव के लिए भी अपर्णा यादव का नाम आया था, अब लोकसभा चुनाव के लिए अपर्णा यादव का नाम चर्चा में है।

### कुछ सांसदों के कट सकते हैं टिकट

प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची में 24 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का एलान होना है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। माना जा रहा है कि मौजूदा कुछ सांसदों के टिकट पर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा मिशन-80 के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है।

# मंडल स्तर पर बनेंगे खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय

▸▸ होली आदि त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच होगी आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** खाद्य एवं औषधि के लिए गए नमूनों की त्वरित जांच के लिए मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय एवं जिला स्तर पर प्रयोगशालाएं शुरू की जा रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने 12 मंडलीय कार्यालयों के लिए बजट जारी कर दिया है। जिलों में प्रयोगशालाओं के लिए अलग से बजट दिया गा है। लखनऊ में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय व प्रयोगशाला के लिए 18 करोड़ 17 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ एवं अधोमानक दवाओं की रोकथाम के लिए जिले स्तरीय ढांचा मजबूत बनाया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में मंडल स्तर पर खाद्य एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय स्थापित किये जायेंगे। उक्त क्रम में ही शासन द्वारा मंडल स्तर पर बनने वाले कार्यालय बरेली को 22 करोड़ 53 लाख, सहारनपुर में 23 करोड़ 32 लाख, मुरादाबाद में 23 करोड़ 21 लाख, अलीगढ़ में 22 करोड़ 58 लाख, कानपुर को 23 करोड़ 20 लाख, प्रयागराज को 22 करोड़ 66 लाख, बस्ती को 23 करोड 25 लाख, अयोध्या में 23 करोड़ सात लाख, गोरखपुर को 22 करोड़ 45 लाख, आजमगढ़ में 22 करोड़ 53 लाख, झांसी को 22 करोड़ 55 लाख रूपये और विध्यांचल मंडल अंतर्गत मिर्जापुर में बनने वाले नियंत्रण कार्यालय के लिए 22 करोड़ 45 लाख से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया गया है।

## भाजपा प्रत्याशी की चुनाव आयोग से शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ:** कन्नौज के भाजपा सांसद और लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा कथित रूप से वोट खरीदने का विडियो वायरल हुआ है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उक्त विडियो में वोट खरीदे जाने की बात स्वीकार किए जाने के संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होने रविवार को बताया कि उन्हे 30 सेकंड का एक वीडियो प्राप्त हुआ है, बातचीत में जब स्थानीय लोग उनके प्रति नाराजगी व्यक्त करते हैं तो सुब्रत पाठक कहते हैं कि उन्हें वोट मिले नहीं है, उनके द्वारा वोट खरीदा गया है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि किसी भी प्रत्याशी द्वारा वोट खरीदा जाना गंभीर आपराधिक कृत्य है और वोट खरीदे जाने की बात को स्वीकार करना भी उतना ही गंभीर अपराध और आचार संहिता का खुला उल्लंघन है।

# मेरठ में 100 एमबीबीएस की और आजमगढ़ में 30 पीजी की बढ़ेंगी सीटें

▸▸ मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटों के लिए मानक पूरे करने को बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 200 हो जाएगी। मेरठ में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये शासन से जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

# टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

▸▸ पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस

▸▸ बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। उनकी इस समस्या को देखते हुए पहले चरण में प्रदेश के विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिये 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गयी है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

## भ्रामक सूचना से रहें सावधान : सपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखों की घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ी नजर आ रही है। भाजपा गठबंधन अपने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन अपने कई उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। इस बीच सपा सोशल मीडिया पर सामने आ रही उम्मीदवारों की फर्जी सूची को लेकर चिंतित है।

सपा को आशंका है कि सोशल मीडिया में तमाम सीटों पर उम्मीदवारों की फर्जी सूची वायरल कर विरोधी चुनाव शुरू होने से पहले ही भ्रम फैलाकर पार्टी नेताओं और समर्थकों में भ्रम फैलाना चाहते हैं। ऐसे में सपा ने अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम मतदाताओं को सावधान किया है। रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर सपा ने लोगों को ऐसी फर्जी सूचियों को लेकर अगाह किया। सपा की ओर से लिखा गया- कृपया सावधान रहें, पार्टी के लोस. प्रत्याशियोंकी सूची पार्टी पेज पर ही प्रेषित की जाती है, जो सूची पार्टी के एक्स और फेसबुक पेज पर है वही अधिकृत है अन्य सभी सूचियां फर्जी हैं।

## लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ:** बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं।

जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी।

# मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

▸▸ 600 शिक्षकों का रुकेगा वेतन शुरू हुई सख्ती, दो दिनों में 60 हजार चेक हुईं उत्तर पुस्तिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में पांच केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। इन केन्द्रों पर 600 ऐसे सरकारी शिक्षक हैं जो उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि इनकी ड्यूटी पहले दिन से ही लगी है। रविवार को जुबिली कॉलेज में निरीक्षण करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को जब शिक्षकों की अनुपस्थिति का पता चला तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। यहां करीब 300 शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्होंने पहले दिन से मूल्यांकन नहीं किया। इसी तरह से राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर से भी करीब 300 से शिक्षक अनुपस्थित मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन सभी की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा यदि ये सोमवार को मूल्यांकन कार्य के लिए नहीं आते हैं तो इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोका दिया जायेगा।

**शिक्षकों लापरवाही नहीं तो और चेक होती कॉपी:** जिला विद्यायलय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय निशातगंज इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर और गोमती नगर में मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इन सभी केन्द्रों पर अनुपस्थित शिक्षकों की सूची जारी की गई है। डीआईओएस ने बताया कि ये शिक्षक अगर पहले दिन से कॉपियों का मूल्यांकन करते तो और ज्यादा कॉपी चेक हो सकती थी। अभी तक 60 हजार कॉपी चेक हुई हैं।



राजधानी के जुबिली कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेते डीआईओएस राकेश कुमार।

### सचिव ने कहा निर्धारित समय में पूरा होगा मूल्यांकन कार्य

रविवार को अमृत विचार से बातचीत में सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने कहा कि अब तक सभी 260 मूल्यांकन केन्द्रों पर 37,98,967 कॉपियां चेक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि 31 मार्च को मूल्यांकन का अंतिम दिन होगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन की निगरानी भी सीसी टीवी कैमरे से की जा रही है।

**अरोग्य मेले में मिले दो कोविड मरीज :** रविवार को संपन्न 140 वें आरोग्य मेलें में कोविड के दो मरीजों की पुष्टि हुई है। जबकि 1157 टेस्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं 3045 रैपिड टेस्ट में दो मलेरिया के मरीजों की पहचान हुई है। जिनका इलाज शुरू हो गया है।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



**7वां रोजा**

शिया
सहरी : 4.41 बजे
इफ्तार : 6.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.48 बजे
इफ्तार : 6.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- कुर्सी रोड गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में राज्यस्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता - 11:00 बजे।
- अकादमी कार्यालय इंदिरा भवन में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से अमृता प्रीतम के जीवन पर आधारित पंजाबी साहित्य विच अमृता प्रीतम दा योगदान विषयक संगोष्ठी - 1:00 बजे।
- गांधी भवन प्रेक्षागृह में लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव व मातृ सम्मान समारोह - 2:00 बजे।
- ऐशबाग रामलीला मैदान में वेद मुरारीबापू की रामकथा -3.00 बजे।
- जानकीपुरम में लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से 9 दिवसीय फागोत्सव-2024 फगुनवा में रंग रसे रसे बरसे - 4:00 बजे।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अंक फाउंडेशन की ओर से होली के लोकरंग बालीवुड के संग का आयोजन - 5.00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में चित्रण नाट्य समारोह का आयोजन - 7:15 बजे।

# लुभावने वादे किए तो माना जाएगा आचार संहिता का उल्लंघन

## बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे जनसभा और धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आचार संहिता की जारी की गाइडलाइन

**अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति जनसभा और धरना-प्रदर्शन करने पर रोक रहेगी। योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण नहीं कर सकेंगे। लुभावने वादे किए तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चुनाव आचार संहिता की गाइडलाइन जारी की है।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं दिया जाएगा। प्रचार के लिए किसी भी राजनीतिक दल एवं प्रत्याशी द्वारा सरकारी वाहन का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। सरकारी खर्च से प्रत्याशी प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते हैं। राजनीतिक दल या प्रत्याशी प्रचार-प्रसार के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय से अनुमति लिए बिना होर्डिंग और वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे।

**प्रत्याशियों को बताना होगा आपराधिक इतिहास**

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों को आपराधिक इतिहास भी बताना होगा। नामांकन प्रक्रिया के चार दिन के भीतर और प्रचार के अंतिम दिन समाचार पत्रों में इसकी सूचना प्रकाशित कराएंगे। राजनीतिक दल भी अपनी वेबसाइट पर आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशियों का पूरा विवरण देंगे।

**प्रत्याशी 95 लाख कर सकेंगे खर्च :** लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी 95 लाख रुपये प्रचार, झंडे-बैनर, पोस्टर, खाने-पीने और वाहनों पर खर्च कर सकेंगे। प्रचार के दौरान पांच वाहन ही एक साथ चल सकेंगे। बाकी पांच वाहन आधे घंटे के अंतर पर चलेंगे। रात आठ के बाद और सुबह आठ बजे से पहले लाउडस्पीकर से प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा।

### टीमें नकदी व शराब वितरण पर रखेंगी नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सभी अनुवीक्षण टीमों को सक्रिय कर दिया है। ये टीमें राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों पर नजर रखेंगी। उन्होंने बताया कि 9 वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी), 27 उड़न दस्ता टीम (एफएसटी), 9 वीडियो वीविंग टीम (वीवीटी), 30 स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), 9 लेखा टीम (एटी) और 9 सहायक व्यय प्रेक्षकों की टीमें गठित की जा चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में शिफ्टवार उड़नदस्ता टीम, स्टेटिक निगरानी टीम और वीडियो निगरानी टीम वीडियोग्राफर के साथ तैनात की गयी है। उड़नदस्ता टीम निर्वाचन के दौरान अवैध नकदी का आदान प्रदान, शराब का वितरण व अन्य सन्देहास्पद वस्तु गतिविधियों का पता लगाएगी। प्रत्येक उड़नदस्ता टीम में प्रमुख प्रभारी, एक वरिष्ठ कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, वीडियोग्राफर एवं तीन या चार सशस्त्र पुलिस कार्मिक होंगे। वीडियो निगरानी टीम निर्वाचन के दौरान होने वाली घटनाओं, वाहनों, पोस्टरों और कटआउट की वीडियोग्राफी करेगी।




आचार संहिता लगने के बाद हजरतगंज क्षेत्र में राजनीतिक दलों के पोस्टर-बैनर और होर्डिंग्स हटाते नगर निगम कर्मचारी। अमृत विचार

# नगर निगम ने हटाए 7500 से ज्यादा पोस्टर-बैनर व होर्डिंग्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज भी चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने रविवार को शहर में होर्डिंग्स, पोस्टर और बैनर हटाने के लिए अभियान चलाया। देर रात तक चली कार्रवाई में लगभग 7500 पोस्टर-बैनर, फ्लैक्स और होर्डिंग्स हटाई गईं। पार्षदों सहित राजनीतिक दलों की होर्डिंग भी हटायी गयीं। राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटाने के दौरान जोन 2 में लोगों ने हंगामा किया।

ऐशबाग स्थित जोनल कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं से नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की कहासुनी हो गयी। जिसके बाद मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी।

आचार संहिता लगते ही शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे से नगर निगम की टीमों ने होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी, जो सोमवार को भी जारी रहेगी। इसके लिए नगर निगम ने समस्त जोनल कार्यालय, प्रचार विभाग के साथ इंजीनियरिंग, मार्ग प्रकाश और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों व अभियंताओं को लगाया है।

# नगर निगम जब्त करेगा 550 प्रतिबंधित विदेशी नस्ल के कुत्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाइसेंस बिना प्रतिबंधित विदेशी नस्ल के कुत्ते (स्वान) पालने के शौकीन लोगों के लिए जल्द समस्या खड़ी होने वाली है। केंद्र सरकार के पशुपालन मंत्रालय ने आदेश जारी करके 25 विदेशी नस्ल के कुत्तों के पालने, प्रजनन और खरीद-फरोख्त पर प्रतिबंध लगा दिया है। राजधानी में विदेशी नस्ल के खतरनाक लगभग 450 कुत्ते नगर निगम में रजिस्टर्ड हैं। वहीं, बिना लाइसेंस के शहर में लगभग 550 विदेशी नस्ल के प्रतिबंधित कुत्ते पाले जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश कुत्ते रसूखदार लोग पाल रहे हैं। लखनऊ नगर निगम जल्द ही अभियान चला कर बिना लाइसेंस अवैध तरीके से पाले जा रहे प्रतिबंधित नस्ल के खतरनाक कुत्ते जब्त करेगा।



- 1 अप्रैल से चलाएगा अभियान लाइसेंस न होने पर लगेगा पांच हजार का जुर्माना
- केंद्र सरकार ने 25 विदेशी नस्ल के कुत्तों को पालने, प्रजनन और खरीद-फरोख्त पर लगा दी है रोक

अब नया लाइसेंस भी नहीं जारी करेगा। जो लोग नगर निगम से लाइसेंस लेकर पहले से विदेशी नस्ल के कुत्ते पाल रहे हैं, उनके पुराने लाइसेंस का नसबंदी और टीकाकरण का प्रमाणपत्र लेने के बाद ही नवीनीकरण करेगा।

**इन पर लगा प्रतिबंध**

पिटबुल, अमेरिकन टेरियर, टोसा इनू, फिला ब्रासीलेरियो, डोगो अर्जेन्टीनो, अमेरिकन बुलडॉग, सेंट्रल एशियन, बोरेबोल, कंगल, साउथ रशियन, टोरजंक, काकेशियन, जापानी टोसा, जापानी अकिता, सरपैलनिक, मैस्टिफ, राटविलर, रोडेसियन, टेरियर्स, वोल्फ, कैनारियो, रिजबैक, अक्बैस, मास्को गार्ड, केन कारसो।

**इस प्रजाति के कुत्ते पाल सकेंगे**

जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, पामेरियन, पग, लाहसा अप्सो, शिटजू और देशी नस्ल के कुत्ते।

> प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों का नया लाइसेंस नहीं बनेगा। जिनके पास पहले से लाइसेंस है केवल उनका नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए नसबंदी और टीकाकरण का प्रमाण पत्र देना होगा। बिना लाइसेंस पाले जा रहे प्रतिबंधित नस्ल के कुत्ते अभियान चलाकर जब्त किए जाएंगे।
>
> -डॉ. अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी, नगर निगम

### खुले रहे कैश काउंटर, एक करोड़ जमा हुआ गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवकाश के दिन रविवार को भी नगर निगम के सभी जोन में सभी कैश काउंटर खुले रहे। इस बीच गृहकर जमा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सभी काउंटरों पर लगभग एक करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ। नगर निगम के जोनल अधिकारी सहित कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, बाबू आदि उपस्थित रहे। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो रहा है। गृह करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम अवकाश के दिन भी काउंटर खोल रहा है। जिससे अधिक से अधिक लोग अपना बकाया गृहकर जमा कर सकें।

# अकबर नगर की 93 दुकानों पर फैसला आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल बंधे और नदी की जमीन पर बनीं 93 दुकानों पर सोमवार को फैसला होगा। इस मामले पर उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी।

एलडीए ने मकान में बनीं इन दुकानों को कॉमर्शियल मानने के लिए न्यायालय में अपील की है। अब अकबर नगर के अंदर मकान में बनीं दुकानें और गोदाम तोड़ने की तैयारी है। एलडीए ने लगभग 93 ऐसी दुकानें और गोदाम चिन्हित किए हैं जो मकान में बने हैं। वहीं, अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए शिविर में रविवार को कुल 24 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया। अकबर नगर प्रथम में पांच और अकबर नगर द्वितीय में 19 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया।

## एक नजर

### चार बार कराई पैमाइश रिपोर्ट दी न प्लॉट पर कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग के गीतापल्ली क्षेत्र में एक प्लॉट की चार बार पैमाइश कराने के बाद भी लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने आवेदनकर्ता को न रिपोर्ट दी और न ही भूखंड पर कब्जा। इस मामले में पीड़ित ने एलडीए के अधिकारियों की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। साथ ही काम कराने के बदले डेढ़ लाख रुपये की मांग करने का आरोप लगाया है। गोमती नगर के विराम खंड निवासी राजू यादव पुत्र रामलाल यादव ने बताया कि भिलावां गांव में खसरा संख्या 127बी के 878.50 वर्गफिट क्षेत्रफल नजूल भूमि का एलडीए पैमाइश कर चुका है। जिसमें विभाग ने प्लॉट की चौहद्दी गलत बतायी थी। नजूल अधिकारी द्वारा चार बार टीम बनाई गयी, लेकिन आज तक न पैमाइश हुई और न प्लॉट खाली कराया। बार-बार अनुरोध करने पर विभाग के कर्मचारी डेढ़ लाख रुपये की मांग कर रहे हैं।

### आज भाजपा की सूची पर लगेगी मुहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की सोमवार को नई दिल्ली में अहम बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश की बची हुई 24 सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन होगा। बाद में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। कोरग्रुप की बैठक में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री मौजूद रहेंगे। उप्र की बची हुई सीटों को लेकर मंथन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जहां पीएम मोदी प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाएंगे।

# सिगरेट पीने से रोका तो युवती ने चबाया पिकनिक स्पॉटकर्मी का कान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने प्रेमी युगल और साथी पर दर्ज की एफआईआर
- स्कूटी के नंबर से की जा रही है आरोपियों की तलाश

अमृत विचार। कुकरैल जंगल में बीते शुक्रवार को घूमते समय प्रेमी युगल सिगरेट पी रहा था। पिकनिक स्पॉट कर्मचारी ने मना किया तो उसकी पिटाई कर दी। युवती ने कर्मचारी का कान चबा लिया। कर्मचारी की चीखपुकार सुनकर अन्य लोग पहुंचे लेकिन इसी बीच मौका पाकर प्रेमी युगल भाग निकला। कर्मचारी की तहरीर पर गुडंबा थाने की पुलिस ने अज्ञात प्रेमी युगल व उसके दोस्त पर एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, कुकरैल पिकनिक स्पाट में तैनात वन विभाग के कर्मचारी विकास ने तहरीर दी है। इसमें बताया कि शुक्रवार दोपहर पिकनिक फेज-दो के जंगल में आग लगने की सूचना अधिकारियों से मिली थी। मौके पर पहुंचे कर्मचारी को प्रेमी युगल सिगरेट पीते मिला। उनके साथ एक अन्य युवक भी था। कर्मचारी ने उन्हें सिगरेट पीने से मना किया। इस पर युगल और युवक ने उसकी पिटाई कर दी। युवती ने धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और कान चबा लिया। खून से लथपथ कर्मचारी मदद के लिए जोर-जोर से चिल्लाने लगा। चीख सुनकर भीड़ पहुंचने लगी। इसी बीच मौका पाकर युगल और युवक भाग निकले। कर्मचारी ने विभागीय अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि स्कूटी नंबर प्लेट के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शराब पीकर गाड़ी चलाई तो होगा चालान

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आरटीओ प्रवर्तन की टीम अभियान चलाएगी। इसके लिए 2 टीमें बनाई गई हैं। कई इलाकों में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की जाएगी। पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये तक चालान किया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुलिस की सहायता लेकर आरटीओ प्रवर्तन दल 24 और 25 को विशेष अभियान चलाएगा। इसके लिए पुराने लखनऊ के साथ इससे सटे हुए इलाके तेलीबाग और ठाकुरगंज इलाके में अभियान चलाया जाएगा। दोपहर के बाद आगरा एक्सप्रेस वे के पास वाहन चलाने वालों की जांच होगी। दो और 4 पहिया वाहन चालक यदि शराब पिये मिले तो उनका चालान किया जाएगा। आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज के अनुसार त्योहार पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों संख्या बढ़ जाती है।

# कई क्षेत्रों में आज गुल रहेगी बिजली, प्रभावित होंगे 5 लाख लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के कई क्षेत्रों में सोमवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विकासनगर, जानकीपुरम, आशियाना, वृंदावन, रजनीखंड, उतरेठिया समेत कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। लेसा आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार, पोल और खराब कंडक्टर को बदलने का काम करेगा। इससे करीब 5 लाख की आबादी प्रभावित रहेगी।



- आरडीएसएस योजना के तहत लेसा करेगा जर्जर तार पोल और खराब कंडक्टर को बदलने का कार्य

विकास नगर उपकेंद्र सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे गांधीनगर, श्याम नगर, खुर्रमनगर, अशोक विहार, मतीन पुरवा, विकासनगर सेक्टर-एक, तीन, 11 सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। न्यू आलमबाग उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगा। इससे सेक्टर-बी, एलडीए कानपुर रोड, बरिगवां, प्रताप प्लाजा सहित कई इलाके में सप्लाई बंद रहेगी।

जानकीपुरम सेक्टर-एच, आई, जानकी विहार, सीता विहार, फरहान कॉलोनी के साथ जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-2, 5, 9 मे भी आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अहिबरनपुर उपकेंद्र के बागशाह फीडर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा।

पुरनिया उपकेंद्र के अंतर्गत सेक्टर-के, क्यू, पी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। वृंदावन सेक्टर-तीन, रतनखंड, रजनीखंड, मानसरोवर उपकेंद्र सुबह 10 बजे से 5 पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे संस्कृति इन्क्लेव, एल्डिको उद्यान-2, लखनऊ न्यू एल्डिको, अपार्टमेंट, हाईवे प्लाजा सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। बंगला बाजार उपकेंद्र के खजाना मार्केट में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा। साथ ही इंद्रलोक उपकेंद्र और शक्ति चौराहा उपकेंद्र भी बंद रहेगा। रेजीडेंसी उपकेंद्र के जगत नारायण रोड, बुलंदबाग, माथुर कंपाउंड, गौसगंज, वजीरगंज, लक्ष्मण प्रसाद पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। अम्बेडकर विश्वविद्यालय उपकेंद्र के आवास विकास फीडर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा। इसके साथ ही उतरेठिया ओल्ड उपकेंद्र के तेलीबाग में सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

**मुख्य अभियंता ने ट्रांसगोमती के कई उपकेंद्रों का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता आशीष अस्थाना ने रविवार को चिनहट, गोमतीनगर सहित कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आरडीएसएस योजना के मेंटीनेंस कार्यों की प्रगति जानी और राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को उपकेंद्र पर रहने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# गुमटी पर चढ़ी बेकाबू कार, बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गंभीर रूप से घायल माता और पिता ट्रामा सेंटर में भर्ती
- कार चालक भी चोटिल, पुलिस ने हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** सैरपुर में आईआईएम रोड पर एक अस्पताल के पास स्थित गुमटी पर रविवार देर रात बेकाबू कार चढ़ गई। हादसे में गुमटी में बैठे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और उसके मां-बाप गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। उनकी स्थिति गंभीर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। सीतापुर के महमूदाबाद निवासी दिनेश कुमार आईआईएम रोड पर जैकब हॉस्पिटल के पास रहते हैं। परिवार में पत्नी रमा देवी के अलावा 11 वर्ष का बेटा विकास (11) था। दिनेश गुमठी में पान मसाला बेचते हैं। रविवार रात करीब 10:30 बजे दिनेश पत्नी और बेटे के साथ गुमटी के पास खड़ा था। इस बीच घैला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गुमटी पर चढ़ गई।

हादसे में विकास की मौके पर ही मौत हो गई और दिनेश व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसका चालक चालक धीरेंद्र निवासी मड़ियांव एल्डिको ग्रीन मामूली रूप से चोटिल हो गया।

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** शाहमाऊ गांव के सत्यप्रकाश की पत्नी श्यामा (55) रविवार शाम बाग से लकड़ी बीनकर घर लौट रही थी। सुरतीखेड़ा की तरफ से आई तेज रफ्तार डिजायर कार ने श्यामा को पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में श्यामा गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजन ने ग्रामीणों की मदद से उसे स्थानीय सीएचसी पहुचाया। सिर व शरीर में गहरी चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के बेटे अनिल की तहरीर पर अज्ञात डिजायर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# शहर हो या गांव सजने लगा मिलावटी सामान का बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुकानदारों ने किया स्टॉक, देख परखकर खरीदें गुझिया, खोवा, दूध या फिर रंग-बिरंगे चिप्स-पापड़
- नुकसानदायक रंग किडनी व लिवर खराब करने के साथ बना सकते कैंसर रोगी

**अमृत विचार :** त्योहार नजदीक आते ही शहर व ग्रामीण इलाकों में मिलावटी खाद्य पदार्थों का बाजार सजने लगा है। खासकर होली में बिकने वाली गुझिया, खोवा व दूध या फिर इससे बनी मिठाई परख कर खरीदना ही सेहत के लिए लाभदायक होगा। नहीं तो मिलावटी खाद्य पदार्थ त्योहार में बीमार बना सकते हैं। क्योंकि दूध में सिंथेटिक का इस्तेमाल ज्यादातर होता है तो कोई डिटर्जेंट पाउडर मिलाता है। इसी तरह खोवा में कम लागत पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए आलू का इस्तेमाल करते हैं। खाद्य पदार्थों की मिलावटी खेप कानपुर, हरदोई, सीतापुर व आसपास जिलों से खोया मंडियों में पहुंचने लगी है।

वहीं, सड़क व दुकानों पर रंग-बिरंगे पापड़, चिप्स व कचली दूर से आकर्षित करते हैं लेकिन, इनमें चमक बढ़ाने के लिए नुकसानदायक रंग मिलाते हैं। जो पेट में जाने से किडनी व लिवर खराब करने के साथ कैंसर रोगी बनाते हैं। सबसे ज्यादा खतरनाक मिठाई व अन्य चीजों पर चांदी की जगह एल्यूमीनियम वर्क है। इसी तरह मिलावटी तेल व रिफाइंड का भी दुकानदारों ने स्टॉक कर लिया है।

> सोमवार को होली को देखते हुए अभियान तेज होगा। छापेमारी कर सैंपल लिए जाएंगे। लोगों को जागरूक भी करेंगे। कहीं मिलावटी स्टॉक मिला या फिर सैंपल फेल होने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> – अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (पूर्वी)

> लोग त्योहार पर ज्यादा चमक या रंग वाली चीजें न खरीदें। खुला सामान लेने की बजाय पैक व ब्रांडेड खरीदे या फिर परखकर कर खरीदें। इनमें केमिकल या फिर नुकसानदायक रंगों का इस्तेमाल करते हैं। इनके खिलाफ आज से अभियान चलेगा।
>
> – जेपी सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन

**आज से चलेगा अभियान, सैंपल भरेगी टीम :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सोमवार से जिले में अभियान चलाएगा। रविवार को तहसीलवार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में नगर व ग्रामीण इलाकों में टीमें गठित कर छापेमारी की तैयारी की गई। दूध व खोया मंडी, बाजार, बड़े-छोटे प्रतिष्ठानों की सूची दी गई। जहां, टीम छापेमारी कर सैंपल लेगी। मौके पर मोबाइल वैन से भी परीक्षण करेगी। सड़क पर सामान बेचने वाले दुकानदार भी रडार पर होंगे।

**ऐसे करें खाद्य पदार्थों का परीक्षण**

- दूध : ग्लास में 5 से 10 मिली दूध और उसी समान मात्रा में पानी मिलाकर हिलाएं। दूध में डिटर्जेंट होगा तो झाग उठेगा।
- खोवा, छेना व पनीर : इनके 2 से 3 मिली सैंपल 5 मिली पानी में मिलाकर ठंडा करें। इसमें टिंक्चर अश्चफ आयोडीन की 2 से 3 बूंद मिलाएं। मिलावट पर रंग नीला हो जाएगा।
- तेल : किसी चीज में 2 मिली तेल लेकर उसे ठोस मक्खन में मिलाएं। यदि सैंपल तुरंत लाल रंग का हो जाए तो तेल में ट्राय-आर्थो-क्रेसाइड-फास्टफेट की मिलावट है।
- चांदी वर्क : इसके कुछ वर्क अंगुलियों से मसलें। शुद्ध चांदी का वर्क होने पर आसानी से चूरा या पाउडर बन जाएगा। जबकि एल्यूमीनियम होने पर टुकड़ों में टूट जाएगा।
- चीनी : कांच के पारदर्शी गिलास में 10 ग्राम चीनी डालें। यदि चीनी में पिट्ठी, गुड़ या चॉक होगी तो नीचे बैठ जाएगी।

# गुझिया से करना है मेहमानों का स्वागत तो खोवा, दूध महंगा ही लेना होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होली पर्व पर कीमतों में बढ़ोत्तरी से मंडियों में खौलने लगा दूध दामों में आया उछाल

**अमृत विचार :** होलिकोत्सव पर्व जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, दूध की खपत तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके चलते मंडियों में दूध की कीमतों में तेज उछाल है। खपत अधिक, आपूर्ति कम होने से दुग्ध उत्पादों और दूध की कीमतों में तेजी है। मंडियों में करीब 50 से 55 रुपये लीटर बिकने वाला दूध 70 रुपये प्रति लीटर तक बिक रहा है। यही हाल खोआ का है। करीब 30 रुपये प्रति किलो की तेजी आई।

कारोबारी मानते हैं कि होली पर्व नजदीक आते-आते खोआ का भाव 350 प्रति किलो का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगा। यही हाल पनीर का है। मौजूदा रेट 280 से 300 रुपये किलो है। पहले यह 250 रुपये किलो में पनीर बिक रहा था। दुग्ध कारोबारी कहते हैं कि त्योहारी सीजन के चलते फिलहाल यह कृत्रिम तेजी है।

**गाय का खोआ पसंद तो पैसा ज्यादा देना होगा :** होली पर्व पर मेहमानों का स्वागत स्वादिष्ट गुझियों और मिष्ठान के साथ किए जाने की परंपरा है। घरों में गुझिया और मिष्ठान बनाए जाने का चलन है। ऐसे में खोआ की खपत बढ़ना लाजिमी है। रसगुल्ला हो या फिर बर्फी, मिष्ठान अथवा गुझिया। सभी में खोआ की जरूरत होती है। ऐसे में कुछ लोग गाय का खोआ पसंद करते हैं तो कई भैंस के दूध से तैयार किए गए खोआ को तरजीह देते हैं। कम फैट होने के कारण गाय का खोया महंगा होता है, वहीं अधिक फैट वाले खोआ की कीमत थोड़ी कम होती है। दोनों में करीब 30 रुपये किलो का अंतर होता है।



नाका स्थित खोआ मंडी में होली के पर्व को लेकर खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

**खोआ-पहले-अब रुपये (प्रति किलो)**

| | |
|---|---|
| गाय | 250 – 280 |
| भैंस | 230 – 260 |

**मंडी में 70 रुपये प्रति लीटर पहुंचा दूध, कैन 1,450 रुपये की :** इसी तरह दूध के दामों में भी निरंतर तेजी दर्ज की जा रही है। करीब 10 दिन पहले 50 से 55 रुपये लीटर बिकने वाला दूध अब 70 रुपये लीटर का भाव पार कर रहा है। 20 रुपये लीटर दूध के कैन की कीमत जहां पहले 1,100 रुपये थी अब उसकी कीमत 1350 से 1450 रुपये है।

> त्योहार की वजह से ये उछाल है। इनके दाम अभी और बढ़ेंगे। फिलहाल यह त्योहारी कृत्रिम तेजी है। होली तक दाम बढ़े रहते हैं। रंगोत्सव के दिन खोआ के खरीदार बहुत कम यानी उंगली पर गिने जा सकते हैं। इस दिन दाम में यकायक कमी आती है। इसका बहुत ज्यादा दिनों तक असर नहीं रहता है।
>
> -अंकित संचालक, दूध डेयरी रानीगंज

> पहले कोयला 12 रुपये किलो था। अब इसके दाम 20 रुपये किलो हो गए हैं। एक किलो खोया तैयार करने में करीब इतना ही कोयला इंधन के रूप में प्रयोग हो जाता है। गैस सिलेंडर भी महंगा है। एक वजह यह है दूसरा कारण दूध की खपत बढ़ने से उत्पाद पर इसका असर आना स्वाभाविक है।
>
> -सुरेन्द्र, नाका राजा खोया मंडी

# मुस्लिम कवियों ने भजन लिखा तो नौहे मोहर्रम की जान रहे छन्नूलाल

## लखनऊ विश्वविद्यालय साहित्योत्सव 2024 : गंगा-जमुनी तहजीब का शानदार उदाहरण रहा है नफासत का शहर लखनऊ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नदी के किनारे बसा नफासत का शहर लखनऊ हकीकत में गंगा-जमुनी तहजीब का शानदार उदाहरण है। शायरी की ही करामत रही कि पं. दयाशंकर को नसीम, आनंद नारायण को मुल्ला, पं. ब्रजनारायण को चकबस्त के रूप में प्रसिद्धि दी। इस शहर में हिंदू महारानियों ने मस्जिद तो मुस्लिम बेगमों ने मंदिर का निर्माण कराया। मुस्लिम लेखक और कवियों ने भजन लिखे और गाए। वहीं छन्नूलाल दलगीर के नौहे मोहर्रम की जान रहे। ये जानकारी लविवि के उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष और शायर प्रो. अब्बास रजा नैयर ने रविवार को परिसर में चल रहे साहित्योत्सव में विद्यार्थियों को दी।

विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय साहित्योत्सव का दूसरा दिन कविता, कहानी, नाटक और खानपान की शानदार प्रस्तुतियों के नाम रहा। म्युजिंग इन वर्स नाम के सत्र में लखनऊ की शायरी के साथ ही व्यंग्य, कविता और पद्य की विभिन्न विधाओं पर चर्चा हुई। प्रो. नैयर ने बताया कि लखनऊ ही विश्व का एकमात्र शहर है जहां शायरी में अखबार निकलता रहा।

द्वारिका प्रसाद ने खुद रिपोर्टिंग करते थे तथा खबर को शायरी के रूप में पेश करते थे। एक-दो महीने नहीं बल्कि 11 साल तक यह सिलसिला चलता रहा। इसके बाद विश्वेश्वर प्रसाद मुनव्वर ने यह परंपरा आगे बढ़ाई। इस सत्र का मॉडरेशन प्रो. रानू उनियाल ने किया। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से किया गया। प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शिनी, प्रो. निशि पांडेय और डॉ. विनीत एम डेविड ने इसके आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।



लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित लिटरेचर फेस्टिवल में ऑथर स्पीक पर चर्चा में बोलतीं पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, साथ में पंकज प्रसून, रेनू उनियाल। अमृत विचार



लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अमृत विचार

### श्रोता ही लेखक व कवि की असली पहचान

पंकज प्रसून ने कहा कि उनको बहुत सारे पुरस्कार मिले है। पर हकीकत यह है कि किसी भी लेखक और कवि के लिए सिर्फ परिचय बताने के लिए होते हैं। उसका असली परिचय जब उसकी दो लाइन पाठक और श्रोताओं के बीच रह जाती हैं, तभी होता है। पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि बचपन में अंत्याक्षरी खेलते थे। जिस शब्द से कविता नहीं आती थी, तो अपने आप बनाकर कह देते थे। खेल के हिसाब से यह बेईमानी थी, पर इससे कविता लिखने की प्रेरणा मिली। एपी पांडेय ने कहा कि कविता की कोई सीमा नहीं होती है। इसीलिए उन्होंने अंग्रेजी भाषा में गजल लिखी हैं। इस सत्र में कविता, शायरी, व्यंग्य ने मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

### व्यंग्य विधा से युवाओं के अलगाव पर हुई चर्चा

साहित्योत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रो. अल्का पांडेय और समकालीन लेखक अलंकार रस्तोगी की बातचीत के साथ हुआ। इसमें व्यंग्य विधा के लेखन के साथ ही युवा पीढ़ी का व्यंग्य विधा से बढ़ रहे अलगाव के कारणों पर चर्चा की गई। इसी तरह प्रोफेसर फातिमा रिजवी ने लेखिका सत्या सरन के साथ बातचीत की। सत्या सरन ले महिलाओं का समाज में उत्कर्ष और खुद एक महिला के तौर पर महिलाओं के जीवन में आने वाली चुनौतियों का अवलोकन कर खुद को सशक्त करने का संदेश भी दिया। समापन के बाद लुबना सलीम और सलीम अरिफ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## रसोई में मसाला नहीं पकाने में उसूल का महत्व

**लखनऊ :** मुमताज कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. नूर खान ने कहा कि लखनऊ सिर्फ नॉनवेज खाने की वजह से प्रसिद्ध नहीं है। यहां की रसोई में शाकाहारी जायके भी एक से बढ़कर एक हैं। बाकी शहरों की जायके ने खूब जगह बनाई, लेकिन उनके मुकाबले यहां मसालों के बजाय पकाने के उसूलों पर को महत्व दिया जाता है। मसाला कितना डाला जाएगा और कब डाला जाएगा। लखनऊ की रसोई में इसका पालन भी बखूबी किया जाता है। साहित्योत्सव में जायका-ए-लखनऊ के सत्र में खानपान पर बातचीत हुई। प्रो. राकेश चंद्रा ने इस सत्र में मॉडरेटर की भूमिका में रहे। सत्र में रश्मि वैद, डॉ. राजकुमार सक्सेना ने भी लखनऊ के खानपान को लेकर चर्चा की।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

### एक नजर

#### विद्यार्थियों ने माहौल को किया होलीमय

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामलीला समिति महानगर ने रविवार को पर्वतीय होली बैठक का आयोजन किया। सृजन फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने दिनेश पांडेय के निर्देशन में उत्कृष्ट होली गायन से लोगों को भावविभोर कर दिया। गायन में आंशिका, देवांश, कृतिका, कर्णिका, रीतिका और आद्या ने राग काफी आधारित होली गायकी की आकर्षक प्रस्तुति देते हुए माहौल को होलीमय कर दिया।

#### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ शोध परियोजना के निष्कर्ष पर वर्कशॉप का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (केकेवी) में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग में संचालित परियोजना के पूर्ण होने पर उनके परिणामों को प्रदर्शित करने हेतु वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञों ने सम्मिलित होकर अपना ज्ञान एवं अनुभव साझा किया। इस कार्यशाला में अतिथियों के रूप में टीएन मिश्रा अध्यक्ष प्रबंध समिति, प्रो. संजय मिश्रा, प्राचार्य प्रो संजय सिंह कुलपति डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, प्रो. रजनी रंजन सिंह प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो डीआर साहू विभाग अध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो गुंजन पांडेय प्रोफेसर, प्रो. मनीष कुमार वर्मा, प्रो. जय शंकर प्रसाद पांडेय, विभागाध्यक्षसहित विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सम्मिलित हुए।

# 40 सरकारी स्कूलों में शुरू होगी स्मार्ट क्लास

## प्रत्येक स्कूल में लगाए जाएंगे दो-दो स्मार्ट टीवी

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित 40 प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की पहल पर स्मार्ट क्लास शुरू होगी। बच्चे जब शैक्षिक सत्र 2024-25 में पढ़ने के लिए पहुंचेंगे तो उनको अपने विद्यालय की क्लास स्मार्ट नजर आयेगी।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ऑनलाइन क्लास से बच्चों को जोड़ने के उद्देश्य से स्कूलों में दो-दो स्मार्ट टीवी लगाये जायेंगे। इसके लिए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अपने क्रिटकल गैप से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बने 40 सरकारी विद्यालयों को 1.25 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

**इन विद्यालयों में हुई स्मार्ट क्लास की पहल :** चिनहट ब्लाक के गनेशपुर प्राथमिक व जूनियर विद्यालय, जूनियर विद्यालय रैथा, प्राथमिक विद्यालय रोशनाबाद व जैपालखेड़ा, मोहनलालगंज के प्राथमिक विद्यालय खुजेहटा, प्राथमिक विद्यालय मानखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय गौरा-टू, प्राथमिक विद्यालय बदलेखेड़ा, माल ब्लाक के बेसिक शिक्षक रामनगर ढकवा, गोसाईगंज के जूनियर विद्यालय मुवज्जम नगर, प्राथमिक विद्यालय कबीरपुर, वहीं मलिहाबाद के प्राथमिक विद्यालय ढेरमऊ, माधवपुर, एनआर नगर, नवीनगर, पुरवा प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट टीवी लगाये जायेंगे। इसी तरह से सरोजनी नगर के भात गांव, शहीन का पुरवा, प्राथमिक स्कूल माती, रामचौरा, टिकरा, प्राथमिक स्कूल में स्मार्ट टीवी लगाये जायेंगे। बीकेटी के बेसिक स्कूल महिंगवा, तरहईया में टीवी लगेंगे।, काकोरी ब्लाक के सरोसा, गोसाईगंज प्राथमिक स्कूल, सरोजनी नगर के पीएस बगिया मऊ, पीएस गोसईगंज-टू, बीकेटी के शिवपपुरी, माल ब्लाक के पीएस माल टू, बीकेटी के कोटवा, मानपुर लाला, मोहनलालगंज के गढ़ी कनकहा, बीकेटी के मुस्लिम नगर, नगर जोन तीन जियामऊ, काकोरी भटखेरवा, गोपरामऊ में स्मार्ट टीवी लगाये जायेंगे।



जिलाधिकारी की पहल पर 40 स्कूलों में कुछ इस तरह शुरू होगी स्मार्ट क्लास।

▸▸ जिलाधिकारी ने अपने क्रिटिकल गैप बजट से जारी किए सवा करोड़ रुपये



निपुण भारत मिशन के क्रम में सभी सरकारी स्कूलों में डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देने का लक्ष्य है। जिलाधिकारी की ओर से 1.25 करोड़ का बजट 40 सरकारी विद्यालयों को दिया गया है। अब हमारे एक साथ इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित हो सकेगी।
–राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

# गेट 2024 में चमके लविवि के 49 छात्र

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट 2024) के परिणाम में लखनऊ विश्वविद्यालय के 44 छात्रों ने सफलता हासिल की है। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु की ओर से जारी हुए परिणाम का पूरा विवरण आधिकारिक वेबसाइट गेट2024.iisc.acपर अपलोड किया गया है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय में जो छात्र सफल हुए हैं उनके बारे में विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 49 छात्रों में 32 इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग, 6 जूलॉजी, 3 वनस्पति विज्ञान, 2 मनोविज्ञान और एक सांख्यिकी विभाग का छात्र है। उन्होंने बताया कि छात्रों का यह प्रदर्शन, विश्वविद्यालय के अनुकूल शिक्षा वातावरण को प्रदर्शित करता है।

गेट की परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में कंप्यूटर कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के छात्र दिवांशु शाक्य, कंप्यूटर साइंस के छात्र (अक्षिता सिंह, सौरव पांडे, अरविंद श्रीवास्तव, शिवम पटेल, श्रुति यादव, आयुष विश्वकर्मा, विकास कश्यप, हर्षित कटियार, अंजली सिंह, प्रखंड पटेल, अनन्या वर्मा, विजया अग्रवाल, असर आजम, उज्जवल उपाध्याय, पूजा रंजन) इलेक्ट्रॉनिक विभाग के छात्र (आदित्य त्रिपाठी, चिराग पुरवार, अभिषेक यादव, विनायक पांडे, विवेक कुमार पटेल, प्रज्ञा प्रकाश), इलेक्ट्रिकल विभाग के (गुलशन सिंह, महाबली मौर्य, विनय वर्मा) एवं मैकेनिकल विभाग के छात्र कुशाग्र वर्धन एवं सिविल विभाग के छात्र (हिमांशु तिवारी, पंकज यादव, अतुल यादव, पीयूष कुमार, मृत्युंजय पांडे, शिवांगी गंगवार) का नाम शामिल है। साथ ही साइकोलॉजी की दो छात्राओं भावना गुप्ता एवं अर्चना यादव, स्टेटसटिक्स से एक छात्र संपूर्णानंद गुप्ता व अन्य छात्रों ने भी सफलता हासिल की है। वहीं पांच भौतिकी विज्ञान से भी सफल हुए हैं।

### भाषा विश्वविद्यालय के तीन छात्र हुए पास

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से तीन छात्रों द्वारा गेट 2024 परीक्षा को उत्तीर्ण की गई है, विभाग के विषय प्रभारी इंजीनियर कौशलेश शाह ने बताया कि तीनों अंतिम वर्ष के छात्र अतुल यादव, शिव कुमार चौधरी, मिंटू सिंह ने गेट 2024 परीक्षा पास किया है। अतुल यादव ने आल इंडिया रैंक 1332 प्राप्त किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं प्रवीण कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमा शंकर मिश्रा, निवासी– डी 832 ओमेक्स सिटी लखनऊ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 07/10/2013 का अंतिम पृष्ठ अर्थात दफा 60। प्रवीण मिश्रा के नाम से क्रमांक 18710 और आवंटन पत्र खो गया है। संपत्ति का पता डी 734 ओमेक्स सिटी लखनऊ है। मैं आगे बताता हूं कि मैं एसबीआई बेहटा शाखा कोड 014895 से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर समतामूलक बंधक बनाना चाहता हूं। मूल विक्रय विलेख के अंतिम पृष्ठ के खो जाने के संबंध में एफआईआर संख्या–20240000208992 दिनांक 17/03/2024 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यदि किसी पक्ष का उक्त प्रासंगिक संपत्ति पर कोई दावा है तो उसे इच्छुक पक्ष के साथ–साथ इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की उपर्युक्त शाखा में भी दर्ज कराया जाना चाहिए।

सूचना
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1731046 इण्टरमीडिएड अंकपत्र सह प्रमाण पत्र 2012 वर्ष अनुक्रमांक 1257585 स्नातक के अंक पत्र 2016 वर्ष अनुक्रमांक 1220181149, बी.टी.सी अंकपत्र 2021 वर्ष अनुक्रमांक 19414900363 जो कि वास्तव में खो गये है। राकेश कुमार पुत्र देशराज नि0 पंचमपुर नरैनी बॉदा

सूचना
अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु
थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/22 धारा 5/27/30 आयुध अधि0 से सम्बधित अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी कुण्डौरा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निरन्तर फरार चल रहा है। अभि0 के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 द0प्र0क्षे0 के अन्तर्गत हाजिर होने की उद्घोषणा दिनांक 9–2–24 को जारी की जा चुकी है। अभि0 मनीष सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह के हाजिर न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।
उप निरीक्षक विजय बहादुर
थाना सुमेरपुर, हमीरपुर

सूचना
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड सं0–933167 281627 मैं त्रुटिवस मेरा नाम मधु दीक्षित एवं मेरे पिता का नाम मधु दीक्षित अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम केशव राज दीक्षित वह मेरे पिता का नाम आशीष कुमार दीक्षित है मेरी सही जन्मतिथि 24/09/2005 है। केशव राज दीक्षित पुत्र आशीष कुमार दीक्षित पता – 293 / 411 पुराना हैदरगंज चौक लखनऊ।

सूचना
सूचित हो कि मैने अपना नाम सन्जू से बदलकर संजय कुमार पुत्र रघुनाथ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी– ग्राम व पोस्ट–बभना, थाना– सफीपुर, उन्नाव

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय
त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–9793367812

दिव्य कृपाल महाविद्यालय
गोसवां मल्लावाँ हरदोई
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन –
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

### सार-संक्षेप

#### शो सतरंगी में बच्चों और युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेपीएस स्टार 11 ने इम्पल्स सिने इंटरटेनमेंट के सहयोग से बच्चों एवं युवाओं में छिपी प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान के उद्देश्य से शो सतरंगी कार्यक्रम का आयोजन किया. वृंदावन योजना रायबरेली रोड स्थित प्रेम रस रेस्तरां में रविवार को हुए कार्यक्रम में बाल एवं युवा प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। शो सतरंगी के निर्माता अरविन्द सक्सेना ने बताया कि इस शो का निर्माण उन बच्चों और युवाओं के लिए किया गया है, जो प्रतिभा होने के बावजूद किसी भी प्रतिष्ठित मंच पर अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाए। उन्होंने बताया कि शो सतरंगी को ट्विनस सिस्टर अन्नू और मन्नू के अलावा बेबी साक्षी व पूर्वी प्रसारित कर रहीं हैं। शो सतरंगी को भारत के विभिन्न राज्यों व उनकी राजधानियों के साथ प्रमुख शहरों में स्ट्रीट शो, स्टेज शो और डिजिटल प्लेटफार्मों के जरिये प्रस्तुत किया जाएगा। शो सतरंगी कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि इम्पल्स के प्रबंध निदेशक प्रदीप श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि श्वेता श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, अंकित बाजपेयी, सीमा विरमानी और अरविन्द सक्सेना ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस अवसर पर दिव्य आशीष योग संस्थान, नृत्य मंथन स्कूल ऑफ डांस और बूम प्रोडक्शन के कलाकारों ने अपने नृत्य, गायन, अभिनय और कॉमेडी से लोगों को अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया।

#### घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और रेडियफ्यूजन के सहयोग से भारत लैब ने घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2022-23 से प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों को जारी करने की घोषणा की है। यह प्रयास भारत भर में उपभोग पैटर्न और व्यय आदतों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है, जो उद्योगों, विपणक और उत्पाद नवप्रवर्तकों के लिए अमूल्य जानकारी प्रदान करता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित भारत के भीतर विकसित हो रहे उपभोग रुझानों पर प्रकाश डालता है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीइएस) 2022-23 ग्रामीण और शहरी भारत में उपभोग की आदतों में महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाता है, जो ग्रामीण भारत में अनाज की खपत में 78 प्रतिशत की महत्वपूर्ण गिरावट के साथ-साथ फलों और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों पर खर्च में वृद्धि के रूप में चिह्नित है। उल्लेखनीय रूप से 1999-2000 में भारत के मासिक खाद्य व्यय में ताजे फलों का हिस्सा मात्र 1.42 प्रतिशत था जो 2022-23 में बढ़कर 2.54 प्रतिशत हो गया जो 78 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद 1999-2000 और 2022-23 के बीच ईंधन और बिजली पर मासिक खर्च 7.52 प्रतिशत से घटकर 6.66 प्रतिशत हो गया है। इसके विपरीत इसी अवधि के दौरान उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं पर खर्च 170 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है जो मासिक व्यय का 2.62 प्रतिशत से 6.89 प्रतिशत हो गया है। शिक्षा में व्यय में वृद्धि भारत के विकसित भारत की ओर बढ़ने का एक मजबूत संकेत है।

#### मानवशास्त्र शिक्षा ही नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के एनथ्रोपोलोजी विभाग में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद की ओर से प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय कनेक्टिविटी के माध्यम से सशक्तीकरण पीएम गतिशक्ति योजना के शोध पर आधारित था। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. नदीम हुसैन ने बताया कि मानवशास्त्र कैसे विकास नीति और प्रयोग के चिंतन से संदर्भीय सामाजिक सिद्धांतों को जोड़कर विकास प्योजनाओं में महत्वपूर्ण दृष्टि प्रदान कर सकता है। उन्होंने चेंचू जनजाति और बिरजिया जनजाति से उदाहरण देकर दिखाया कि उनके सांस्कृतिक धारणाओं और प्रथाओं के प्रति उदासीन दृष्टिकोण कैसे उनके बीच नीतियों के सफल कार्यान्वयन को बाधित करता है। उन्होंने कहा कि मानवशास्त्र एक शिक्षा नहीं है बल्कि एक दृष्टिकोण है, और विकास में मानवशास्त्री की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

# चयनित बाल वैज्ञानिकों के खाते में पहुंची सहायता राशि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बच्चों में वैज्ञानिक सोच के बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना 2023-24 की जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित बाल वैज्ञानिकों के बैंक खातों में केन्द्र सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि भेज दी गयी है।

इसके लिए पूरे प्रदेश में कुल 1940 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ, जिसमें लखनऊ मंडल के 6 जनपदों से सर्वाधिक 350 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है इसमें लखनऊ में सबसे अधिक 141, हरदोई में 61, लखीमपुर खीरी से 54, सीतापुर से 40, उन्नाव से 32, रायबरेली से 22 का चयन हुआ था। वहीं जिन बच्चों को ये राशि नहीं मिली है उन सभी स्कूलों के प्रिन्सिपल इंस्पायर अवार्ड मॉनक पोर्टल पर बनी अपनी स्कूल आई डी को लॉगिन कर ये देख लें बैंक खाते में कोई दिक्कत तो नहीं है। यदि है तो उसको सुधार करें।

### दिक्कत होने पर करें डीआईओएस से संपर्क

इंस्पायर योजना में चयनित छात्र छात्रा का सारा ब्योरा सही होने के बाद भी राशि नही मिली है तो विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य अपने जिले के डीआईओएस कार्यलय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से चयनित छात्र छात्रा का इंस्पायर अवार्ड मॉनक योजना द्वारा आवंटित उनके रेफरेंस नम्बर सहित सूचित कर सकते हैं। जिससे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा समय से उनके प्रोत्साहन राशि के किये लिए आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

▸▸ योजना के तहत प्रदेश में कुल 1940 बच्चों का हुआ चयन मंडल में लखनऊ सबसे आगे



चयनित छात्र छात्रा प्राप्त हुई प्रोत्साहन राशि से अपने मार्गदर्शक शिक्षक की सहायता से अपने अपने मॉडल बनाना शुरू करें, केन्द्र सरकार की ओर से जनपद स्तरीय प्रदर्शनी 2023-24 का शेड्यूल जारी होने पर सम्बन्धित डीआईओएस कार्यलय द्वारा घोषित किया जायेगा।
–डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

## लखनऊ बैंकर्स क्लब ने बैडमिंटन टूर्नामेंट किया आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ बैंकर्स क्लब के द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया जिसका उद्घाटन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा के द्वारा किया गया।

इस टूर्नामेंट में विभिन्न सदस्य बैंकों ने सहभागिता की एवं कांटे की टक्कर में सिंगल्स का खिताब पीएनबी बैंक एवं डबल्स का खिताब बर्ड इंस्टीट्यूट लखनऊ ने जीता। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शरद स.चांडक, केनरा बैंक के महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, पीएनबी के जोनल मैनेजर मृत्युंजय के अतिरिक्त अन्य बैंकों के जोनल हेड्स, महा प्रबंधक गण एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।



शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

## 61 सदस्यीय उप्र. क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति की बैठक में आज नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। यह कार्यकारिणी 2026 तक कार्यरत रहेगी। 61 सदस्यीय इस कार्यकारिणी में प्रोफेसर एसकेडी सिंह, संरक्षक और बाबा हरदेव सिंह अध्यक्ष बनाए गए हैं। महासमिति में सेवानिवृत आईएएस श्री प्रकाश सिंह सहित चार वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पांच उपाध्यक्ष, नौ सचिव संगठन, पांच सचिव, पांच संयुक्त सचिव एक महासचिव एवं संयोजक सह कार्यालय सचिव, एक सहायक कोषाध्यक्ष, तथा एक मीडिया प्रभारी एवं एक सहमीडिया प्रभारी बनाए गए हैं महासमिति में एक मार्गदर्शक मंडल का भी गठन किया गया है। जिसमें डॉक्टर बी एन सिंह प्रमुख संयोजक एवं डॉ भरत राज सिंह सहसंयोजक सहित कुल 22 सदस्य बनाए गए हैं। इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष डॉक्टर बाबा हरदेव सिंह ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। प्रत्येक वर्ष की भांति महासमिति ने इस वर्ष भी सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरकारों में अपना बेहतर योगदान देने वाले और अपने-अपने क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाले महानुभावों को हल्दीघाटी विजयोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस वर्ष हल्दीघाटी विजय उत्सव कार्यक्रम 17 – 18 मई की जगह 23 जून को मनाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### अपहरण कर छात्र को तमंचे की बट से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत निजी कॉलेज के छात्र को कुछ लोगों ने कार में जबरन बैठा लिया। चलती कार में तमंचे के बट से पीटा और सुनसान जगह फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि रायबरेली जनपद निवासी छात्र पुष्पेंद्र सिंह विभवखंड में किराए पर रहता है। शुक्रवार शाम वह कॉलेज से कमरे की तरफ जा रहा था। आरोप है कि किसान पथ आनन्दी वॉटर पार्क के पास विपुल कुमार, साथी वैभव, विशाल, सूरज, आदर्श, निखिल और ओमकार ने जबरन कार में बैठा लिया। चलती कार में में तमंचे की बट से पीटा राहगीरों ने उसे लोहिया अस्पताल में पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दे गई। छात्र का कहना है कि विपुल को कॉलेज से निष्कासित किया जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्रों के बीच काफी वक्त से झगड़ा चल रहा है।

### राजकुमार इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव मना

अमृत विचार, राजाजीपुरम : आलमनगर ओवरब्रिज के पास राजकुमार इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गणेश वंदना लघु नाटक बरसाना होली कार्यक्रम ने मन मोहा। प्रबंधक राजीव बक्शी राजकुमार, अकादमी की प्रधानाचार्य अनूप राज, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव बॉस मौजूद रहे।

### छात्रों ने बिखेरा सर्वधर्म सम्भाव का आलोक

अमृत विचार,लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर, आरडीएसओ .एवं इन्दिरा नगर कैम्पसों द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक की अनूठी छटा बिखेरकर सर्वधर्म समभाव का ऐसा आलोक बिखेरा कि दर्शक अभिभूत हो गये। छात्रों ने अपनी ओजस्वी वाणी से विश्व एकता एवं विश्व शान्ति जोरदार उद्घोष किया।

# त्योहार आते ही होली विशेष ट्रेनों में बुकिंग तेज

## गोरखपुर एक्सप्रेस में वेटिंग, गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस में सीटें हैं खाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली के करीब आते ही होली विशेष ट्रेनों में बुकिंग तेजी से हो रही है। एलटीटी से लखनऊ आने वाली ट्रेन नंबर 01123 गोरखपुर एक्सप्रेस में फुल हो चुकी है। इस ट्रेन में एक भी सीट नहीं है, वेटिंग बढ़ती जा रही है। 22 मार्च को फर्स्ट क्लास में 36, थर्ड एसी में 15 और सेकेंड एसी में 5 वेटिंग चल रही है। होली के बाद भी इस ट्रेन में जगह नहीं है। जिन यात्रियों ने अब तक सीट बुक नहीं कराई है, उनके पास अभी कई ट्रेनों में सीटें बुक कराने का मौका है।

ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस होली स्पेशल में 22 मार्च को जनरल क्लास की 1451 सीटें खाली

**▸▸ कई अन्य ट्रेनों में भी खाली हैं सीटें**

हैं। इसका किराया 470 रुपये है। इस ट्रेन में 29 मार्च को भी 1400 सीटें खाली हैं। इस ट्रेन में जनरल क्लास की ही बोगियां हैं। ट्रेन नंबर 01431 पुणे गोरखपुर होली विशेष ट्रेन में 22 को स्लीपर श्रेणी में 160, थर्ड एसी में 19 वेटिंग है। इन श्रेणियों का किराया 900 व 2260 रुपये है। ऐसे ही ट्रेन नंबर 01083 मुंबई गोरखपुर होली विशेष ट्रेन में 18 मार्च को स्लीपर में 201 खाली हैं। ट्रेन नंबर 07219 सिंकदराबाद गोमती नगर होली स्पेशल में 20 और 24 मार्च को और ट्रेन नंबर 01103 मुंबई-गोरखपुर होली विशेष ट्रेन में 25 सीटें खाली हैं।

### पटना के लिए आज रवाना होगी वंदे भारत

गोमतीनगर से पटना लिए वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार से दौड़ेगी। इस ट्रेन की सभी सीटे फुल हो चुकी है। इस ट्रेन का किराया चेयरकार में 1465 रुपये, एग्जीक्यूटिव क्लास में 27 सौ रुपये है। ये ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। शुक्रवार को इसका संचालन ठप रहेगा। यह ट्रेन नंबर 22346 गोमतीनगर से दोपहर 3 .20 बजे चलकर रात 11 .45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 22345 पटना से वंदे भारत सुबह 6 .05 वजे चलकर दोपहर ढाई बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

### देहरादून जाने वाली वंदे भारत में बुकिंग शुरू

अमृत विचार : लखनऊ से देहरादून जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में बुकिंग खोल दी गई है। 26 मार्च से लखनऊ जंक्शन से वंदे भारत देहरादून के लिए चलेगी। इस ट्रेन का किराया रेलवे बोर्ड ने जारी कर दिया गया है। लखनऊ से देहरादून चेयरकार का किराया प्रति व्यक्ति 1415 रुपये तय किया गया है। इसमें 257 रुपये कैटरिंग चार्ज शामिल है। कैटरिंग चार्ज भी ऐच्छिक है। एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2610 रुपये निर्धारित किया गया है। जिसमें 270 रुपये कैटरिंग चार्ज शामिल है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर इस ट्रेन में सीटों की बुकिंग शुरू हो गई है। इस ट्रेन का संचालन सोमवार को ठप रहेगा। ट्रेन का पहला कामर्शियल रन 26 मार्च को होगा। ट्रेन यहां से लखनऊ जाएंगी और उसी दिन वापसी भी करेगी। ट्रेन नंबर 22545 वंदे भारत एक्सप्रसे लखनऊ जंक्शन से सुबह 5 :13 बजे चलकर दोपहर 1 .35 बजे देहरादून पहुंचेगी। इसमें 26, 27 और 28 मार्च को चेयरकार में 278 , 328, 354 सीटें अभी खाली हैं। एग्जीक्यूटिव क्लास में 26, 27 व 28 मार्च को 28, 30, 19 सीटें खाली है। ट्रेन 8 .20 घंटे में लखनऊ से देहरादून का सफर पूरा करेगी।

**वपसी थोड़ी महंगी :** देहरादून से लखनऊ आने पर कैटरिंग चार्ज के चलते किराया थोड़ा महंगा होगा। ट्रेन नंबर 22546 देहरादून से वंदे भारत दोपहर 2 .25 बजे चलकर रात 10 .40 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचेगी। इसमें 26, 27 28 मार्च को चेयरकार में क्रमश : 306, 298, 355 सीटें खाली हैं, इसका किराया 1480 रुपये है। इसमें कैटरिंग चार्ज 323 रुपये जुड़ा है।

# वातानुकूलित बसों में बुकिंग के लिए 3 ऑनलाइन विकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों में सीट बुक करने के लिए यात्रियों को अब तीन विकल्प मिलेंगे। यात्री रेड बस, पेटीएम और अभी बस की वेबसाइट पर जाकर बसों में सीट बुक कर सकेंगे।

रोडवेज बसों के निजी ऑपरेटरों की लग्जरी बसों में सीट बुक कराने का मौका भी मिलेगा। परिवहन निगम के अधिकारी ने बताया कि रोडवेज बसों के टिकटों की बिक्री अधिक हो, इसके लिए 3 निजी ऑपरेटरों से अनुबंध किया गया है। इनकी वेबसाइट पर जाकर रोडवेज बसों के अलावा निजी ऑपरेटरों की बसों में यात्री सीट बुक करा सकेंगे। निजी ऑपरेटरों की वेबसाइट के जरिए बुक होने वाली बसों के टिकट का पैसा अनुबंध के मुताबिकनिगम के खाते में पहुंच जाएगा। 31 मार्च तक वातानुकूलित बसों में सीट बुकिंग पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

### संडीला और नैमिषारण्य के लिए ई बस सेवा जल्द

अमृत विचार : लखनऊ से संडीला और नैमिषारण्य के इलेक्ट्रिक बस सेवाएं फिर से शुरू की जाएंगी। सिटी बस प्रबंधन नैमिषारण्य में चार्जिंग स्टेशन के लोकार्पण के बाद 2 जोड़ी ई-बस चलाएगा। सिटी बस प्रबंधन के अनुसार इस रूट पर ई बसों का संचालन चार्जिंग स्टेशन के अभाव में बंद करना पड़ा था। अब फिर से इन बसों से यात्रियों का सफर सुहाना होगा। सिटी ट्रांसपोर्ट प्रबंधन के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि सभी इलेक्ट्रिक बसों के रूट, समय सारणी और किराया पूर्व की भांति रहेगा।

# डिब्बा बंद दूध से बच्चों में होती है एलर्जी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यदि किसी नवजात को अचानक उल्टी, दस्त व दस्त के साथ खून आने लगे। तो सावधान हो जाएं। यह दूध की एलर्जी से हो सकता है। पेट के डॉक्टर की सलाह लें। इससे बचाव के लिए नवजात को शुरूआत के छह माह तक सिर्फ मां का ही दूध पिलाएं। डिब्बा बंद दूध से नवजात को एलर्जी हो सकती है।

यह बातें रविवार को पीजीआई के पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस के दूसरे दिन रविवार को विभाग के प्रमुख डॉ. उज्जल पोद्दार ने कहीं। उन्होंने बताया कि एलर्जी से हालत बिगड़ने



**▸▸ पीजीआई के पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी**

पर पीजीआई में हर माह तीन से चार नवजात भर्ती किये जा रहे हैं। बाहर का दूध बंद करने से इन्हें राहत दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि छह माह तक के बच्चों में दूध एलर्जी होने का खतरा ज्यादा रहता है। समय पर उपचार देकर तीन साल के भीतर ठीक किया जा सकता है।

### बच्चों को स्क्रीन की लत से बाहर निकालें

डॉ . अर्घ्य सामंत ने बताया कि बच्चे खेलकूद में प्रतिभाग करने के बजाय मोबाइल और टीवी स्क्रीन के साथ ज्यादा समय बिता रहे हैं। इससे उनके पेट से संबंधित बीमारियां बढ़ रही है। इसमें फैटी लिवर बड़ी वजह है। यदि जल्द चेते नहीं तो आने वाले समय में फैटी लिवर महामारी का रूप ले सकती है। अभिभावकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें स्क्रीन की लत से बाहर निकाल कर खेलकूद में प्रतिभाग लेने के प्रति प्रेरित करें।

# मांगों को लेकर केजीएमयू कर्मी करेंगे विरोध-प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न मांगों को लेकर केजीएमयू के कर्मचारी सोमवार को विरोध जताएंगे। हालांकि इस दौरान प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

कर्मचारी परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने बताया कि मांगों पर संस्थान प्रशासन की ओर से आश्वासन देने के बावजूद वादा खिलाफी की जा रही है। इससे कर्मचारी आहत हैं। सोमवार को कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन करना पूर्व प्रस्तावित था। लेकिन आचार संघिता की वजह से प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। कर्मचारी सुबह प्रशासनिक ऑफिस के बाहर इकट्ठा होकर सिर्फ विरोध जताएंगे।

# मौसमी बीमारियों का खुद से न करें इलाज

**▸▸ आईएमए का अर्धवार्षिक स्टेट लेवल रिफरेशर कोर्स और सीएमई में डॉक्टरों ने दी जानकारी**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लखनऊ की छह माही स्टेट लेवल रिफरेशर कोर्स और सीएमई का आयोजन रविवार को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में किया गया। जिसमें शामिल डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों, हार्ट, डायबिटीज और पालेटिव केयर कैंसर के आखरी स्टेज के उपचार की जानकारी साझा की।

डॉक्टरों ने बताया कि मौसम में बदलाव से वायरल फीवर, सर्दी,



आईएमए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक। अमृत विचार

जुकाम व खांसी की चपेट में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। खुद उपचार करने के बजाय डॉक्टर की सलाह लें। आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरों ने अलग-अलग स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी साझा की। वहीं, टीबी के खात्मे को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम की समीक्षा की। इसमें आईएमए लखनऊ की अध्यक्ष डॉ. विनीता मित्तल, साइंटिफिक कमिटी एडवाइजर डॉ. जीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. जेडी रावत, सचिव डॉ. संजय सक्सेना समेत 80 डॉक्टरों ने भाग लिया।

# अनियमित जीवनशैली से हो रहे किडनी के रोगों से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** अनियमित जीवनशैली के कारण लोग किडनी से सम्बंधित बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। बीते कुछ सालों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। किडनी प्रत्यारोपण एक सफल प्रक्रिया है, इससे लोगों को नई जिंदगी दी जा सकती है। नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल 1000 से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण करने में सफलता हासिल की है।

यह जानकारी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर



डॉ . अमित

डॉ. अमित के. देवड़ा ने दी। वह रविवार को लखनऊ के एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी साझा कर रहे थे। डॉ. अमित ने बताया कि देश में हर साल करीब 12000 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण हो रहे है। लेकिन अभी भी यह देखा गया है कि लोगों के बीच किडनी दान करने को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है। जिसके चलते बहुत लोग अपनी जान दांव पे लगा देते है।

### ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में पानी का संकट

अमृत विचार ,लखनऊ : ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में पानी का संकट गहरा गया। मरीज-तीमारदार पानी को तरस गए। शनिवार को पानी की मोटर खराब होने के बाद रविवार को भी सही नहीं कराया जा सका। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय करीब 200 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां पर टीबी के मरीजों को भी भर्ती करके इलाज मुहैया कराया जाता है। अस्पताल में लगे पानी के पंप में शनिवार रात खराबी आ गई थी। अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में नया पंप भी मंगवा लिया, लेकिन मैकेनिक न मिलने से उसे रविवार देर शाम तक भी लगाया नहीं जा सका। इससे मरीज व उनके तीमारदार पानी को तरस गए। सीएमएस डॉ . एसपी सिंह का कहना है नया पंप आ गया है। उसे सोमवार तक हर हाल में लगा दिया जाएगा। जिसके बाद पानी की निर्बाध आपूर्ति होगी।

# चयन के बाद सिर्फ 24 डॉक्टरों ने किया ज्वाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) में काम करने के लिए डॉक्टर रूचि नहीं दिखा रहे है। बीते दिनों सीएमओ ऑफिस में आयोजित हुए साक्षात्कार से 32 डॉक्टरों का चयन किया गया था। इनमें से सिर्फ 24 ने ही ज्वाइन करने की हामी भरी है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग रिक्त पदों पर दोबारा से चयन प्रक्रिया शुरू कराने की तैयारी तेज कर दी है ।

सीएमओ के अधीन वॉक इन इंटरव्यू में 42 डॉक्टरों का चयन

**▸▸ सीएमओ ऑफिस में साक्षात्कार के बाद 32 डॉक्टरों का किया गया था चयन**

होना था। सभी डॉक्टर एमबीबीएस डिग्री धारक होने चाहिए थे। वॉक इन इंटरव्यू में 32 डॉक्टर शामिल हुए थे। इसमें अभी तक 24 डॉक्टर अपनी सेवाएं देने को राजी हुए हैं। करीब 18 डॉक्टर अभी तक विभाग को नहीं मिले हैं। इन डॉक्टरों की तैनाती पीएचसी व जन आरोग्य मंदिर में होना था। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि खाली बचे पदों पर जल्द ही नए सिरे से भर्ती की जाएगी। इसके लिए साक्षात्कार की तारीख तय की जाएगी।

### 16 मनरेगा लोकपाल का कार्यकाल बढ़ा

अमृत विचार,लखनऊ : 16 जिलों में तैनात मनरेगा लोकपालों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। जबकि छह के कार्यकाल पर विचार नहीं किया गया है।मनरेगा कार्यों में जांच, शिकायतों का निस्तारण व भ्रष्टाचार रोकने के लिए केंद्र से 24 जिलों में 22 लोकपाल रखे गए थे। इनका कार्यकाल खत्म होने पर 16 लोकपालों का एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इनमें विजय कुमार प्रयागराज, धन्नजय कुमार राय बलिया, दिवाकर त्रिवेदी लखीमपुर खीरी, पवन कुमार लाल संतकबीर नगर, विनीता पांडेय मऊ, नवीन कुमार गोरखपुर, आनन्द उपमन्यु बलरामपुर, गंगा सिंह सेंगर जालौन, वीरेंद्र सिंह चंदेल हमीरपुर, राकेश कुमार श्रीवास्तव कुशीनगर, लक्ष्मी श्रीवास्तव बाराबंकी, अरविंद प्रताप सिंह सीतापुर, महेंद्र विक्रम सिंह सुलतानपुर, राज कुमार श्रीवास्तव अयोध्या, गीता देवी गाजीपुर व शिव पूजन सिंह चित्रकूट हैं। वहीं, अन्य ने गाइडलाइन के विपरीत रोकने का आरोप लगाया।

## सार-संक्षेप

### बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टर नहीं ले रहे वार्डों में राउंड

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में इलाज को लेकर फैली अव्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा। बीते दिनों वार्ड में डॉक्टरो द्वारा नियमित राउंड न लेने की शिकायत पर निदेशक ने सख्ती की थी। उन्होंने निर्देश दिया था कि सभी डॉक्टर नियमित राउंड लेंगे। इसका फीडबैक भी मरीजों व तीमारदारों से लिया जाएगा। इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ। रविवार को कई मरीजों ने राउंड न लेने की शिकायत की। दरअसल डॉक्टरो द्वारा राउंड न लेने की सबसे अधिक शिकायत चेस्ट वार्ड की है। बीते दिनों मड़ियांव निवासी एक महिला की मौत हो गई थी। परिजनों ने 24 घंटे से अधिक समय तक डॉक्टरो द्वारा न देखे जाने का आरोप लगाया था। जांच में पता चला था कि राउंड लेने में डॉक्टर लापरवाही कर रहे हैं। रविवार को भी कई मरीजों व तीमारदारों जे इसको लेकर नाराजगी जताई। इस मामले में अस्पताल के निदेशक डॉ . पवन कुमार अरुण का कहना है कि सभी डॉक्टरो कप नियमित राउंड लेने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को भी रेजिडेंट डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके अलावा यदि अभी भी लापरवाही की जा रही है तो राउंड पर न जाने वाले डॉक्टरों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### 50 लोगों ने किया रक्तदान



फीता काटकर सेंटर की शुरुआत करतीं सुमिति तिवारी। अमृत विचार

अमृत विचार,लखनऊ : नारायणा डायग्नोस्टिक्स एंड बायोमेडिकल रिसर्च फाउंडेशन के नये उपक्रम नारायणा चैरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर की शुरुआत रविवार को हुई। फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ . शशांक तिवारी ने बताया कि उनकी मां सुमिति तिवारी ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। पहले दिन करीब 50 लोगों ने रक्तदान किया है। इस मौके पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के एडमिनिस्ट्रेटिव हेड (ऑपरेशंस) अनंत मिश्रा, डॉ . सुमन शेखर तिवारी, डॉ . विवेक मल्होत्रा, डॉ . सत्येन्द्र पांडेय, डॉ . सिद्धार्थ तिवारी, डॉ . कीर्तिमान सिंह, डॉ . दीपक दीवान, डॉ . नीरज वाजपेई, डॉ . रेखा वाजपेयी, डॉ . नलिनी मिश्रा, डॉ . शिल्पी सिंह, डॉ . संजीव कुमार गुप्ता, समाजसेवी चंद्रभूषण तिवारी, परमात्मा नंद तिवारी, समाजवादी चिंतक दीपक मिश्रा, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी मौजूद रहे।

### जल संरक्षण की ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : जल संरक्षण पखवाड़ा के तहत फैजुल्लागंज के गायत्री नगर में बाल महिला सेवा संगठन की ओर से जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई ।संगठन की अध्यक्ष ममता त्रिपाठी ने बताया कि संगठन की ओर से फैजुल्लागंज की विभिन्न कॉलोनियों में अभियान चलाकर जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम में रविवार को गायत्री नगर में लोगों को शपथ दिलाकर उन्हें जीवन में पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मुरली प्रसाद वर्मा, तारा श्रीवास्तव, सोना देवी वर्मा, विपिन, मोहन, सावित्री देवी, विभा पटेल, उर्मिला कश्यप, दिनेश विश्वकर्मा, संजय कुमार श्रीवास्तव, अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# गुलाल और फूलों की होली से बिखेरा रंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इसी का नाम जिन्दगी संस्था की ओर से रविवार को एक होटल में होली उत्सव का आयोजन किया गया। कविता शुक्ला के संचालन में हुए इस आयोजन में गुलाल और फूलों की होली से होली का माहौल जीवंत हो गया।

होली के मस्ती भरे गानों के साथ महिलाओं ने गुलाल और फूलों से एक दूसरे को सराबोर कर दिया। आज बिरज में होली रे रसिया, अंग से अंग लगाना, जोगी जी और डू मी ए फेवर जैसे गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

होली की मस्ती देने वाले इस आयोजन में एंकर अमृता सिंह ने होली से सम्बन्धित मजेदार खेल खिलाये। उन्होंने



इसी का नाम जिन्दगी संस्था द्वारा आयोजित होली उत्सव के दौरान ढोल बजातीं महिलाएं। अमृत विचार

**▸▸ महिलाओं ने होली संबंधी सवालों के दिए जवाब**

महिलाओं से होली के सम्बन्ध में तमाम सवाल पूछे, जिनका जवाब देने की होड़ लगी रही। इस आयोजन में महिला दिवस का केक काटा गया। केक और गुझिया की मिठास इस कार्यक्रम की मिठास को और भी बढ़ाती नजर आई।इस आयोजन में मधु तिवारी, नूतन श्रीवास्तव, पुष्पा मिश्रा, अमरता सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, शिल्पा सिंह, दीप्ति आहूजा और अनीता शर्मा समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने होली के त्योहार को जीवंत कर दिया।

# 50 से अधिक उम्र के लोगों को प्रोस्टेट कैंसर का खतरा अधिक


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 50 साल से अधिक उम्र के लोगों को प्रोस्टेट कैंसर का खतरा अधिक होता है। समय से जांच कराते रहने से इससे बचा जा सकता है। यह कहना है कि केजीएमयू में यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एचएस पाहवा का।

वह केजीएमयू स्थित अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कंवेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश यूरोलॉजिकल एसोसिएशन के 11वें वार्षिक सम्मेलन के आखिरी दिन रविवार को जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रोस्टेट बढ़ने की समस्या होना उम्र बढ़ने की बीमारी है। सर्जन डॉ. मनोज यादव ने बताया कि प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना और प्रोस्टेट कैंसर का लक्षण



डॉ .एचएस पाहवा



डॉ . मनोज यादव

लगभग एक जैसा होता है। दोनों ही समस्याओं में यूरिन की धार कम होना, बार - बार होना और पीठ वा रीढ़ की हड्डी में दर्द होना, प्रोस्टेट कैंसर और ग्रंथि बढ़ने के लक्षण हो सकते हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। इसकी सर्जरी में अब चीरा नहीं लगाया जाता है।

वहीं हैदराबाद के डॉ.मल्लिकार्जुन ने बताया गत 20 सालों में यूरिन संबंधित बीमारियों में इजाफा हुआ है। जिसमें किडनी कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, पहाड़ी इलाकों में यूरिन ब्लेडर का कैंसर आम होता जा रहा है।



हजरतगंज स्थित हबीबुल्लाह स्टेट में लखनऊ फार्मर्स मार्केट द्वारा आयोजित लॉलीपॉप कार्यक्रम में फूलों की होली खेलती महिलाएं।

# पारम्परिक नृत्य व होली के गीतों से सजी लोक चौपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक संस्कृति शोध संस्थान ने अपनी मासिक लोक चौपाल इस बार कुड़ियाघाट पर लगाई। गोमती तट पर लगी लोक चौपाल में लोक मन और फाग विषयक परिचर्चा में वक्ताओं ने होली के पारम्परिक स्वरूप के संरक्षण की जरूरत बताते हुए कहा कि फाग गीत सामूहिक उल्लास के प्रतीक और लोक संस्कृति के संवाहक हैं। इस अवसर पर फाग गीतों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी मनमोहक अंदाज में दी गईं। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि कुछ दशक पहले तक बसंत पंचमी के दिन होलिका स्थापना के बाद प्रतिदिन होलिका में उपले, कंडे और लकड़ियां डाली जाती थीं। शाम को होली की महफिलें सजती थीं, जहां बड़े बुजुर्गों के बीच नई पीढ़ी के लोग भी हारमोनियम, ढोल व मजीरे की थाप पर होली गीतों का आनंद उठाते थे लेकिन आज फाग गायन लुप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अच्छेलाल सोनी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में डीजे की धुनों के बीच बज रहे गीतों के सामने फाग, चैता, बेलवरिया, कहरवा आदि धुनों में गाये जाने वाले गीत लोगों की समझ से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने लोक संस्कृति शोध संस्थान के प्रयासों की सराहना की। परिचर्चा में वरिष्ठ लोक गायिका इन्दिरा श्रीवास्तव, डॉ . स्मिता मिश्रा, डॉ . अनिल गुप्ता, डॉ . एसके गोपाल आदि ने भी अपने विचार रखे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
Admission Open
2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### आग से घर की गृहस्थी और बाइक जली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के अलग-अलग इलाकों में रविवार को घर, बाइक, जंगल और पार्क में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। राजाजीपुरम के चंद्रोदय नगर में घर में आग लग गई। परिजन ने बाहर भाग कर जान बचाई। दमकल कर्मियों ने पानी से आग पर काबू पाया। आग से गृहस्थी का सामान जल गया। पीजीआई के सुहानी खेड़ा चौराहा के समीप जंगल की झाड़ियों में आग लग गई। राहगीरों की सूचना पर अग्निशमन अधिकारी माम चंद्र ने कर्मियों के संग आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन गोमती नगर कंट्रोल रूम को सूचना मिली की शहीद पथ ओवरब्रिज पर एक बाइक में आग लग गई है। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। विनम्र खंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पार्क में लगी आग को भी कर्मियों ने काबू किया।

### महिला पर धारदार हथियार से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज के रिवरबैंक कॉलोनी निवासी आरती पांडेय के मुताबिक 29 फरवरी सुबह आठ बजे वह घर में ताला लगा रही थीं। इस बीच क्षेत्र के बंटी कश्यप ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह बेहोश हो गईं। पड़ोसियों ने बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां वह काफी दिनों तक भर्ती रहीं। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### ट्रक की भिड़ंत से कार सवार गैराज मालिक घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल जेहटा रोड पर शनिवार देर रात मौरंग लदे ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक गैराज मालिक इटौंजा निवासी संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ट्रामा में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ग्राम मक्का खेड़ा, अजगैन उन्नाव निवासी आरोपी ट्रक चालक भोले को शेरपुर से पकड़ लिया। एसीपी वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि कार मलिक इमरान कार ( यूपी 32 डीडब्ल्यू 8483 ) मरम्मत के लिए इटौंजा निवासी संतोष के गैराज ले गया था। शनिवार रात संतोष गाड़ी इमरान को वापस करने जा रहा था।

### ट्रेन से नीचे गिरकर मजदूर की मौत

**अमृतज विचार, काकोरी :** बिहार के पटना निवासी महेश बिंद ( 40 ) परिवार के साथ पारा के आलम विहार कॉलोनी में किराये पर रहता था। वह आलमनगर के सीमेंट गोदाम में मजदूरी करता था। पत्नी सोनम ने बताया कि शनिवार को महेश एक दिन के लिए बरेली जाने की बात कहकर रात 9 बजे घर से निकले थे। अगले दिन पुलिस ने आलमनगर स्टेशन पर ट्रैक पर उनका शव पड़े होने की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि महेश के परिवार में बेटी श्री ( 10 ), श्रष्टि ( 3 ) और डेढ़ साल का बेटा वत्सल है।

# 13 दिनों में चार व्यापारियों ने खुद को गोली मारकर दी जान

## वरिष्ठ मनोचिकित्सक की सलाह, अपनों के व्यवहार में परिवर्तन को गंभीरता से लें परिजन, बातचीत कर समस्या जानें

गजेंद्र पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2 से 15 मार्च के बीच 13 दिन में 4 व्यापारियों और कारोबारियों ने असलहों से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। इसमें कोई कर्ज में डूबा था तो कोई सूदखोर की चेतावनियों से परेशान था, किसी को साझीदार ने धोखा दिया था।

दो कारोबारियों ने लाइसेंसी असलहों से घर में जान दी। राजधानी में तकरीबन हर माह खुद को गोली मार कर आत्महत्या करने के मामले सामने आ रहे हैं। आइये जानते हैं इस तरह की घटनाओं को रोकने मनोचिकित्सक की क्या सलाह है।

वरिष्ठ मनोचिकित्सक व कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक


वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. देवाशीष शुक्ला

- कोई कर्ज तो किसी ने सूदखोरी और बीमारी से तनाव में उठाया आत्मघाती कदम

> सूदखोरी, धमकी या अन्य तरह की शिकायत पर आत्महत्या करने के मामलों में तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करती है। यदि इस तरह की किसी को कोई समस्या है तो वह पुलिस से शिकायत दर्ज करा सकता है। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायगी।
>
> –आकाश कुलहरि, संयुक्त पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, अपराध

डॉ. देवाशीष शुक्ला का कहना है कि जब कोई व्यक्ति तनाव में होता है तो एकाएक उसमें कई बदलाव आते हैं। डॉ. शुक्ला के अनुसार इस स्थित में पहुंचे लोग अचानक गुमशुम व उदास रहने लगते हैं। उनकी नींद कम या अधिक हो जाती है। परिजन व नजदीकियों से दूरी बना, एकांत में रहने का प्रयास करते हैं। बातचीत में चिड़चिड़ापन आ जाता है, बात बात पर गुस्सा हो जाते हैं।

डॉ. शुक्ल की सलाह है कि अचानक बर्ताव बदलने पर परिजन को तत्काल शांतिपूर्ण माहौल बना संबंधित व्यक्ति से बातचीत कर समस्या जाननी व समाधान में सहयोग करने का भरोसा दिलाना चाहिये। इसके बाद भी यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो तत्काल मनोचिकित्सक से संपर्क कर सलाह व इलाज कराएं। ताकि समस्याओं तनाव ग्रस्त होकर समय रहते संबंधित को आत्मघाती कदम उठाने से रोका जा सके।

**केस 1 — 02 मार्च**
**पुस्तक व्यापारी ने तनाव में लाइसेंसी रिवाल्वार से खुद को उड़ाया :** हुसैनगंज इलाके के डायमंड अपार्टमेंट निवासी पुस्तक व्यापारी सुनील कुमार जेटली ( 59 ) ने कमरे में लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। परिजन ने जीभ का ऑपरेशन के चलते कैंसर की आशंका और एक बड़े स्कूल से बुकों की सप्लाई का टेंडर पार्टनर द्वारा हथियाने को लेकर तनाव के चलते आत्मघाती कदम उठाने की आशंका जताई थी।

**केस 2 — 10 मार्च**
**कर्ज में दबे लोहा व्यापारी ने तमंचा से खुद को मारी गोली :** बक्शी का तालाब अंतर्गत अचरामऊ निवासी लोहा कारोबारी अतुल विश्वकर्मा ( 48 ) ने 315 बोर के तमंचा से खुद को गोली से उड़ा लिया था। घटना सुबह करीब 11 बजे की थी। परिजन का कहना था कि अतुल लाखों रुपये के कर्ज तले दबा है। घटना से पहले वह किसी पर फोन से बात कर रहे थे। कर्ज के कारण मानसिक तनाव में उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया था।

**केस 3 — 11 मार्च**
**सुशांत गोल्फ** सिटी इलाके में स्थित कार्यालय में गोसाईंगंज के मलौली गांव निवासी रियल एस्टेट कारोबारी आदित्य मिश्र ( 45 ) ने दोपहर करीब तीन बजे पिस्टल से मुंह में गोली मार कर जान दे दी थी। उन्होंने सुसाइड नोट छोड़ा था। जिसमें कोई प्रोजेक्ट पूरा नहीं होने व कर्ज के चलते मानसिक परेशान होकर आत्महत्या करने का जिक्र किया था।

**केस 4 — 15 मार्च**
**बीबीडी थाना अंतर्गत** ग्रीन लोटस एनक्लेव में रहने वाले इंटीरियर कारोबारी व भाजपा नेता हर्षित टंडन ( 46 ) ने रात करीब दस बजे लाइसेंसी रिवाल्वार से गोली मार कर जान दे दी। उनके पिता मदन मोहन टंडन ने 15 लाख रुपये कर्ज का सूद चुकाने को लेकर सूदखोर द्वारा दबाव बनाने के चलते बेटे के आत्महत्या करने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### अधिवक्ता ने साथियों संग सड़क पर फेंकी गृहस्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग कोतवाली अंतर्गत मवैया पर जमीन कब्जाने की नियत से अधिवक्ता ने साथियों संग महिला की झोपड़ी उजाड़ गृहस्थी का सामान सड़क पर फेंक दिया। महिला ने सम्बन्धित थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर महादेवन के मुताबिक, अंजू पुरी मवैया चौराहा के पास मंदिर के बगल में झोपड़ी बनाकर बेटे के साथ रहती है। अंजू का आरोप है कि कुछ समय से बीबी सिंह दामाद सुसौम्य सिंह परिहार के साथ उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। 22 फरवरी को आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ झोपड़ी उजाड़कर गृहस्थी का सामान सड़क पर फेंक दिया था। आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद महिला ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था से गुहार लगाई। उनके निर्देश पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। महिला का कहना है कि खुद को अधिवक्ता बताकर उसे पर रौब झाड़ते हैं।

# घर के सामने खेल रही 3 वर्षीया बच्ची को कार ने कुचला, मौत

## पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले हवालात में बंद किया, दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलीगंज इलाके में घर के बाहर खेलते समय चार चालक ने बच्ची को कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और पड़ोसियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर सड़क से हटाया। परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सीतापुर के सदना थाना अंतर्गत पैरवा गांव निवासी अभिषेक राजवंशी सीतापुर रोड अलीगंज में डीएस कॉलोनी में झोपड़ी डाल कर रहते हैं। रविवार दोपहर करीब 1 बजे उनकी 3 वर्षीय बेटी राधिका अन्य बच्चों के साथ घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान मोहल्ला निवासी कुड़ाल सिंह ने तेज रफ्तार चलाकर राधिका को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया। परिजन और पड़ोसी बच्ची को ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सीतापुर रोड पर हुए हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन, मौके पर जुटी भीड़। अमृत विचार

> आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजन की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> –अभिजीत आर शंकर, डीसीपी, उत्तरी

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए परिजन ने रोड पर किया हंगामा :** बच्ची की मौत से परिजन और मोहल्लावासी आक्रोशित हो गए। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लखनऊ-सीतापुर रोड जाम कर हंगामा शुरू कर दिया।

इससे सड़क पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजन को शांत कराकर जाम खुलवाया। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की टाटा नेक्सान कार ( यूपी 32 एम वाई 9279 ) भी कब्जे में ले ली है।

**लहूलुहान बेटी को देखकर मां हुई बेहोश**
बेटी राधिका को खून से लहूलुहान देखकर मां अनीता बेहोश हो गई। पड़ोस की महिलाओं ने उसे किसी तरह संभाला। राधिका परिवार में एकलौती छोटी बहन थी। उससे दो भाई शिवांश( छह ), दिव्यांश ( चार ) हैं। घटना के बाद से परिजन को रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

### घर पर पथराव किया महिला का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर में घर के बाहर गाली-गलौज करने पर युवकों ने महिला के घर पर पथराव कर बहू का सिर पर राड से वार कर दिया। महानगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, अकबर नगर फैजाबाद रोड निवासी मो. अपील अहमद ने रसीद, फरीद, पुतले, मो. आलम, शौकत अली और शमीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार रात आरोपी घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। मां ने मना किया तो घर पर पथराव कर दिया और भाभी के सिर पर वजनदार हथियार से हमला कर दिया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिलाओं के कपड़े पहने था मृतक, ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका
- शिनाख्त के लिये पुलिस ने शव को मोर्च्युरी में रखवाया
- मौके पर पहुंची चिनहट और बीबीडी थानों की पुलिस सीमा विवाद को लेकर उलझी रही

**अमृत विचार:** बीबीडी थानाक्षेत्र के रसालपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे रविवार तड़के 32 वर्षीय अज्ञात युवक को शव औंधे मुंह पड़ा मिला। महिलाओं के कपड़े पहने युवक के मुंह से खून निकल रहा था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने हत्या कर शव ट्रैक पर फेंकने की आशंका जताई है। शिनाख्त के लिये पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवाया है।

प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि रविवार तड़के पुलिस कंट्रोल रूम को रसालपुर गांव के पास ट्रैक किनारे शव पड़े होने की सूचना थी। चिनहट और बीबीडी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर तक दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद बीबीडी पुलिस ने जांच में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि औंधे मुंह पड़े युवक के मुंह से खून निकल रहा था। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि युवक महिलाओं के कपड़े था। ग्रामीणों ने दूसरी जगह हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया चलती ट्रेन से गिरकर मौत का मामला लग रहा है। हत्या और हादसा दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। शिनाख्त के लिए कई थानों में मृतक की फोटोग्राफ भेजे गए हैं। गुमशुदा में भी रिकार्ड खंगाला जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दो रियल एस्टेट कारोबारियों ने 43 लाख रुपये ठगे

कार्यालस संवाददाता, लखनऊ

- बंथरा और कृष्णानगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कारोबारियों ने दो लोगों से 43 लाख रुपये हड़प लिए है। तहरीर के आधार पर बंथरा और कृष्णानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रियल एस्टेट कारोबारी भटगांव निवासी देवेंद्र ने बताया कि मेरे ऑफिस पर रामेश्वर, मो. गुलहसन, खलील अहमद और विशंभर आते थे।

ये लोग मौरंग खदान का काम करते हैं। खनन का पट्टा दिलाने के नाम पर 22 लाख रुपये हड़प लिए हैं। रुपये मांगने धमकाने लगे। कृष्णानगर निवासी रियल एस्टेट कारोबारी गुरुनाम सिंह ने बताया कि विजय कुमार गुलाटी ने जून 2021 में सतीश कुमार शुक्ला से मुलाकात कराई थी। सतीश आलमबाग स्थित जेपीएसएस इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजिंग डायरेक्टर है। सतीश ने गुरुनाम को कंपनी में डायरेक्टर बनाने का लालच देकर बांदा में माइनिंग के लिए 21 लाख का निवेश कराया और रुपये मांगने पर धमकी दी।

## सार-संक्षेप


थाने के सामने हंगामा करते लोग। अमृत विचार

### घायल टेंपो चालक पर रिपोर्ट दर्ज करने पर हंगामा

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा थाना अंतर्गत महोना नगर पंचायत में टेंपो में भजन बजाने पर कुछ लोगों ने चालक और उसके भाई के साथ मारपीट कर टेंपो में तोड़फोड़ की थी। हमले में बेहोश चालक को पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराकर हमलावरों पर रिपोर्ट दर्जकर की थी। दूसरे पक्ष ने शनिवार को चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके विरोध में चालक के परिजन और महिलाओं ने इटौंजा थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। महोना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार जैन ने बताया कि महोना नगर पंचायत के 8 नंबर वार्ड निवासी उमेश यादव टेंपो चलाता है। बृहस्पतिवार देर रात चचेरे भाई मनीष के साथ वह टेंपो से घर लौट रहा था। टेंपो में जय श्रीराम का भजन बज रहा था। आरोप है कि धर्मस्थल के पास से गुजरते समय समुदाय विशेष के 20 लोगों ने टेंपो रुकवा लिया और मनीष की पिटाई शुरू कर दी। भागने पर मनीष को चापड़ लेकर दौड़ा लिया। टेंपो पर पथराव कर उमेश के सिर पर लोहे के रॉड से वार कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे महोना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने उमेश को सीएचसी इटौंजा में भर्ती कराया, जहां देर रात उसे होश आया। पुलिस ने सभासद के पति शानू, दानिश, शफीक व शमीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसी मामले में शनिवार रात वार्ड नंबर 2 निवासी महिला ने उमेश यादव के खिलाफ अश्लील गाना बजाने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### देशी शराब की चोरी करने वाले अभियुक्त भेजे गए जेल

**अमृत विचार,गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज क्षेत्र में देशी शराब ठेके से चोरी करने वाले चार अभियुक्तों पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज दिया गया है। गोसाईगंज एसएचओ बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के गांव सलेमपुर ( गंगागंज ) निवासी सेल्समैन सतीश कुमार पुत्र श्रीकेशन 16 फरवरी को ताला तोड़कर दुकान से 5 पेटी शराब चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 24 घण्टे में पुलिस ने चोरों को दबोच लिया। एसएचओ ने आरोपियों के नाम दुर्गेश उर्फ देवेश ( 22 ) पुत्र संजय सिंह निवासी रंजीतपुर थाना दिबियापुर जनपद औरैया, संदीप ( 21 ) पुत्र बजरंग निवासी रटई ( काजीखेडा ), नरेश ( 20 ) पुत्र माया राम निवासी सैदापुर, धर्मेंद्र ( 24 ) पुत्र रामसेवक निवासी कोडरा थाना गोसाईगंज बताए हैं। चारो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

### विवाहिता से मारपीट व दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार,सरोजनीनगर :** बिजनौर के न्यू गुड़ौरा निवासी रोशनी बानो ने मुंबई के शाईन धारावी थानान्तर्गत कुट्टीवाणी कोयला बाजार निवासी पति अबूबकर, सुसर मो. याकूब, सास हाजिरा, देवर मो. जफर, मो, अरशद, मो. अहमद, ननद शारदा, शाजिदा और सोनी के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोशनी ने बताया कि 6 नवंबर 2021 को उसकी शादी अबूबकर से हुई थी। आरोप है कि ससुराल के सभी लोग दहेज में 5 लाख रुपये और गाड़ी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट की जाने लगी। मां ने कुछ रुपये दिए, इसके बावजूद ससुराल वालों ने उत्पीड़न बंद नहीं किया। ससुराल वाले उसे सुल्तानपुर स्थित कुड़वार थाना के कोटिया गांव ले आए। 7 जुलाई 2023 को ससुराल के लोग समारोह में गए थे, इस बीच शाम करीब 7 बजे देवर मो. अरशद ने अश्लीलता की। बताने पर ससुरा वालों ने तलाक की धमकी दे डाली। 22 जुलाई को हाजिरा, रशीदा, सोनी और अरशद ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और जलाकर मारने की धमकी दी। इसके बाद से पीड़िता मायके में रह रही है। आरोप है 6 अगस्त 2023 को दोपहर 12 बजे सास, देवर अरशद, ननद सोनी मायके आए थे। उनसे बात की लेकिन बिना दहेज घर ले जाने को तैयार नहीं हुए। गाली गलौज कर धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थानाक्षेत्र के इंदिरानगर सेक्टर 16 में टोपचंद पत्नी चमेली साहू ( 30 ) व बच्चों के साथ झोपड़ी में रहते हैं। मृतका के जीजा मुकेश के मुताबिक टोपचंद गांव फसल काटने गए थे। शनिवार सुबह आठ बजे वह मजदूरी करने व बच्चे परीक्षा देने गए थे। दोपहर 12 बजे जब बच्चे घर पहुंचे तो उन्हें चमेली बांस के सहारे दुपट्टे से लटकती मिलीं। इस पर बच्चों ने मामले की जानकारी उन्हें दी। घर पहुंचकर मुकेश ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### छात्रा से मजदूर ने की छेड़खानी, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा में दूसरी कक्षा की छात्रा से एक मजदूर ने छेड़खानी की। रविवार को छात्रा की मां ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मजदूर को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को मां मजदूरी करने गई थी। घर पर 10 वर्षीय बेटी थी, तभी गांव का मजदूर खलील घर में घुस गया और टॉफी देने का लालच देकर छात्रा से गलत हरकत करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़े तो आरोपी भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि आरोपी खलील को गिरफ्तार कर लिया गया है।


लोकसभा चुनाव और त्योहारों के चलते फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

**पुलिस ने किया फ्लैग मार्च** **अमृत विचार,सरोजनीनगर :** लोकसभा चुनाव, होली और रमजान त्योहार के चलते सरोजनीनगर पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के नेतृत्व में थाना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के जवानों ने कानपुर रोड स्थित चिल्लावां, बाग नंबर – 3, आजाद नगर, पुरानी चुंगी, हिंद नगर कॉलोनी और सेक्टर एफ कॉलोनी व पराग रोड पर मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसडीएम ने स्कूटर इंडिया चौराहा, बिजनौर रोड सहित कई जगहों से राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर हटाए।

# पुलिस की गिरफ्त से दूर बाइक सवार लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- किराना व्यापारी पर तमंचा सटा लूटे थे 1.75 लाख रुपये

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज में किराना व्यापारी से 1.75 लाख रुपये लूटने के मामले में 24 घंटे बाद भी लुटेरे पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। फिलहाल पुलिस मामले में जांच के बाद पीडित्त की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात लुटेरों की तलाश कर रही है।

कि पूरनखेड़ा निवासी परचून व्यापारी आदित्य पटेल शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से बाइक से घर जा रहे थे। राधिकापुर में ब्रेड फैक्ट्री के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें आवाज दी। आदित्य के रुकते ही बाइक से उतरे एक बदमाश ने उनके सिर पर डंडे से कई वार किए। हमले में वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। तभी दूसरे बदमाश ने उनकी कनपटी पर तमंचा सटाकर व्यापारी से 1.75 लाख की नकदी छीन ली। शोर मचाने पर राहगीर लुटेरों की तरफ दौड़े तो बदमाश भाग निकले। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात लुटेरों की तलाश की जा रही है। उन्हें पकडऩे के लिए रास्ते के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र का सहारा लेने के साथ सर्विलांस सेल की मदद ली जा रही है।

### मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के अशोक द्विवेदी गली नंबर- 5 निवासी आशीष लता गुप्ता ने बुलंदशहर के थाना कोतवाली नगर नजीमपुरा भूड़ निवासी पति दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ राजू गुप्ता, सास वेदवती, ननद स्वाती, जेठ मुन्ना गुप्ता, नरेश गुप्ता उर्फ सुरेश, देवरानी रेनू गुप्ता व हनी गुप्ता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई है। आशीष लता ने बताया कि 25 नवंबर 2020 में उसकी शादी बीएसएफ सिपाही दिनेश कुमार गुप्ता के साथ राजधानी लखनऊ के श्रंगार नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में हुई थी। दिनेश ने बताया था कि पहली पत्नी पूजा गुप्ता की 2007 में कैंसर मौत हो चुकी है, एक बेटा कौशल है। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। प्लाट बनवाने के लिए मायके से 2 लाख रुपये लाने के लिए कहा। डेढ़ वर्ष बाद पता चला कि पति ने पहली पत्नी को बरेली स्थित बीएसएफ क्वाटर पर जहर देने के बाद गला घोटकर मार दिया था। इस मामले में वह 3 महीने जेल में रहा था। 1 जुलाई 2023 को ससुराल वालों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और 18 जुलाई 2023 को मायके छोड़ गए।

# सपा कार्यकर्ता ने किया दुष्कर्म, वीडियो बनाया

## पीड़ित की तहरीर पर कैसरबाग पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कार्यालस संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** युवती ने दोस्त पर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर रविवार को कैसरबाग पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।

अमीनाबाद निवासी युवती के मुताबिक करीब दो वर्ष पहले उनकी दोस्ती कैसरबाग के फूलबाग निवासी सपा कार्यकर्ता हमजा दिलशाद से हुई थी। एक वर्ष पहले आरोपी ने शारीरिक संबंध बनाने की बात कही थी। इस पर उसने दोस्ती तोड़ दी थी। कुछ दिन बाद हमजा ने उनसे माफी मांग ली थी। इसके बाद एक दिन हमजा ने मिलने के लिए बुलाया और कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। होश आने पर मारपीट कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

इसके बाद ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। तंग आकर आरोपी के पिता से शिकायत की तो उन्होंने बेटे की शादी उसके साथ कराने की बात कही। मगर हमजा उन्हें धमकाता रहा। आरोप है कि एक दिन हमजा, उसके पिता व 5 अज्ञात लोगों ने घर आकर गाली-गलौज और डंडों से पिटाई कर दी।

**किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार**
**अमृत विचार, मलिहाबाद :** क्षेत्र के गांव में घर में घुसे पड़ोसी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह के मुताबिक आरोपी कुलदीप को गिरफ्तारी कर लिया गया है। आरोप है 16 मार्च को किशोरी घर पर अकेली थी, तभी कुलदीप ने घर में घुस कर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकी देकर भाग था।

### मानसिक रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक मानसिक रूप से कमजोर एक गांव की युवती रविवार को वह घर के बाहर खड़ी थी। गांव का जितेंद्र उसे बातों में उलझा कर साथ ले गया। बेटी नजर नहीं आने पर परिवार वाले खोजबीन करने लगे। ग्रामीणों ने युवती को जितेंद्र के साथ जाते देखने की जानकारी दी। इस बीच युवती बदहवास घर लौटी। पूछने पर जितेंद्र की करतूत पता चला। परिवारवाले युवती को लेकर कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट के सुरक्षा गार्ड ने कर्मचारी पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने सुरक्षा गार्डों पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार में शुक्रवार को अपार्टमेंट में तैनात सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों को हटाना रेजिडेंट वेलफेयर ( आरडब्ल्यूए ) के पदाधिकारी को महंगा पड़ गया। एजेंसी के दो सुपरवाइज ने पदाधिकारी के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गोमतीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

विभूतिखंड में मंडी परिषद कॉलोनी निवासी पुत्तीलाल गोमतीनगर विस्तार स्थित एमआई रसलकोर्ट अपार्टमेंट में आडब्ल्यूए में पदाधिकारी हैं। पुत्तीलाल के मुताबिक अपार्टमेंट में सैनिक सिक्योरिटी संस्था के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अपार्टमेंट के लोगों ने सुरक्षाकर्मियों की काम लापरवाही करने की शिकायत आरडब्ल्यूए से की थी। इस पर सुरक्षा एजेंसी को 15 दिन का काम में सुधार करने का समय दिया गया था, मगर वे नहीं माने। ऐसे में पुत्तीलाल ने अपार्टमेंट के अंदर तैनात सुरक्षाकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया था। इस बात को लेकर सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर उमेश दीक्षित व केशव गुप्ता से उन्हें धमकी भी दी थी। शनिवार को पीड़ित अपना काम खत्म कर घर जा रहे थे। अपार्टमेंट के पास पीछे से दोनों आरोपियों ने सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### लखनऊ की महिला व पुरुष खो-खो टीम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या स्टेडियम में 18 से 20 मार्च तक आयोजित की जाने वाली राज्य महिला व पुरुष खो-खो चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली लखनऊ की टीम का चयन शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। टीम रविवार को अयोध्या पहुंच गई और सोमवार से होने वाले मुकाबलों शामिल होगी। जिला खो-खो संघ लखनऊ के सचिव राजेश कुमार वर्मा के अनुसार टीम दमदार प्रदर्शन को तैयार है। **पुरुष टीम :** साहिल सिंह (कप्तान), अमन कुमार गुप्ता, सिद्धार्थ सेन, वैभव कुमार राजवंशी, सिद्धार्थ साहू, आनंद कुमार, विमल कुमार राजवंशी, निहाल भारती, शिवकांत उपाध्याय, प्रशांत राज शर्मा, आर्य सिंह व महेन्द्र प्रताप गुप्ता। कोच- एलजे मसीह, मैनेजर- आलोक पाण्डेय। **महिला टीम :** श्वेता (कप्तान), सांद्रा करुणा, अंशिका यादव, रानी विश्वकर्मा, रिचा यादव, एलीन मिंज, शैली पाल, अनुष्का, सिद्धि बाजपेयी, अनामिका यादव व ज्योत्सना। कोच- रतिवा कश्यप, मैनेजर-सलोनी सोनी।

### क्रिकेट में बी फार्मा प्रथम वर्ष की टीम जीती

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में एक्स्ट्रा करिकलर एक्टिविटीज 'सिनर्जी 2024' के अंतर्गत शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो. अलोक कुमार राय के संरक्षण में हुई इस प्रतियोगिता में बी फार्मा एवं डी फार्मा के छात्र, छात्राओं ने क्रिकेट, वॉलीबाल मैच के साथ एथलेटिक्स के मुकाबले हुए। प्रथम, द्वितीय, तृतीया विजेताओं के नाम घोषित किए गए। डी फार्मा प्रथम वर्ष एवं बी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच क्रिकेट का फाइनल मैच खेला गया। इसमें बी फार्मा प्रथम वर्ष की टीम जीती। महिला वर्ग में डी फार्मा की टीम जीती। पुरुष वर्ग में कुलदीप गोंड मैन ऑफ़ द सीरीज और महिला वर्ग में मानसी खरवार वुमन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी (निदेशक) एवं फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे।



गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे पर एलएसजी मैराथन में भाग लेते लोग। अमृत विचार

# हरे-भरे कल के लिए खूब दौड़ा लखनऊ

## कोच जस्टिन लैंगर, लांस क्लूजनर व जोंटी रोड्स ने नीली झंडी दिखा रेस को किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सूर्य की किरणें अभी ठीक से नहीं निकल पाई थी कि उससे पहले ही तमाम लोग 1090 चौराहे पर जमा हो गए। दौड़ के लिए लोगों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। उजियारा होने के साथ जहां आसमान नीला नजर आया तो जमीन का रंग भी यहां पर नीला ही दिखाई पड़ा। नीले रंग की टीशर्ट पहने युवक-युवतियां दौड़ के लिए तैयार दिखे। जैसे ही 'लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी)-10 के रन' के लिए झंडी दिखाई, वैसे ही लोग 'रन टुडे फॉर ग्रीनर टुमारो' यानी कि हरे-भरे कल के लिए दौड़ पड़े।

एलएसजी की ओर से रविवार सुबह 1090 चौराहे से शुरू हुई एलएसजी 10 किमी रन में बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सभी उत्साह के साथ दौड़ते नजर आए। टीम के समर्थन में उतरी भीड़ ने एलएसजी की जीत के नारे भी लगाए। 10 किमी की फन रन के आयोजन में तकरीबन दो हजार से अधिक लोग पहुंचे।



एलएसजी मैराथॉन के दौरान कोच जस्टिन लैंगर, लांस क्लूजनर व जोंटी रोड्स।

**▸▸ 1090 चौराहे से शुरू हुई एलएसजी 10-के रन**

एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स, एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने दौड़ को एलएसजी की नीली झंडी दिखाकर रवाना किया।

डिप्टी सीईओ ने बताया कि एलएसजी सभी धावकों के लिए लखनऊ में एक पेड़ लगाएगा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा। यह दौड़ लखनऊ के लोगों को फिट और लखनऊ शहर को हरा-भरा बनाने के लिए आयोजित की गई है। अगले वर्ष इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जोंटी रोड्स ने कहा कि दौड़ हर खेल की जननी है। लोगों को फिट रहने के लिए दौड़ना जरूरी है। जस्टिन लैंगर ने कहा कि लखनऊ प्रेम की नगरी है। लोगों का सुपर जायंट्स के प्रति प्रेम देखकर पूरी टीम उनकी आभारी है।

### खुशबू और अक्षय ने जीती 10 किलोमीटर रन

लखनऊ से मोहनलालगंज क्षेत्र के बख्तोरीखेड़ा गांव निवासी खुशबू महिला वर्ग में विजेता बनी तो गोंडा जिले के रहने वाले अक्षय कुमार पुरुष वर्ग में विजेता बने। खुशबू ने बताया कि वह पहले भी कई दौड़ जीत चुकी हैं। किसान परिवार की खुशबू ने केवल 8वीं तक पढ़ाई की है। वहीं, अक्षय कुमार ने बताया कि वह आईटीआई से डिप्लोमा कोर्स कर रहे हैं। वह केन्या के एथलीट किपचोगे का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हैं।

### दिव्यांग क्रिकेटर्स ने भी किया प्रतिभाग

इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान सोमजीत सिंह, डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) के ज्वाइंट सेक्रेटरी स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह (रिटायर्ड) भी दौड़ में हिस्सा लेने पहुंचे और पांच किमी की दौड़ में शामिल हुए।

# कहीं बेरंग न रह जाए द्रोणाचार्यों की होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ विभागीय खींचतान में फंसा प्रशिक्षकों का वेतन**

**▸▸ 300 से अधिक कर्मचारियों को नहीं मिला दो माह का वेतन**

**अमृत विचार :** प्रदेश भर के द्रोणाचार्यों का वेतन न मिलने से इस बार उनकी होली बेरंग रहेगी। होली से पहने इन प्रशिक्षकों को वेतन मिलना मुश्किल लग रहा है। इस मामले में कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि वेतन की मांग के लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस मामले को जल्द ही निपटाने के निर्देश दिए गए हैं।

खेल विभाग में प्रशिक्षकों की भर्ती दो कंपनियों के माध्यम से की गई है। इसमें एक कंपनी में तैनात तकरीबन 300 से अधिक कर्मचारियों को दो महीने का वेतन नहीं मिला है। साथ ही इन प्रशिक्षकों का कार्यकाल पूरा हुए भी एक महीने से अधिक का समय बीत रहा है। ये प्रशिक्षक खेल विभाग से लेकर शासन तक दौड़ लगाने को मजबूर हैं।

> प्रशिक्षकों के वेतन न मिलने की समस्या को शीघ्र निपटाने के आदेश दिए गए हैं। प्रयास किए जा रहे कि होली से पहले वेतन का भुगतान कर दिया जाए।
>
> **-आलोक कुमार,** प्रमुख सचिव खेल

प्रशिक्षकों ने कहा कि यदि समय से वेतन नहीं मिला तो हमारी होली बेरंगी रहेगी। विभागीय अधिकारियों से पूछो तो बताया जाता है कि जल्द ही वेतन का भुगतान किया जाएगा।

### बजट को लेकर खींचतान

सूत्रों के अनुसार, कंपनी जब भुगतान के लिए फाइल वित्त विभाग भेजी तो वहां से कहा गया कि खेल विभाग के पास अभी खासी धनराशि मौजूद हैं। इसे वह मार्च के अंतिम सप्ताह में वापस कर देगी। इससे वेतन का भुगतान आसानी से किया जा सकता है। वह कंपनी का भुगतान कर दे जिससे प्रशिक्षकों को आसानी से वेतन मिल सके। वहीं खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार हमारे पास किसी तरह का बजट नहीं है। जो बजट है भी वह दूसरे मदों के लिए है।



मैदान में अभ्यास करते अमित मिश्रा।



ट्रॉफी और अन्य पुरस्कारों के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

## एलएसजी खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने इकाना स्टेडियम पर रविवार को अभ्यास किया। क्रुणाल पांडया और शिवम मावी के साथ ही आज काइल मायर्स भी गेंदबाजी करते दिखे। आयुष बडोनी ने आज पिच पर खासा वक्त बिताया। प्रशिक्षक लांस क्लूजनर और जांटी आज भी मैदान में खिलाड़ियों से बातचीत करते नजर आए। हालांकि खिलाड़ियों का सारा ध्यान आज फिटनेस पर ही रहा।

## लखनऊ डॉक्टरों की टीम बनी विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित स्पोर्ट्स कांक्लेव-2024 की क्रिकेट प्रतियोगिता में लखनऊ के डॉक्टरों की टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मुकाबले में लखनऊ ने प्रयागराज की टीम को 8 विकेट से हरा दिया। 3 मार्च से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में क्रिकेट के अलावा बहुत से अन्य खेलों की स्पर्धाएं भी आयोजित हुई। क्रिकेट के मुकाबले में लखनऊ के अलावा प्रयागराज, कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, गोरखपुर, सहजनव, मेरठ, जौनपुर डेंटल एसोसिएशन 11 की टीमों ने हिस्सा लिया। करियर डेंटल कॉलेज के खेल मैदान पर खेले फाइनल मुकाबले में प्रयागराज डेंटल एसोसिएशन की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 113 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम में दो विकेट खोकर जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत दर्ज की। विजेता टीम को इंडियन डेंटल एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ. आशीष खरे, डॉ. प्रदीप अग्रवाल, .डॉ. सचिन प्रकाश, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. राजीव सिंह ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।



लखनऊ रेस कोर्स में देव फिनवेस्ट कप के लिए आयोजित हुई घुड़दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते जॉकी। अमृत विचार



घुड़दौड़ प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को ट्रॉफी देते अतिथि। अमृत विचार

# शान-ए-अजीम की चाल से जेएन माथुर का देव फिनवेस्ट पर कब्जा

## घुड़दौड़ प्रतियोगिता : हिल्टन, आर्मी कमांडर कप के बाद जेएन माथुर को मिला तीसरा कप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृतव विचार :** शान-ए-अजीम की तूफानी चाल की बदौलत जेएन माथुर ने देव फिनवेस्ट कप पर कब्जा किया। इस कप के साथ इस सीजन में घुड़दौड़ प्रतियोगिता में उन्होंने तीन बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

लखनऊ रेसकोर्स में रविवार की शाम को आयोजित हुई थॉरोब्रीड की घुड़दौड़ प्रतियोगिता में जेएन माथुर के शान-ए-अजीम ने जीत दर्ज की। दूसरे स्थान पर एक बार फिर अमर हबीबुल्लाह और मोहित भागर्व का घोड़ा विजयस ज्वाय रहा। इस सीजन में विजयस ज्वाय को लगातार तीसरी बार दूसरा स्थान मिला। जेएन माथुर का डार्क टाइगर आज तीसरे स्थान पर रहा। विजेताओं को लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रामणि ने कप और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता को 10 हजार, रनर अप को सात हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 4 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।




घुड़दौड़ देखने पहुंचे दर्शक मनीषा गुप्ता, वन्दना व शौम्या। अमृत विचार



घुड़दौड़ के दौरान घायल हुए घोड़े को ले जाते लोग। अमृत विचार

**▸▸ इस सीजन में तीसरी बार जेएन माथुर बने विजेता**

आज इंडियन ब्रीड की घुड़दौड़ में विकास पाण्डेय का रुद्रा पहले और ओजस सेकेंड दूसरे स्थान पर रहा। मो. शहबाब अब्बास नकवी के शब हा को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को क्रमशः पांच, तीन और दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चंद्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

घुड़दौड़ के बाद आयोजित किए गए फैंसी ड्रेस काम्पटीशन में पुरुष वर्ग में सैफ हबीबुल्ला को बेस्ट हैट और लेफ्टिनेंट कर्नल सिद्धार्थ को बेस्ट ड्रेस्ड जेंटलमैन घोषित किया गया। महिला वर्ग में वंदना भसीन को बेस्ट हैट और शिल्पा वर्मा को बेस्ट ड्रेस्ड लेडी घोषित किया गया। कर्नल जी कृष्णा और शालिनी भादुरी को मेड फॉर ईच अदर यंग कपल घोषित किया गया।

### चोटिल हुआ कर्नल हार्टी

घुड़दौड़ प्रतियोगिता के दौरान घोड़े कर्नल हार्टी को चोट लग गई। सोमवार को डॉक्टरों की टीम इसका स्कैन करेगी। तब यह पता चलेगा की चोट कितनी गहरी है। इसके साथ ही प्रतियोगिता में आज एक जॉकी विराज भी घोड़े से गिर पड़े और चोटिल हो गए। बता दें कि घोड़ा कर्नल हार्टी कई प्रतियोगिता में चैंपियन भी रहा है।

## शूटआउट में जीता प्रयागराज मंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज मंडल ने राज्य स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के पहले दिन वाराणसी मंडल को शूटआउट तक चले मुकाबले में 2-0 गोल से हराया। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम में रविवार से शुरू हुए टूर्नामेंट में अन्य मुकाबलों में आजमगढ़ मंडल, बस्ती मंडल, मेरठ मंडल, सहारनपुर मंडल, मिर्जापुर मंडल व कानपुर मंडल ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन एमपी सिंह (ओलंपियन), शकील अहमद (ओलंपियन, एशियन गेम्स, वर्ल्डकप), मंजू विष्ट (एशियन गेम्स) समेत अन्य ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी मौजूद रहे।

आज आजमगढ़ मंडल ने अयोध्या मंडल के खिलाफ 3-0 गोल से जीत दर्ज की। प्रयागराज मंडल ने वाराणसी मंडल को शूटआउट से 2-0 गोल से हराया। इस मैच में निर्धारित समय में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकी थी। अन्य मुकाबलों में बस्ती मंडल ने देवीपाटन मंडल को को 7-0 गोल से, मेरठ मंडल ने चित्रकूटधाम बांदा को 5-0 से, सहारनपुर मंडल ने बरेली मंडल को एकतरफा 10-0 गोल से हराया। मिर्जापुर मंडल ने मुरादाबाद मंडल को 4-0 से और कानपुर मंडल ने झांसी मंडल को 2-0 गोल से मात दी। वहीं आगरा मंडल के न आने के चलते अलीगढ़ मंडल ने वॉकओवर से जीत हासिल की।

## सार-संक्षेप

### पेरिस पैरालंपिक में अरुणा दिखाएंगी दम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ साई सेंटर की प्रशिक्षु खिलाड़ी अरुण तंवर ने रविवार को पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। टोक्यो ओलंपिक के बाद अब वह पैरालंपिक में खेलती नजर आएंगी। 14 से 17 मार्च तक चीन में आयोजित किए गए एशियन क्वालिफिकेशन ताइक्वांडो में अरुणा ने 47 किग्रा (के-44 कैटेगिरी) में स्वर्ण पदक हासिल किया। भिवानी (हरियाणा) की मूल निवासी अरुणा के पिता चालक हैं। खिलाड़ी अरुणा के हाथ छोटे और इनमें तीन-तीन अंगुलिया ही मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने कभी खुद को कमजोर नहीं समझा और लगातार दमदार प्रदर्शन किया। बताते चले कि अरुणा दो वर्षों से लखनऊ साई सेंटर में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रही हैं।




पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली अरुणा।

### एकल का खिताब पीएनबी बैंक को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ बैंकर्स क्लब की देखरेख में बैडमिंटन टूर्नामेंट केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा ने किया। इस टूर्नामेंट में विभिन्न सदस्य बैंकों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कांटे की टक्कर में एकल का खिताब पीएनबी बैंक एवं युगल का खिताब बर्ड इंस्टीट्यूट लखनऊ ने जीता। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शरद स.चांडक, केनरा बैंक के महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, पीएनबी के जोनल मैनेजर मृत्युंजय के अतिरिक्त अन्य बैंकों के जोनल हेड्स, महाप्रबंधक और अन्य लोग मौजूद रहे।

### आरटीई : डीएम की सख्ती का दिखा असर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश लेने के लिए काफी संख्या में स्कूल तैयार हो गये हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की ओर से जारी चेतावनी का भी असर दिखा है। आरटीई समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि सोमवार को अभिभावक बच्चे के लिए चयनित विद्यालय पहुंच कर सभी जरूरी डाक्यूमेंट देकर प्रवेश कराना सुनिश्चत करें। समन्वयक ने कहा कि जो विद्यालय एडमिशन नहीं लोगा उसके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं।

### एरियर भुगतान के लिए पोर्टल हुआ अपडेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षकों के सभी बकाया एरियर भुगतान के लिए अब पोर्टल को अपडेट कर दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियो को आदेश जारी कर दिया गया है कि शिक्षकों को एरियर भुगतान संबंधी कोई दिक्कत न होने पाये। इसके साथ ही आवेदन करने वाले शिक्षकों की समस्याओं का आनलाइन निस्तारण निर्धारित समय में ही किया जाये ताकि उन्हें विद्यालय छोड़ कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े।




राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित कुमुदिनी कवयित्री सम्मेलन में कविता सुनातीं डॉक्टर सीमा गुप्ता। अमृत विचार

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने किया कवियत्री सम्मलेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी एवं मातृ शक्ति को समर्पित कवयित्रियों का कार्यक्रम 'कुमुदिनी' का आयोजन रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, के सेमिनार हॉल में किया गया। सरस्वती वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम का संचालन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना', डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. रश्मिशील, डॉ. रेनू वर्मा, प्रीती त्रिपाठी, वैष्णवी सिकरवार, ज्योति उपाध्याय, डॉ. अंजना कुमार, अर्चना प्रतापगढ़ी और शशि श्रेया ने काव्यपाठ के माध्यम से समां बांध दिया। पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, इन्द्रासन सिंह 'इन्दु' आदि साहित्य जगत की विभूतियां कार्यक्रम में मौजूद रहीं।



निराला सभागार में समारोह के दौरान सम्मान प्राप्त करते जयशंकर मिश्र और शारदा मिश्र व अन्य। अमृत विचार

## जयशंकर मिश्र को मिला पं. गंगा रत्न पाण्डेय साहित्य सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रख्यात साहित्यकार पं. गंगा रत्न पाण्डेय की 107वीं जयंती रविवार को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में मनाई गई। इस मौके पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, सुशांत विश्वविद्यालय गुरुग्राम के कुलाधिपति और सुपरिचित कवि जयशंकर मिश्र को पं. गंगा रत्न पाण्डेय साहित्य सम्मान और शारदा मिश्रा को जगरानी पाण्डेय स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद जयशंकर मिश्र ने कहा कि महानता को प्रसिद्धि से नहीं तौला जा सकता। पं. गंगा रत्न पाण्डेय को भले ही बड़े पुरस्कार नहीं मिले लेकिन उन्होंने साहित्य बड़े उच्चकोटि का रचा। मुख्य वक्ता डॉ. उमाशंकर शुक्ल क्षितिकंठ ने कहा कि पं. गंगा रत्न पाण्डेय व्यक्ति नहीं संस्था थे। 1942 के असहयोग आन्दोलन में शामिल होने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। उन्होंने उपन्यास, कहानी, निबंध और महाकाव्य सब कुछ लिखा।

## श्याम मंदिर में फागुन आयो रे उत्सव की तैयारियां तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम परिवार की ओर से गोमती तट स्थित श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फागुन आयो रे उत्सव का आयोजन 19 से 21 मार्च तक किया जाएगा। इसके लिए मंदिर में बाबा का भव्य दरबार सजाया जा रहा है। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि 19 मार्च को सुबह ऐशबाग रोड आर्यनगर से श्याम ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा फतेहगंज, श्रीराम रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए श्याम मंदिर पर संपन्न होगी। 20 और 21 मार्च को मंदिर परिसर में फागुन आयो रे कार्यक्रम होगा। इसमें वाराणसी और लखनऊ के कलाकार भजन पेश करेंगे। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि होली उत्सव 25 मार्च की सुबह मंदिर प्रांगण में होगा। इसमें पांच कुंतल फूल व 10 कुंतल गुलाल से भक्त होली खेलेंगे।

## भगत सिंह और पाश की वैचारिक रोशनी में हमें आगे बढ़ना है : वंदना मिश्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ भगत सिंह और पाश अंधियारे का उजाला पुस्तक का विमोचन**

**अमृत विचार :** जन संस्कृति मंच और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की ओर से प्रख्यात लेखक कौशल किशोर की पुस्तक भगत सिंह और पाश अंधियारे का उजाला का विमोचन और परिचर्चा का आयोजन रविवार को किया गया। कैसरबाग स्थित इप्टा कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता वन्दना मिश्र ने की।

इस मौके पर वंदना मिश्रा ने भगत सिंह व उनके साथियों के साथ पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश की शहादत को याद करते हुए कहा कि भगत सिंह और पाश इस अंधेरे का उजाला हैं। कौशल किशोर ने अपनी पुस्तक में यही सवाल उठाये हैं।

पुस्तक पर हुई परिचर्चा में प्रो. रमेश दीक्षित, प्रो. सूरज बहादुर थापा, कवि-उपन्यासकार शैलेश पंडित और लेखक व इतिहासकार असगर मेहदी ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि कौशल किशोर की किताब भगत सिंह और पाश : अंधियारे का उजाला में आजादी के बाद से आज तक की सत्ता व्यवस्था और छलावों से भरी भारतीय सामाजिकता की पड़ताल है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### देश विरोधी तत्व विश्व में भारत की छवि खराब करने का कुचक्र रचते रहते हैं: श्याम कुमार

**अमृत विचार, लखनऊ:** सामाजिक संस्था विचार मंच ने देश के नागरिकों का आह्वान किया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में देशविरोधी तत्वों से सतर्क रहें। ऐसे लोग पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रही भारत की प्रगति से क्षुब्ध हैं। सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने अद्भुत आर्थिक प्रगति की है। अर्थव्यवस्था में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर आ गया है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्याम कुमार ने कहा कि देशविरोधी तत्व विश्व में भारत की छवि खराब करने का कुचक्र रचते रहते हैं। चुनाव आयोग को भी चाहिए कि वह प्रशासन से सतर्कता बरतने को कहे।

### सोलर लाइट की बैटरी चोरी सीसीटीवी में कैद

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार:** नयागांव चौराहे पर बाजार में लगी सोलर लाइट की बैटरी चोर चोरी कर ले गए। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गईं। शुक्रवार की रात को नयागांव चौराहे पर लगी सोलर लाइट की बैटरी रात में चोर ले गए। सोलर लाइट के पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने का वीडियो कैद हो गया। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि चौराहे पर ही पुलिस पिकेट लगती है। बैटरा चोरी होने की पुलिस को भनक तक नही लगी और चोर बैटरी चोरी कर ले गए।

### बाजार से बाइक चोरी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरईं में सब्जी लेने गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर निवासी आदेश सिंह पुत्र सुखपाल सब्जी लेने हरईं की साप्ताहिक बाजार गया था। वहीं, आम के पेड़ के नीचे उसने मोटरसाइकिल में लाक लगाकर खड़ी कर दी।

# लागत निर्धारण तकनीक व लागत तंत्र होगा गेम चेंजर: निधि

## सीएमए लखनऊ चैप्टर ने आयोजित किया एक दिवसीय सम्मेलन, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष टैक्स की चुनौतियों और अवसरों पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं आयकर आयुक्त प्रशासन एवं टीपीएस यूपी ईस्ट निधि वर्मा सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आयकर आयुक्त प्रशासन एवं टीपीएस यूपी ईस्ट निधि वर्मा सिंह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में सीएमए (इंस्टीटयूट आफ कास्ट एकाउंटेंट आफ इंडिया) की भूमिका सराहनीय है। लागत निर्धारण तकनीक और लागत तंत्र मोदी सरकार के "मेक इन इंडिया" मिशन की सफलता की पृष्ठभूमि तैयार करेगा।

सहकारी क्षेत्र और अन्य बिजनेस मॉडल मुश्किल दौर में हैं। यही सही समय है कि जब सीएमए लखनऊ चैप्टर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हाल ही में सीएमए को इन्वेंट्री मूल्यांकन के लिए धारा-142 (2ए) में शामिल किया गया है। जो गेम चेंजर साबित होगा क्योंकि इन्वेंटरी वैल्यूएशन एक ग्रे क्षेत्र है और इसमें बहुत ज्यादा मुकदमेबाजी होती है। इस नई प्रणाली को अपनाने से पारदर्शिता आएगी और करदाताओं व सरकार को सही टैक्स की देनदारी तय करने में मदद मिलेगी।

इससे शेयरधारकों और प्रमोटरों को सही शेयरधारिता और लाभांश मिलेगा। आयकर आयुक्त रविवार को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष टैक्स की चुनौतियों और अवसरों पर आईसीएमएआई द्वारा आयोजित एकद्विवसीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। गोमतीनगर के सीएमए भवन ऑडिटोरियम में इसका आयोजन किया गया।

गेस्ट ऑफ ऑनर सीएमए सुनील सिंह लखनऊ चैप्टर के पूर्व चेयरमैन ने ऐसे आयोजनों के लिए सराहना की। उन्होंने व्यापारिक लेनदेन की जटिलताओं के कारण, बोझिल होते कराधान में सीएमए जैसे पेशेवरों की भूमिका अहम हो जाती है। लखनऊ चैप्टर के निर्वाचित सदस्य एवं मीडिया कोआर्डिनेटर रंजीत सिंह ने कहा कि कैसे प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभाते हैं। कई अहम जानकारी उन्होंने मंच से साझा की। चेयरपर्सन नैंसी गुप्ता के नेतृत्व में इस तरह के और सम्मेलन आयोजित करने का वादा किया गया। नार्दन इंडिया काउंसिल के पूर्व चेयरमैन रवि कुमार साहनी ने कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 में नई सम्मिलित धारा 142 (2ए) उद्योग और सरकार को सही आयकर देनदारी और मुनाफे तक पहुंचने में मदद करेगी। जीएसटी सलाहकार के रूप में पुरस्कृत हो चुके सीएमए अनिल शर्मा ने जीएसटी के तहत मुकदमेबाजी के कारणों और प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। पेशेवर, सरकार और उद्योग के बीच सेतु का काम करते हैं। जीएसटी में अपडेट रहने और उद्योग जगत को अनुपालन के लिए जागरूक करने पर जोर दिया।

### गुरु के बिना नहीं हो सकता जीवन सार्थक : मुकेश आनंद

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के महवीरन मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने सृष्टि की रचना के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने बताया कि जीवन में गुरु की महत्ता है। बिना गुरु के संसार नही है। इसीलिए मीरा भाग कर काशी आई और पूज्य रामनंदा चार्य से मिली थी। कथा व्यास ने बताया कि राम ने जीवन के प्रत्येक क्षण में गुरु बनाया है। जीवन में बिना गुरु के चलना बिना प्रकाश के अंधकार की ओर चलना है। उन्होंने बताया कि महिलाएं पुरुषों के बराबर नहीं बल्कि उनसे बड़ी होती हैं। पहले सीता, फिर राम है। पहले राधा, फिर कृष्ण हैं ।ब्रह्मा का बायां अंग नारी है और दाया अंग पुरुष है। नारी भावना प्रधान होती है और पुरुष बुद्धि प्रधान होता है।

# ऐसी चीजें खाना जायज़ नहीं, जिससे रोज़ा तोड़ना पड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी हेल्प लाइन पर छह रमजान को रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने जवाब दिए।

रोज़ा, नमाज़ या किसी अन्य धार्मिक समस्या के बारे में रमजान के दौरान रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नंबर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सवाल पूछने वाली महिलाओं के लिए 6386897124 नम्बर दिया गया है। हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने सवाल किया कि अगर किसी शख्स को यकीन है कि सहरी में मछली या ऐसी कोई दूसरी चीज खाने के कारण रोजा तोड़ना पड़े तो क्या उसे खाना जायज है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि सहरी में ऐसी चीजें खाना जायज़ नहीं है, जिससे रोज़ा तोड़ना पड़े। एक सवाल पूछा गया कि रोजे की हालत में नोट गिनते समय इंसान थूक का इस्तेमाल करता है, जिससे उंगलियां नमकीन लगती हैं, क्या ऐसी हालत में रोजा टूट जाएगा? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि अगर हलक में न उतरे तो रोजा सही है।

एक सवाल आया कि किसी भी खेल में अगर दोनों टीमें शर्त लगाती हैं और कुछ पैसे जीतती हैं, तो क्या इसका उपयोग करना जायज़ है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि शर्त के पैसे का उपयोग जायज नहीं है. एक रोजेदार ने पूछा कि क्या साल की बची हुई नकदी पर खुम्स वाजिब होगा? जवाब मिला कि खुम्स वर्ष के अंत में जो कुछ भी बचा हुआ है, जैसे धन तथा आटा, दाल, नया कपड़ा, जूते, सेंट इत्यादि पर खुम्स का भुगतान करना होगा।

# एंथ्रोपोलॉजी शिक्षा ही नहीं बल्कि एक दृष्टिकोण

- कनेक्टिविटी के माध्यम से सशक्तीकरण पीएम गतिशक्ति योजना के शोध पर कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ


कार्यशाला के दौरान उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद की ओर से प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय कनेक्टिविटी के माध्यम से सशक्तीकरण पीएम गतिशक्ति योजना के शोध पर आधारित था।

लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. नदीम हसनैन ने बताया कि एंथ्रोपोलॉजी (मानवशास्त्र) विकास नीति व प्रयोग के चिंतन से सामाजिक सिद्धांतों को जोड़कर विकास परियोजनाओं में महत्वपूर्ण दृष्टि कैसे प्रदान कर सकता है। उन्होंने चेंचू व बिरजिया जनजाति का उदाहरण दिया। उनके सांस्कृतिक धारणाओं और प्रथाओं के प्रति उदासीन दृष्टिकोण कैसे उनके बीच नीतियों के सफल कार्यान्वयन को बाधित करता है। हसनैन ने कहा कि मानवशास्त्र एक शिक्षा नहीं है बल्कि एक दृष्टिकोण है। विकास में मानवशास्त्री की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में दीप सिंह कार्यकारी अभियंता, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, लखनऊ, ने पीएम गतिशक्ति योजना के योगदान पर चर्चा की। सुमित वत्स, पीएम गति शक्ति, लखनऊ के उप मुख्य अभियंता, ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से योजना का महत्व स्पष्ट किया। कार्यक्रम में शिशिर सोमवंशी, आईआरआईटीएम, लखनऊ के डीन भी उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों की नजरें लोस के साथ चार विस. सीटों पर भी

- लोस चुनाव के साथ प्रदेश में चार विधानसभा सीटों पर उप चुनाव भी कराने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के साथ उप्र. की 4 विधानसभा सीटों के लिए भी मतदान होना है। इन सभी सीटों पर अलग-अलग कारणों से उपचुनाव होने हैं। इन विधानसभा सीटों में ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी और दुद्धी एसटी सीट शामिल है। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा जबकि, लखनऊ पूर्वी सीट पर 5वें चरण यानी 20 मई को मतदान होगा।

वहीं, गैंसड़ी में छठे चरण यानी 25 मई को वोटिंग होनी है। इसके साथ ही दुद्धी सीट पर आखिरी और सातवें चरण 1 जून में मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी 4 जून को आएगा। इन चार विधानसभा सीटों में लोगों की खास निगाहें लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर हैं। लखनऊ पूर्वी सीट पर योगी सरकार में मंत्री रहे आशुतोष टंडन के निधन के बाद उपचुनाव होने जा रहा है।

इस बीच उप चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से दावेदारों के नाम भी तेजी से चलने लगे हैं। भाजपा के अभेद्य किले में सेंधमारी करने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव मजबूत रणनीति तैयार कर रहे हैं। सपा लखनऊ पूर्वी उपचुनाव को जीतने के लिए अपना पूरा दमखम झोंकने जा रही है। सपा से अनुराग भदौरिया, रमेश श्रीवास्तव, दीपक रंजन, जूही सिंह, आशुतोष वर्मा समेत कई दावेदारों की सूची में हैं।

इस सीट पर 20 मई को मतदान और 4 जून को परिणाम आएंगे। सूत्रों के मुताबिक इस सीट पर भाजपा के टिकट पर लालजी टंडन के बेटे और आशुतोष टंडन के भाई अमित टंडन का नाम आगे है। इसके साथ ही संजय चौधरी, हीरो बाजपेई, अभिजात मिश्रा का नाम भी चल रहा है।

**लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट:** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के अनुराग भदौरिया को 68731 वोटों के अंतर से हराया। उनके निधन के बाद से यह सीट खाली चल रही थी।

**दुद्धी विधानसभा सीट:** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार रामदुलार गोंड ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के विजय सिंह गौड़ को 6297 वोटों के अंतर से हराया था। रेप केस के चलते उन्हें न्यायालय ने 25 साल की सजा सुना दी। इसके चलते यह सीट खाली चल रही थी।

**ददरौली विधानसभा सीट:** 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मानवेंद्र सिंह ने चुनाव जीता था। उन्होंने सपा के राजेश कुमार वर्मा को 9701 वोटों के अंतर से हराया था। राजेश कुमार के निधन के चलते यह भी खाली चल रही थी।

**गैसड़ी विधानसभा सीट:** 2022 के विस. चुनाव में सपा के उम्मीदवार शिव प्रताप यादव ने यहां से चुनाव जीता था। उन्होंने भाजपा के शैलेश कुमार सिंह को 5837 मतों के अंतर से पराजित किया था। 26 जनवरी 2024 को डॉ. यादव की मृत्यु के कारण यह सीट खाली हुई थी।

## तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार:** मंझिला पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुसुमा पुल के निकट एक युवक को तमंचे सहित गिरफ्तार किया। जिसे जेल भेजा गया है। मंझिला थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक सुब्रत तिवारी ने बताया पुलिसकर्मी कुसमा पुल के निकट चेकिंग कर रहे थे। एक युवक संदिग्ध अवस्था में पुलिस को देखकर भागा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ा। कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम रजनीश पुत्र छोटेलाल निवासी देवरास बताया। युवक को दफा 3 / 25 के अंतर्गत जेल भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### वालीबॉल में तरहिया, कबड्डी में भौली की टीम जीती

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र ने रविवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कराई। इसमें स्पर्धा में वालीबॉल में तरहिया, कबड्डी में भौली और खो-खो में भोलापुरवा की टीमें जीतीं। विजेता और उपविजेता टीमों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बख्शी का तालाब नगर पंचायत के रुदही गांव के मैदान पर हुई प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो के मैच कराए गए। वॉलीबॉल में तरहिया गांव की टीम ने प्रथम और रूदही गांव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में भौली गांव की टीम ने पहला और बगहा की टीम ने दूसरा पुरस्कार जीता। खो-खो में भोलापुरवा ने प्रथम स्थान तो बगहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार गौतम सदस्य अलौकिक सेवा संस्थान और ओम प्रकाश पूर्व राष्ट्रीय युवा कोर बीकेटी ने विजेता व उपविजेता टीमों को प्रमाणपत्र दिए।

### मस्जिद दरगाहे रशीदिया में मौलाना ने सुनाई मुकम्मल कुरान

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब:** नगर पंचायत महोना लखनऊ के मस्जिद दरगाहे रशीदिया में हाफिज व आलिम मौलाना जियाउलहक ने तरावीह की नमाज को छठवें दिन मुकम्मल कुरान शरीफ पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि रोजा रखो नमाज पढ़ो कुरान की तिलावत करो अल्लाह से माफी मांगो अपने रब को राजी कर लो तौबा करो गुनाहों से दूर रहो अल्लाह बहुत बड़ा रहीम है। और हम सब पर रहम करने वाला है। मुकम्मल तरावीह के बाद देश में अमानो अमान के लिए दुआएं की गई। पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मो. अकील खान ने कहा रमजान शरीफ के पाक महीने में अल्लाह से तौबा करो नमाज पढ़ो जकात दो गरीबों और कमजोरों के साथ इंसाफ करो उनका हक न मारो उनके साथ में मस्जिद के इमाम मौलाना हसनैन रजा, हाशिम बेग, मो. आदिल खान, निहाल, रशीदी खान, राजू खान के अलावा मुकम्मल तरावीह में महोना एवं आसपास के सैकड़ों नमाजी मौजूद रहे।


वाल्मीकि रंग शाला में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### कैंसर से उपजे दर्द को जीवंत कर देता है नाटक फंदी

**अमृत विचार, लखनऊ:** विविध सेवा संस्थान और रंग उत्सव संस्था के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक फंदी का मंचन हुआ। शंकर शेष द्वारा लिखित व विकास दुबे द्वारा निर्देशित नाटक फंदी में फंदी ही मुख्य किरदार है। यह नाटक कैंसर जैसे मर्ज से उपजने वाली दिक्कतों पर रोशनी डालता है। फंदी का पिता कैंसर की आखिरी स्टेज में पहुंच चुका है। गरीब ट्रक चालक होने के बावजूद वह कर्ज लेकर अपने पिता का इलाज कराता है। कैंसर का इलाज नहीं होने के कारण वह काफी हताश हो जाता है। उसका पिता कैंसर के असहनीय दर्द से तड़प रहा होता है और वह अपने बेटे व सगे संबंधियों से मौत मांगता है। उधर नेशनल ट्रांसपोर्ट कंपनी वाले फंदी से गांजे की स्मगलिंग करने के लिए कहते हैं, लेकिन फंदी के मना करने पर उसे नौकरी से निकाल देते हैं। नौकरी छूटने के बाद वह इतना लाचार हो गया कि उसके बच्चे रोटी को मोहताज हो जाते हैं। फंदी के पिता असहनीय दर्द के कारण इच्छा मृत्यु मांगता है और फंदी आवेश में अपने पिता को मौत के घाट उतार देता है। नाटक में विनय कुमार गौड़ ने फंदी, विकास दुबे ने वकील, शुभम तिवारी ने वार्डर की भूमिका निभाई।

### युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतगर्त ग्राम जलालपुर में एक नवयुवक का शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। मृतक के परिजनों के अनुसार गांव के एक व्यक्ति के साथ घर से बाहर निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव में मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि रात में गांव का रहने वाला तुलसीराम उसके बेटे को बुलाने आया था। उसका बेटा सुनील तुलसीराम के साथ बाहर गया था। जब काफी समय बीत जाने के बाद सुनील वापस घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। काफी देर तलाश करने के बाद दुकान पर ढूंढा गया तो सुनील मृत अवस्था में दुकान में रखे तखत के नीचे पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 19 जोन में बंटा जिला, 21 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

**रायबरेली, अमृत विचार।** आचार संहिता के साथ ही लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया का आगाज हो गया है। जिला प्रशासन पहले से ही चुनाव को लेकर सक्रिय रहा, लेकिन शनिवार को आचार संहिता लगते ही प्रशासन और तेज हो गया है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमर कस रखी है। चुनाव को लेकर जिले को 19 जोन में बांटा गया है जबकि 168 सेक्टर बनाए गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बने लोकसभा चुनाव कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दिया गया

# राजेन्द्र नगर में गड्ढा मुक्त हुई सड़क

- अमृत विचार आपके द्वार अभियान में राजेन्द्र नगर में खराब सड़क को लेकर प्रकाशित हुई थी खबर
- नगर निगम ने संज्ञान लेकर सड़क बनवा दी, इससे लोगों को राहत मिल गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


नवयुग कन्या विद्यालय से महाकाल मंदिर को जाती सड़क।

**अमृत विचार:** दो महीने पहले तक जहां सड़क पर चलने पर गड्ढे मिलते थे। वहीं अब खबर का असर है कि सड़क बन गई है। राजेन्द्र नगर में महाकाल मंदिर से लेकर नवयुग कन्या विद्यालय तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे थे जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसी मार्ग से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते है और उन्हें इन खराब रास्तों से होकर गुजरना पड़ता था। विद्यालय जाने वाली छात्राओं को भी आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

खराब सड़क की वजह से हो रही असुविधा को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद से नगर निगम और सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार ने सड़क निमार्ण करा दिया है। सड़क बनने के बाद लोगों को राहत मिली है। राजेन्द्र नगर निवासी नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क खराब होने से बहुत असुविधा होती थी अब सड़क बनने के बाद आना जाना आसान हो पाया है। वहीं अमित मिश्रा ने कहा कि खराब सड़क होने की वजह से कई बार गिरने से बचा। सड़क बनना सभी लोगों के लिए अच्छा हैं।

# पृथ्वी पर जब अधर्म बढ़ता है तब परमात्मा मनुष्य रूप में आते हैं : देव मुरारी बापू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में चल रही राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य देवमुरारी बापू ने शिव की कथा के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए रविवार को कहा कि शंकर जी ने माता पार्वती को राम कथा सुनाते हुए ब्रह्म की पहचान कराते हुए 10 लक्षण बताए और यह जान गए की पार्वती राम कथा की अधिकारी हैं। राम जन्म के अनेक कारणों में से पांच प्रमुख कारण बताते हुए निर्गुण निराकार को सगुण साकार में मृत्यु लोक पर जन्म लेने का कारण बताया। राम अयोध्या के राजा दशरथ के यहां पुत्र के रूप में जन्म लेते हैं, साथ ही उनके तीन भाइयों का और भी जन्म होता है। राम जन्म के हेतु अनेका चौपाई के साथ उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जब अधर्म बढ़ता है, संत महात्मा और गाय को प्रताड़ित किया जाता है, तो उनकी रक्षा के लिए साक्षात परमात्मा को मनुष्य रूप में जन्म लेकर अनेक कष्ट उठाकर संत और गायों की रक्षा के लिए कष्ट सहना पड़ता है।

यदि व्यक्ति धर्म का आचरण करता है और सदैव ईश्वर का ध्यान धर्ता है, ऐसे व्यक्ति के यहां सुख समृद्धि देने के लिए परमात्मा खुद जन्म लेता है और सारे संसार में उसका यश विस्तार कर देता है। राम ने माता कौशल्या को भी सम्मान दिया क्योंकि पिता से 10 गुना ज्यादा अधिकार एक पुत्र पर मां का होता है। माता कौशल्या की गोद में राम पहुंचे और यह उपदेश दिया की प्रेम की डोरी से मैं बंध जाता हूं और भक्त की गोद में पहुंच जाता हूं। इसलिए सच्चे प्रेम से मुझे जो याद करता है मैं उसके बंधन में हो जाता हूं। राम ही केवल प्रेम प्यारा जान लेई जो जानन हरा यह चौपाई राम के लिए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखी। राम ज्यादा धन, ज्यादा रूपवान, ज्यादा वैभवशाली और ज्यादा ज्ञान से प्रसन्न नहीं होते हैं राम केवल प्रेम से प्रसन्न होते हैं इसलिए संत लोग निरंतर प्रेम करते हैं और अनुराग के साथ उनके नाम का जाप करते हैं इसलिए सबसे पहले उन्हें संत लोग प्राप्त कर लेते हैं। व्यक्ति के जीवन में संत जैसा स्वभाव होना चाहिए जिसका स्वभाव संत जैसा हो जाता है परमात्मा उसकी रात दिन रक्षा करते हैं। रामकथा के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक भी मौजूद रहीं।

# कुमार विश्वास के नाम पर हर साल एक कवि को मिलेगा सम्मान

## विश्वासम परिवार का दो दिवसीय नीति निर्धारण शिविर सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास के प्रशंसकों के परिवार विश्वासम की ओर से लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय प्रथम विश्वासम श्रमशील समागम परिवार प्रबंधन प्रवीणता प्रशिक्षण और नीति निर्धारण शिविर का रविवार की शाम समापन हो गया। समिति ने इसमें पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये।

कार्यक्रम को लेकर परिवार की संरक्षक व संस्थापक दिव्या गौरव त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय समागम में अगले एक साल की नीतियों को लेकर चर्चा की गई। देश के अलग-अलग हिस्सों से समिति के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पारित किए गए प्रस्तावों में तय हुआ कि भारतकुलम् के लिए परिवार का प्रत्येक सदस्य प्रतिदिन एक निश्चित धनराशि सहयोग के रूप में निकालेगा और महीने के आखिर में उसे सीधे विश्वास ट्रस्ट को भेजेगा। यह राशि अपनी सुविधा के अनुसार प्रतिदिन एक रुपये से लेकर 101 रुपये तक हो सकती है। तय हुआ कि कुमार विश्वास के जन्मोत्सव को सोशल मीडिया के आभामंडल से बाहर निकालकर हिन्दी पुनर्प्रतिष्ठान दिवस के रूप में विश्वासम् परिवार के सदस्यों द्वारा मनाया जाएगा। इस दिन साहित्य से जुड़े कार्यक्रम किये जायेंगे। तय हुआ कि अपने-अपने राम की विषय वस्तु का एकत्रीकरण करके उसे एक पुस्तक के तौर पर विश्वासम् परिवार प्रकाशित करेगा। प्रत्येक वर्ष विश्वासम् परिवार के सभी सदस्यों का एक मिलन समारोह सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें सभी सदस्य अपने परिवार के साथ सहभागिता कर सकेंगे। कुमार विश्वास के नाम पर एक सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन भी रखा जाएगा। जिसमें नए कवियों को अवसर दिया जाएगा। 24 दिसंबर को विश्वासम् परिवार की नींव पड़ी थी इसलिए हर साल इस दिन को विश्वासम् परिवार के द्वारा विश्वासम् उद्भव दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

## भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** रालपुर गांव के आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की पुण्यस्थली में आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान द्वारा भंडारा संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भंडारे का प्रसाद चखा। इसमें शामिल श्रद्धालुओं में डॉ. पवन अग्निहोत्री, डॉ. अंजनी अग्निहोत्री, राजेंद्र अग्निहोत्री, शिवांक शुक्ला, शशांक शुक्ला, शशि भूषण, प्रवीण तिवारी, डॉ. राम भूषण और शशांक अग्निहोत्री और श्रीकांत अग्निहोत्री, राकेश द्विवेदी, दुर्गा शंकर अग्निहोत्री, राजेंद्र त्रिवेदी, राम शरण अग्निहोत्री, करुणा शंकर द्विवेदी, सतीश अग्निहोत्री, सचिन पांडेय, सुमित शुक्ला, सचिन अग्निहोत्री, राजेश अग्निहोत्री, मुन्ना अग्निहोत्री, शंकर, दीप्ति सिंह, करुणा शंकर बाजपेई, सतगुरु, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ ने पेनाल्टी शूटआउट में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को हराया

खेलकूद

- प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न, कोमल रहीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

अयोध्या कार्यालय



मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार के साथ प्रदेशीय महिला हॉकी प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम, आरएसओ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक व संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में लखनऊ मंडल टीम ने स्पोर्ट्स कॉलेज को एक गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितीश कुमार ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोमल पाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया। इसके पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार का स्वागत किया।

प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व लखनऊ मंडल टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मैच के पूरे समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर रहीं। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज की आरिका व वैशाली ने एक-एक तथा लखनऊ मंडल की पीतांबरी व मनीषा ने एक-एक गोल किया। मैच के निर्णय के लिए पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें लखनऊ मंडल ने चार व स्पोर्ट्स कॉलेज ने तीन गोल मारे। इस तरह 4-3 से लखनऊ मंडल ने स्पोर्ट्स कॉलेज पर खिताबी जीत दर्ज की।

## रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार:** संदिग्ध दशा में एक महिला का शव रविवार को रेलवे ट्रैक पर मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फतेहपुर में मुख्य रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार की सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मगर, रेलवे ट्रैक पर शव मिलने पर मामला जीआरपी का होने की जानकारी पर पुलिस वापस लौट गई। इसकी सूचना पर बुढवज जीआरपी के सब इंस्पेक्टर छोटे लाल यादव मौके पर पहुंचे। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरोगा छोटेलाल ने बताया कि करीब 40 वर्षीय महिला का शव मिला है। अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

#### कानपुर में देवरानी ने हड़पे एक करोड़, चार्जशीट

**कानपुर, अमृत विचार :** नजीराबाद में मेडिकल स्टोर संचालक की पत्नी के एक करोड़ रुपये हड़पने के मामले में जांच में देवरानी दोषी पाई गई हैं। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सरोजनी नगर निवासी राजिन्दर पाल सिंह का मरियमपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। उनकी पत्नी हरमीत ने पिछले वर्ष 19 दिसंबर को न्यायालय की शरण लेकर देवरानी गुरमीत कौर के खिलाफ धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में देवरानी गुरमीत पर लगाए गए आरोप सिद्ध हुए। पुलिस ने गुरमीत के खिलाफ एक करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में करीब 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस को बैंक स्टेटमेंट मिला है।

#### विभिन्न स्थानों से दुष्कर्म के फरार दो आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे जहांगीराबाद थाने के रहमनगर निवासी आरोपी को बड्डूपुर थाने की पुलिस टीम ने रविवार को दबोच लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया। दूसरी ओर नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने रविवार को दुष्कर्म व धमकी के मामले में फरार चल रहे जिंहौली निवासी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

#### अपहृत युवती बरामद आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली की पुलिस ने टीम ने रविवार को अपहरण के आरोपी कांशीराम कॉलोनी आवास विकास निवासी कलाम को गिरफ्तार कर अगवा की गई युवती को बरामद कर उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा।

# 35 चेकपोस्टों पर 24 घंटे रखी जाएगी निगरानी

## कोषागार के डबल लॉक में रखी जाएगी जब्त धनराशि

लोकसभा चुनाव



कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में आचार संहिता लागू हो गई है। जिला प्रशासन शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह लगे राजनीतिक बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि उतरवाने में लगा हुआ है। इस दौरान धन बल पर नजर रखने के लिए बनाई गईं उड़नदस्ता, स्टैटिक व वीडिया निगरानी टीमों ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। इसे लेकर पूरे जिले में 35 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जहां दिन-रात वाहनों व संदिग्धों की चेकिंग की जाएगी। इस दौरान पकड़ी या जब्त की गई धनराशि को जिला मुख्यालय पर कोषागार के डबल लॉक में रखा जाएगा। वहीं पकड़ी गई प्रचार सामग्री को थाने के माल खाने में रखा जाएगा।

इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकाकरी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सभी प्रभारी अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिये जा चुके हैं। सभी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में नौ चेकपोस्ट, 27 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम तैनात की गयी है। रामनगर विधानसभा क्षेत्र में तीन चेकपोस्ट, नौ स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम, बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में चार चेकपोस्ट, 12 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम बनायी गयी है। जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में छह चेकपोस्ट, 18 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम गठित की गयी है। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आठ चेकपोस्ट, 24 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वॉयड व वीडियो सर्विलांस टीम व एक वीडियो अवलोकन टीम तैनात की गयी है। वहीं अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाली जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में पांच चेक पोस्ट, 15 स्टैटिक टीम, तीन-तीन फील्ड स्क्वायड व वीडिया सर्विलांस टीम के साथ एक वीडिया अवलोकन टीम गठित की गई है। इस तरह जिले भर में कुल 35 चेकपोस्ट, 105 स्टैटिक टीम, 18-18 फील्ड स्क्वायड व वीडिया सर्विलांस टीम के अलावा छह वीडियो अवलोकन टीमें गठित की गयी हैं।

## लोहिया अस्पताल में होगा दुधमुंही अनन्या का इलाज

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** जन्म से ही माथे पर फोड़े जैसी सूजन से जूझ रही चार माह की अनन्या का उपचार लखनऊ के लोहिया अस्पताल में होगा। जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहवा गांव निवासी महेश की पत्नी गुड़िया ने चार महीने पहले बेटी को जन्म दिया था। उसका नाम अनन्या रखा गया। जन्म से ही बच्ची के माथे पर फोड़े जैसी सूजन थी। महेश ने बेटी को कई चिकित्सकों को दिखाया लेकिन इलाज नहीं हो सका। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता के माध्यम से सीएचसी सतरिख के अधीक्षक डॉ. नितीश सिंह को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. सुधीर कुमार को भेजा। बच्ची को देखने के बाद टीम उसे सीएचसी लाई। यहां से उसे लखनऊ के लोहिया अस्पताल भेजा गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डॉ. नफीस खान ने बताया कि बच्ची में जो समस्या है, उसे मेनिंनजोसील बीमारी कहते हैं, इसका इलाज ऑपरेशन से संभव है।

## छह शातिरों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले छह शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया है। यह मुकदमे देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने दर्ज कराए हैं। बताया कि अमित, सुरेश, संजय निवासी खेवली थाना देवा, राजेंद्र चौहान निवासी पींड थाना देवा, सोमिल निवासी इब्राहिमपुर कलां थाना देवा और शिवप्रसाद निवासी जैदपुर ने देवा कोतवाली क्षेत्र में लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। एक आरोपी राजेंद्र चौहान निवासी पींड को गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इन वारदातों का खुलासा भी हो चुका है।

# डीएम ने देखी फोर्स के रुकने की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए आने वाली पैरामिलेट्री फोर्स के ठहरने को आरक्षित किए गए कॉलेजों में पहुंचकर डीएम और एसपी ने व्यवस्थाएं परखीं। इस दौरान मिली खामियों के सुधार के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

रविवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, शेरवुड कॉलेज तथा सतरिख थाना क्षेत्र के जेडी एकेडमी, मानपुर और प्रयाग कान्वेन्ट सतरिख में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल व बाह्य जनपदों से आने वाली फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं संबंधितों को आवश्यक सुधार के दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सतरिख थाने में पहुंच कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की।

**सुबेहा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में रूट मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया।

# उन्नाव में भरभराकर कच्ची छत गिरने से महिला की मौत

**सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पखरौरा में देर रात घर में सो रही महिला पर छत भरभराकर गिर गई। पास ही में हो रहे फाग में शामिल लोगों ने आनन-फानन किसी तरह महिला को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुस्तफाबाद पखरौरा गांव निवासी इंदर पाल की पत्नी इंद्राडी खाना खाकर गोद लिए बेटे सुंदरम के साथ सोने जा रही थी। तभी अचानक वहां बनी दीवार का हिस्सा गिर भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुन बेटे ने मां से भागने को कहा और वह बाहर निकल गया। महिला जब तक भागती तब तक छत और दीवार उस पर गिर गई। इंदर पाल पास ही में हो रहे एक फाग के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। बच्चे ने घटना की सूचना पिता को दी। वहां मौजूद रहे सभी लोग दौड़े और आनन-फानन महिला को मलबे से बाहर निकालकर सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सार-संक्षेप

#### शिक्षित समाज से ही होगा देश का विकास



मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पोखरा गांव स्थित पीली कोठी में हेलो किड्स एमवीएच प्री प्राइमरी स्कूल का विधायक दिनेश रावत, चीनी मिल हैदरगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि शिक्षा का उजियारा हर ओर फैले क्योंकि एक शिक्षित समाज ही देश को विकास की नई बुलन्दियों तक ले जा सकता है। इस मौके पर चैयरमैन अलोक तिवारी, विक्की पांडेय, सन्तोष श्रीवास्तव, शिवा, मंशाराम, राहुल, श्याम बिहारी, रवि, सूरज तिवारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

#### विकास से दूर है रामनगर क्षेत्र




इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते कांग्रेस नेता तनुज पुनिया।

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बुढ़वल चीनी मिल शुरू होगी और किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। बेरोजगारों को नौकरी मिलेगी। ये बातें कांग्रेस नेता तनुज पुनिया ने रामनगर स्थित देवलान में इंडिया गठबंधन की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में कांग्रेस व सपा की सरकार द्वारा विकास कार्य कराया गया है। भाजपा सरकार में विकास की दृष्टि से यह क्षेत्र कोसों दूर है। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि बाराबंकी देवा महादेवा की धरती है और समाजवादियों का गढ़ रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कहा कि प्रजातंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है। पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे ने कहा इस चुनाव में हम सभी को एकजुट होना होगा। पूर्व मंत्री व विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई, पूर्व सांसद रामसागर रावत, रतनलाल राव, राम गोपाल रावत, कांग्रेस के जिला ध्यक्ष मोहसिन किदवई, सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने भी अपने-अपने विचार रखें। सपा व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### 3384 ग्रामीण हुए साक्षरता परीक्षा में शामिल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नव भारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन रविवार को जिले के परीक्षा केंद्र बने 464 प्राथमिक विद्यालयों में किया गया। इस परीक्षा में पंजीकृत 4631 के सापेक्ष 3384 ने परीक्षा दी। इसमें 2288 महिलाएं और 1093 पुरुष शामिल थे। रविवार को आयोजित नवभारत साक्षरता परीक्षा को लेकर उत्साह दिखा। जिन स्कूलों में उनके बच्चे पढ़ते है, उन स्कूलों में उनके निरक्षर माता-पिता परीक्षा देने पहुंचे। बीएसए के साथ ही बीईओ और जिला समन्वयक ने भी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया।



नवभारत साक्षरता परीक्षा देते ग्रामीण।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को दी धमकी, सदमे से पत्नी की मौत

हरदोई कार्यालय

हरदोई की घटना

- मुकदमा दर्ज करने की धमकी देने का वीडियो भी हुआ वायरल
- घर के बाहर लगी नेम प्लेट उतरवाने पर हुई तीखी नोकझोंक

**अमृत विचार :** जिले के सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम को किसी बात पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी तो सदमे में डूबी उनकी पत्नी की मौत हो गई। मामला शनिवार का है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन होर्डिंग-बैनर उतरवाने में जुट गया। इसी बीच भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा के लखनऊ रोड स्थित आवास के बाहर उनके नाम का बोर्ड लगा हुआ था। सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में चल रही नगर पालिका परिषद की टीम ने उनका बोर्ड उखाड़ लिया। इसका पता चलने पर विद्याराम घर से बाहर निकले और अपने नाम का बोर्ड उखाड़ने की वजह पूछी, जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने न सिर्फ विद्याराम को खरी-खोटी सुनाई, बल्कि उनके खिलाफ केस दर्ज करने की भी धमकी दी। यह बात पास में खड़ी उनकी पत्नी ने सुनी तो वह बेसुध हो गई। पूर्व जिलाध्यक्ष की पत्नी लता वर्मा भाजपा के लिए सारी जिंदगी जूझने वाले अपने पति की उसी की सरकार में हुई बेइज्जती बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसी के सदमे में रविवार सुबह उनकी मौत हो गई, ऐसा परिजनों का आरोप है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा व सिटी मजिस्ट्रेट में हुई नोकझोंक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। 'अमृत विचार' इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पूरी घटना से डीएम को अवगत कराया है।

# 10 साल से उन्नाव बदहाल: अन्नू टंडन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




मंच पर बैठीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हमारे उन्नाव की दशा जो पिछले दस सालों में हुई है। शायद अब यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार चुनाव का वक्त आ गया है। मैं खुलकर बोलना चाहती हूं। मैं चुनाव के मैदान में हूं और मुझे यह 10 साल का हाल बर्दाश्त नहीं है क्या आपको है।

यह बात रविवार को राजधानी मार्ग स्थित डीबी पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित सपा कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक के दौरान सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कही। उन्होंने कहा कि शुक्लागंज में लगने वाले प्रतिदिन जाम की दुश्वारियां से बाखूबी परिचित ही नहीं भुक्तभोगिनी भी हूं, स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरी पेशा लोगों को प्रतिदिन घण्टों जाम झेलना पड़ता है, मरीजों को कानपुर लेकर जानें वाली एम्बुलेस जाम में फंसती है। सांसद बनने के बाद मेरी प्राथमिकता उन्नाव और शुक्लागंज के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाना होगा, उन्होंने कहा कि मैं समाजवादी हूं। जिनकी कथनी और करनी में फर्क नहीं होता है। उन्होंने कहा कि यहां की दूसरी बड़ी समस्या गर्ल्स इंटर या डिग्री कॉलेज की है। जिलाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मेंद्र यादव, अंकित यादव, सुरेश पाल, हेमंत पाल, उमालाल, वीरेंद्र शुक्ला, अंकित परिहार आदि मौजूद रहे।

अनुभूति-2024

देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं अग्रिमा द्विवेदी को मिस अनुभूति का खिताब

# पवनदीप और अरुणिता के गीतों पर झूम उठे लोग

देवा, बाराबंकी





रामस्वरूप मेमोरियल विवि में गीत प्रस्तुत करते पवनदीप व अरुणिता।

**अमृत विचार :** रामस्वरूप मेमोरियल विवि में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति-2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिन इंडियन आइडल विजेता रहे पवनदीप राजन एवं इंडियन आइडल फेम अरुणिता कांजीवाल के नाम रहा। स्टार नाइट में दोनों इंडियन आइडल फेम ने गानों से समां बांधा कि लोग झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत अरुणिता ने अगर तुम साथ हो से की। उन्होंने कई गीत पेश किये। पवनदीप ने अपने चर्चित गाने, जो तुम न हो से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट गीत सुनाए।

दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के आए परिणामों में, दिल तो बच्चा है जी, में शिव हरि, व अन्दलीब ज़ेहरा, युगल गायन प्रतियोगिता में आयुषी एवं नंदनी, युगल नृत्य में स्वीकार मिश्रा एवं रिद्धी अग्रवाल ने बाज़ी मारी। एसएमआरयू के छात्र देवेन्द्र शर्मा को मिस्टर अनुभूति एवं मिस अनुभूति का ताज बीबीडी की छात्रा अग्रिमा द्विवेदी के नाम रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवि के चांसलर इ. पंकज अग्रवाल, प्रो. चांसलर इ. पूजा अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो.(डॉ.) देवेन्द्र शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. नीरजा जिन्दल उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. वीना सिहं एवं कार्यक्रम संयोजक इ. रोहित सिंह ने कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी क्लबों के सदस्यों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह टीम वर्क के कारण सफल हो पाया है। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

## सफलता के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत : पवनदीप

**देवा, अमृत विचार :** इंडियन आइडल सीजन-12 के विजेता फेमस सिंगर पवनदीप राजन शनिवार को राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अनुभूति 2024 वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने आये। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है बल्कि उसके लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि गायन के क्षेत्र में कठिन मेहनत जरूर करनी पड़ती है पर सफलता पाना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि वह उत्तराखंड के परंपरागत गीतों की भी पहचान बनाये रखना चाहते है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की तहजीब व व्यंजनों के वह कायल हैं।

## रायबरेली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सहमे लोग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रविवार की दोहपर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। आनन-फानन भारी संख्या में पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव से करीब 300 मीटर दूर बाग में लाल मोहम्मद की लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री है। रविवार को इस फैक्ट्री में उस समय विस्फोट हो गया जब दो श्रमिक बाइक से कुछ सामान उतार रहे थे। घटना में वीरेंद्र कुमार 19 निवासी पहरेमऊ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे श्रमिक शिवम पुत्र देवेंद्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। विस्फोट इतना भयावह था कि शव करीब 10 फिट ऊपर पेड़ से टकरा कर दूर झाड़ी में जा गिरा।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

## संपादकीय

# लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

# कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी, युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

> इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े , चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है । उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी , डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर"शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है । प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिेदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# कितना निष्पक्ष होगा आयोग

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

# वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता '।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

## सोशल फोरम

# नीति में बदलाव की जरूरत

> प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

# चुनाव में आज भी काला धन हावी



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

> उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता । कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें , तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

(यः पश्यति स पश्यति )

# चारित्रिक दोष

> हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

## एक नजर

### जादूगर मिस्टर इंडिया को विश्व रत्न सम्मान

परसपुर (गोंडा), अमृत विचार : जिले के विकासखंड परसपुर के ग्राम सीरपुरवा हरदिहा सपौर में एक साधारण परिवार में जन्मे जादूगर मिस्टर इंडिया अपने अनोखे हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन से आसमान की बुलंदियों को छूने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास की देन है कि इनको इस मुकाम तक पहुंचा दिया और विश्व विख्यात जादूगर के रूप में जाने पहचाने जाने लगे। उन्हें विश्वरत्न पुरस्कार से नवाजा गया है। अभी हाल ही में इन्हें परम् भूषण अवॉर्ड से नवाजा गया था। जादू की दुनिया में अब एक के बाद एक हैरतअंगेज कारनामों के माहिर कलाकार के रूप में अपनी ख्याति हासिल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने अनोखा धमाल मचाया।

### अवध विवि के रडार पर सात जिलों के 12 परीक्षा केंद्र

अयोध्या कार्यालय : बाराबंकी के सिटी लॉ कालेज में 27 फरवरी को पकड़े गए सामूहिक नकल के मामले के बाद सोमवार से शुरू हो रही एलएलबी की त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस परीक्षा को लेकर सात जनपदों के 12 परीक्षा केंद्र सीधे विश्वविद्यालय के राडार पर आ गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। सोमवार से सात जनपदों अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और बाराबंकी के 37 लॉ कालेजों की परीक्षा शुरू होगी, जो आगामी 28 मार्च तक चलेगी। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें सर्वाधिक संवेदनशील बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और गोंडा के लॉ कालेज चिह्नित किए गए हैं। एलएलबी की परीक्षा को लेकर इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से त्रिस्तरीय निगरानी की व्यवस्था की जा रही है।

# ट्रेन के आगे कूदे प्रेमी-प्रेमिका, मौत

## युवक डी-फार्मा तो युवती कर रही थी 12 वीं की पढ़ाई, परिवार वाले थे शादी के खिलाफ

हरदोई कार्यालय



अमृत विचार : डी-फार्मा कर रहे प्रेमी ने 12 वीं की पढ़ाई कर रही अपनी प्रेमिका के साथ अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। इसका पताः होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े मे लेते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या किए जाने का यह मामला कछौना कोतवाली के सुजानपुर रेलवे क्रासिंग का बताया गया है। रविवार की एक युवक एक युवती के साथ कार से वहां पहुंचा, कार को रेलवे लाइन के किनारे खड़ी कर वहां से गुज़र रही अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन के सामने छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के पायलट ने इस बारे में स्टेशन मास्टर को सूचना दी। उसके बाद स्टेशन मास्टर ने कछौना पुलिस को मेमो भेजा। इसका पता होते ही एसआई अशोक तिवारी वहां पहुंचे और दोनों के शवों को अपने कब्ज़े में लिया। इस बारे में एसएचओ कछौना राकेश कुमार ने बताया कि प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। फिलहाल अभी किसी भी तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। युवक की पहचान इन्द्रजीत निवासी त्योना खुर्द कोतवाली बेनीगंज और युवती की पहचान सरिता निवासी समसपुर कोतवाली कछौना के रूप में हुई है।

### तय हो चुकी थी शादी

बात बहन के ससुराल की थी, इस वजह से इंद्रजीत की दाल नहीं गल रही थी। बताते है कि सब कुछ जानते हुए सरिता के घर वालों ने उसकी शादी एक गांव से तय कर दी थी लेकिन इंद्रजीत के अलावा कोई दूसरा उसका हमसफर बनें, सरिता को ये मंज़ूर नहीं था। इस वजह से वह दूसरी जगह शादी करने के खिलाफ थी और इसी वजह से उसने इतना खतरनाक फैसला करते हुए आत्महत्या कर ली।

### बहनोई के घर रह कर रहा था पढ़ाई

इंद्रजीत बचपन से ही अपने बहनोई रामनरेश के घर दुबघटिया में रह कर पढ़ाई कर रहा था और वहीं बहनोई की कार चला कर थोड़ी बहुत कमाई भी कर लेता था। वहीं सरिता भी अपने मामा के घर आती-जाती थी। उसी बीच इन्द्रजीत की उससे मुलाकात हुई और दोनों में कब प्यार हो गया, इसका किसी को पता तक नहीं चला।

## हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक की मौत

बांदा, अमृत विचारः मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव के मजरा वंशीपुर गांव का है। बरहौं संस्कार के दौरान तमंचे से की जा रही हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक की मौत हो गई। मटौंध थाना क्षेत्र के दुरेड़ी गांव के मजरा वंशीपुर गांव निवासी प्रमोद पाल (22) पुत्र जलमापाल शनिवार की रात पड़ोसी धीरज पाल के पुत्र के बरहौं संस्कार में शामिल होने गया था। नाच गाने का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच पड़ोसी सौरभ सिंह पुत्र श्याम सिंह ने तमंचे से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली सामने खड़े प्रमोद के बाईं ओर सीने में जा लगी।

# नंदिनी हत्याकांडः मुख्य अभियुक्त पुलिस से दूर

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीर नगर



अमृत विचार। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा गांव में सुभासपा नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या के हाई प्रोफाइल मामले का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। हत्याकांड का मुख्य नामजद अभियुक्त आनंद यादव पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है तो वहीं कोतवाली पुलिस हत्या के दूसरे पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

बताते चलें कि सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की बीते रविवार को दिन दहाड़े उनके बेडरूम में ही धारदार हथियारों से बड़ी निर्दयता के साथ हत्या कर दी गई थी। इस घटना के 10 दिनों पूर्व नंदिनी के चचेरे ससुर की लाश रेलवे ट्रैक से बरामद हुई थी। परिजनों के मुताबिक मृतक बालकिशुन बेशकीमती की जमीन को आनन्द यादव और उनके साथियों ने बिना पूरी रकम दिये ही रजिस्ट्री करा लिया था। पैसा मांगने पर उक्त लोगों ने बाल किशुन की हत्या कर उनका शव रेलवे ट्रैक पर रख दिया था। मामले में परिजनों और ग्रामीणों को साथ लेकर नंदिनी राजभर ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया

# अयोध्या से जैन धर्मगुरु ने शुरू किया चुनाव शुद्धि महाभियान

अयोध्या कार्यालय



रामलला का दर्शन करने पहुंचे जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि।

अमृत विचारः जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि रविवार की सुबह अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन करने के पश्चात कहा कि देश की अखंडता व शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। यह चुनाव देश का भाग्य बदलता है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा की बात नहीं कर रहा हूं। सिर्फ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए महाभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या श्रीराम व भगवान आदिनाथ की जन्मभूमि है। अयोध्या का महत्व केवल हिंदू या सनातन धर्म में नहीं है। जैन, बौद्ध, सिख समेत सभी धर्मों में अयोध्या का महत्व है। केवल रास्ते को बदलना पर्याप्त नहीं होता है। रास्ते को परिवर्तित करने वाले हाथ शुद्ध होने जरूरी है। इसलिए अयोध्या से चुनाव शुद्धि महाअभियान शुरू करने जा रहे हैं।

## 10 साल पहले मर चुके राजेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

ऊंचाहार, रायबरेली: क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आ या है। इस मामले ने पुलिस की जांच पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। दरअसल पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है, जिसकी मौत करीब दस साल पहले हो चुकी है।

इस बात की जानकारी गांव वालों को हुई तो पूरा गांव हैरान है कोतवाली क्षेत्र के गांव फूल की बाग मजरे सवैया हसन का है। कोतवाली क्षेत्र के गुलरिहा गांव की एक महिला ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें आरोप है कि फूल की बाग गांव निवासी अवधेश कुमार, राजेंद्र कुमार और सुखेंद्र कुमार ने बीती 11 मार्च को महिला के खेत के पास मारपीट कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने इस मामले में छेड़छाड़, मारपीट, गाली और धमकी की प्राथमिकी 14 मार्च को दर्ज की है।

# प्रतापगढ़ में एसटीएफ की हिरासत में युवक की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़



अजय प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

अमृत विचार : एसटीएफ की हिरासत में एक मामले में आरोपी युवक की मौत हो गई। पुलिस मौत की वजह हार्ट अटैक बता रही है, जबकि परिवार के लोग मारपीट और पुलिस प्रताड़ना में हत्या का आरोप लगा रहे हैं। बेटी ने सांगीपुर थाने में हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सांगीपुर के लखहरा निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति (45) पुत्र राजनाथ सिंह की एसटीएफ की हिरासत में मौत हो गई। उनके परिजनों के अनुसार अजय यहां गांव में अपना पोल्ट्री फार्म चलाता था। पुलिस के अनुसार वह मादक पदार्थ की तस्करी का आरोपी भी था। लखनऊ के गोमती नगर कोतवाली में उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के आरोप का मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह वांछित था। रविवार दोपहर एसटीएफ की लखनऊ यूनिट उसके घर पहुंची और गिरफ्तार करके उसे ले जा रही थी। लालगंज में उसकी तबियत खराब होने पर शाम करीब पांच बजे एसटीएफ उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले गई। चिकित्सक सुधाकर के अनुसार मरीज अजय के सीने में दर्द व हाई बीपी की समस्या से स्थिति गंभीर थी, उसे रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल पहुंचने पर अजय की मौत हो गई। एसटीएफ अस्पताल में शव छोड़कर सूचना देकर चली गई।

## 250 कलाकार करेंगे शौर्य प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालयः रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से चल रहे रामोत्सव में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। तुलसी उद्यान मंच पर लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान लखनऊ और समस्त क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा शौर्य पर्व पर आमंत्रित 11 प्रदेशों के 250 से भी अधिक कलाकार अपनी विशिष्ट प्रस्तुति देकर कीर्तिमान बनाएंगे।

सनातन संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र की महत्ता को दर्शाते हुए 18 से 20 मार्च तक शौर्य पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आमंत्रित कलाकार अपने - अपने प्रदेश के पारंपरिक लोकनृत्य, जिसमें शस्त्र और शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।

# कब्र खोदकर निकाला गया शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : पिटाई से मौत होने और फिर जबरन शव दफन कराने के आरोपों से सामना कर रही हरियावां पुलिस ने रविवार को कब्र खोद कर शव बाहर निकाला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुए।

बताते चलें कि हरियावां थाने के कमलापुर मजरा अरुआ की कमला देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री डीएम व एसपी को शिकायत पत्र देते हुए बताया था कि उसका बेटा नीरज शारीरिक व मानसिक रूप से कमज़ोर था।

छह मार्च को गांव की मीना पत्नी महिपाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए नीरज की शिकायत की थी जिस पर दो कांस्टेबिल उसे पकड़ने आए और मारपीट करते हुए थाने ले गए। बेटे की थाने में पिटाई की गई। हालत बिगड़ी तो पुलिस ने उसी दिन शाम को छोड़ गई। गुरुवार को उसकी मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस की पिटाई से उसके पुत्र की मौत हुई। उसने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की लेकिन पुलिस ने बगैर पोस्टमार्टम के शव को जैसे-तैसे दफन करा दिया। कमला देवी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री, डीएम व एसपी को शिकायत पत्र देकर दोषी पुलिसकर्मियों व मीना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर रविवार को गांव के बाहर दफन किए गए नीरज के शव को कब्र खोद कर निकाला गया।

### मीडिया को भी रखा गया दूर

खबर सुनते ही मीडिया के साथ-साथ वहां काफी भीड़ पहुंच गई, लेकिन पुलिस ने भीड़ को तो आगे नहीं बढ़ने दिया, बल्कि मीडिया वालों को इस लिए दूर रखा कि कोई कब्र खोदने और शव निकालने का फोटो न ले सके, मीडिया से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि उन्हे मना कर दिया गया था कि न फोटो खींचे और न कोई वीडियो बनाएगा। लेकिन ऐसा क्यो किया गया, किसी की समझ में नहीं आ रहा है।

## 153 बसों में रामभक्त लेकर अयोध्या पहुंचे केंद्रीय मंत्री

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडेय अपने ससंदीय क्षेत्र चंदौली से राम भक्तों के साथ रविवार को अयोध्या पहुंचे। यहां रामलला का दर्शन करने के बाद अयोध्या का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने पर भारत की श्रेष्ठ संस्कृति के जागरण का अनुभव होता है। वह यहां 153 बसों के साथ पहुंचे थे। उनके साथ इन बसों में संसदीय क्षेत्र से राम भक्त आए थे। उन्होंने कहा कि पूरी अयोध्या नगरी एक रंग में एक धार्मिक परिवेश में दिख रही है। इंडिया गठबंधन पर भी उन्होंने कटाक्ष किया। कहा कि भारत में एक ही गठबंधन है। वह है नरेंद्र मोदी जैसे तपस्वी नेता के संग जनता से सीधे लगाव का गठबंधन। यह आशा का गठबंधन है। लोगों को विश्वास है कि वह देश को विकसित बना सकते हैं। देश को दुनिया में गौरवपूर्ण स्थान दिला सकते हैं। इंडिया गठबंधन आज तक एक संयुक्त कार्यक्रम नहीं कर सका तो यह कैसा गठबंधन है?

### गोंडा नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर

गोंडा कार्यालय : नगर पालिका परिषद गोंडा की अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ थाना नगर कोतवाली में शनिवार को एफआईआर दर्ज करा दी गई है। शत्रु सम्पत्ति पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने के प्रकरण में यह कार्यवाही की गई। आरोप है कि नगर पालिका परिषद के दस्तावेज में कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से शत्रु संपत्ति को उजमा राशिद के नाम अंकित किया गया है।

बता दें कि संरक्षक शत्रु संपत्ति गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश पर जून 2023 में नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के रकाबगंज स्थित आवास को सील करा दिया था। जांच में स्पष्ट हुआ है कि नगर पालिका परिषद गोंडा के शत्रु संपत्ति संबंधी दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई। कूट रचना कर अनियमित एवं अवैध तरीके से उजमा राशिद का नाम इन दस्तावेजों में अंकित किया गया।

## वर्ग पहेली-13

**बाएं से दाएं**

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

**ऊपर से नीचे**

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 | ■ |
| ■ | 3 | | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | 6 | | ■ |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 |
| | ■ | ■ | 9 | | | |
| ■ | 10 | | ■ | | ■ | |

### वर्ग पहेली -12 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | जा | वा | ■ | ■ | 2 गँ | ■ |
| ला | ■ | ■ | 3 वै | ■ | द | ■ |
| कं | ■ | 4 अ | ध | 5 ज | ला | ■ |
| 6 द | शा | व | ता | र | ■ | 7 खं |
| ■ | ■ | गा | ■ | 8 क | रं | ड |
| 9 अ | गू | ढ़ | ■ | टी | ■ | सा |
| ल | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | री |

# गंगा की लहरों पर दिखा रोमांच, दौड़ाई बोट



नौका रेस में दिखाया दम। अमृत विचार

कानपुर, अमृत विचार। रविवार को कानपुर बोट क्लब पर 33वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्याकिंग केनोइंग -2024 चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। पर्यावरण संरक्षण व मतदान संकल्प के साथ शुरू हुये कार्यक्रम में गंगा की लहरों पर रंग बिरंगी नौकाओं की अठखेलियां देखने को मिलीं। अलग-अगल टीमों के खिलाड़ियों ने लहरों पर बोट की तेजी दिखाई तो घाट दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शाम होते ही गंगा आरती और लाइट शो का आयोजन भी हुआ। अब सोमवार को विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इस दौरान आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान करने व लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित करने की अपील की। इसके साथ ही अध्यक्ष उत्तर प्रदेश क्याकिंग केनोइंग एसोसिएशन सुरेश गुप्ता व अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले पीएसी की 6 राफ्ट बोट 4 मोटर बोट और 5 देसी नावों के काफिले से बैंड की रिदम में मार्च पास्ट का आयोजन कौतूहल भरा रहा।

# नया जूता चिटक गया तो दुकान मालिक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ थानाक्षेत्र में फुटवियर की दुकान से जूता खरीदकर गए ग्राहक का गारंटी में होने के बाद जूता चिटक गया। ग्राहक ने पीरोड स्थित मोहन फुटवियर के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि जब ग्राहक जूता वापस करने आया तो दुकानदार ने उससे अभद्रता कर मारपीट की।

नवाबगंज निवासी राजीव कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि छह जनवरी 2024 को उन्होंने पी रोड स्थित मोहन फुटवियर से एक जोड़ी जूता खरीदा था। जूता एक सप्ताह के भीतर ही चटक गया। वह 17 जनवरी को जूता वापस करने फुटवियर शॉप गए। मालिक ने दो महीने बाद वापस कर लेने को कहा। जिस पर वह 15 मार्च को दोबारा जूता वापस करने गये।

## सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | | | 3 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | 7 | | 8 | | | 4 | | |
| 5 | | | 3 | | | 8 | 9 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| | | | | | | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |

### सुडोकू -91 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 1 गु.; 2; 3 चं.; 4; 5; 6 के.; 7; 8; 9; 10; 11 श. मं. शु.; 12 बु. रा. सू.)

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृष** — आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

**मिथुन** — आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

**कर्क** — आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

**सिंह** — आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

**कन्या** — आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा, लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

**तुला** — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर** — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**कुंभ** — आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

**मीन** — आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
क्यों की — सुबह : 11.00
सरफरोश — रात : 07.00

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 10.43
वाटला हाउस — रात : 07.00

SONY PIX
एनाबेल — सुबह : 10.46
ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सड़क — सुबह : 10.30
फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12.51
भोला शंकर — रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

# मोटरस्पोर्ट्स के लिए उपयुक्त स्थानों में श्रीनगर शीर्ष पर : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के माहौल की प्रशंसा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत मोटरस्पोर्ट्स को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और श्रीनगर उन स्थानों में शीर्ष पर है जहां ऐसा हो सकता है।

मोदी ने रविवार को श्रीनगर में डल झील के तट पर आयोजित पहले फॉर्मूला 4 कार शो को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है। इससे जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को और अधिक प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। मोदी ने कहा कि भारत मोटरस्पोर्ट्स को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और श्रीनगर उन स्थानों में शीर्ष पर है जहां ऐसा हो सकता है।


श्रीनगर में रविवार को डल झील के पास फॉर्मूला-4 इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। :एजेंसी

# छोटे से टब में शुरू की मशरूम की पैदावार, कमाई एक लाख पार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद के छोटे से गांव में रहने वाली सोनी का छोटा सा प्रयास आज एक बड़ी उपलब्धि बन चुका है। सोनी के संकल्प से सिद्धि तक पहुंचने की कहानी गांव की महिलाओं के लिए मिसाल है। दरअसल सोनी ने बटन मशरूम उगाकर अपनी किस्मत बदली और संवारी है। अब सोनी मशरूम का उत्पादन कर एक सीजन में एक लाख से अधिक की कमाई कर रही है। अगले सीजन में उन्होंने बड़े स्तर पर मशरूम उत्पादन करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

मरौरी ब्लॉक के गांव सैजनी वनकटी निवासी सोनी की आत्मनिर्भर बनने की कहानी चार साल पहले शुरू हुई थी। शादी के बाद खुद को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर उन्होंने सबसे पहले सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद गांव में ही सिलाई का सेंटर खोलकर खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की शुरुआत की। इस बीच कुछ बड़ा करने की चाहत में उन्होंने एक बार फिर घर की देहरी लांघ शहर का रुख किया। वर्ष 2021 में सोनी ने आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया।

विकास भवन स्थित गो उत्पाद बिक्री केंद्र में अपनी निःशुल्क सेवाएं देने वाली सोनी के मुताबिक उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रयोग के तौर घर में ही छोटे-छोटे प्लास्टिक के टबों में मशरूम उगाने की शुरुआत की। उनकी लगन और मेहनत रंग लाई। सभी टबों में जमकर बटन मशरूम उगा। इस मशरूम को एक-दो महीने तक घर के अलावा कई ग्रामीणों ने भी खाया और उनकी हौसला अफजाई की।



▸▸ समूह से जुड़ीं अन्य 10 महिलाओं को भी बनाया आत्मनिर्भर

वर्ष 2022 में सोनी ने महिला स्वयं सहायता समूह की अन्य सदस्यों के साथ जुड़कर 25 हजार की लागत से घर के एक कमरे में ही मशरूम उगाया। करीब चार माह की मेहनत के बाद अच्छी पैदावार हुई। इस सीजन में उन्हें लागत निकालकर 15-20 हजार रुपए का ही लाभ हुआ। वर्ष 2023 अक्टूबर में उन्होंने दायरा बढ़ाते हुए घर के अंदर ही पुनः मशरूम की खेती की। करीब तीन माह तक समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं की मदद से उन्होंने पॉली बैग में उग रहे मशरूमों की बेहतर देखभाल की। जनवरी में फसल तैयार हो गई और छोटे-छोटे पैकेट बनाकर फरवरी तक इसकी शहर समेत विभिन्न नगर-कस्बों में बिक्री की। इस सीजन में उन्हें एक लाख से अधिक का प्रॉफिट हुआ।



‘ अगले सीजन में पांच लाख की लागत से बड़े स्तर पर खेत में मशरूम उगाने की तैयारी शुरू कर दी है। बिक्री की व्यवस्था भी स्वयं ही करेंगे। इस प्रयास से गांव की अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसका कईयों को लाभ मिल रहा है।

– **सोनी**, अध्यक्ष विकास स्वयं सहायता समूह

‘ ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। विभिन्न ट्रेडों में पारंगत करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। स्वरोजगार के लिए ऋण भी मुहैया कराते हैं। सोनी ने मशरूम की खेती की और बेहतर रिस्पांस मिला है। उन्हें आगे भी जरुरत पड़ने पर सहयोग रहेगा।

– **जेसी जोशी**, परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

## एक नजर

### आजम खां समेत चारों दोषियों पर आज होगा सजा का ऐलान

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आलेहसन को दोषी करार दिया था। इस मामले में चारों को सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व डकैती के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी।

### मणिपुर : एफओसीएस अध्यक्ष के आवास पर हथगोला फेंका

इंफाल : फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी मणिपुर (एफओसीएस) के अध्यक्ष मनिहार के आवास पर रविवार रात एक हथगोला फेंका गया। मनिहार ने कहा कि उन्होंने अपने आवास पर हथगोला देखा लेकिन वह फटा नहीं। उन्होंने कहा कि अगर हथगोला फट जाता तो जानमाल का नुकसान होता। उन्होंने आगे कहा कि मणिपुर विरोधी लोगों ने हथगोला फेंका होगा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### मध्य प्रदेश के बालाघाट में बाघ का शव मिला

बालाघाट : मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में रविवार को एक नदी में एक बाघ का क्षत-विक्षत शव पाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि ऐसा संदेह है कि बाघ की मौत करंट लगने से हुई है और उसके नाखून गायब हैं। उन्होंने बताया कि बाघ का यह शव सुबह तुमड़ी टोला के निकट चंदन नदी में उतरता हुआ पाया गया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर शिव नागेश्वर ने कहा कि बाघ का शव आठ से दस दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रथमदृष्टया इस बात की आशंका जताई जा रही है कि बाघ की मौत करंट लगने से हुई है। उन्होंने कहा कि बाघ की मौत मामले की जांच की जा रही है।

### महिला चिकित्सक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद : जिले में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के आरोप में ग्राम प्रधान के पति को गिरफ्तार किया गया है। शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने रविवार को पीड़िता के बयान के हवाले से बताया कि आरोपी सुनील की दो वर्ष पहले टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में महिला के क्लीनिक पर ही उससे दोस्ती हुई थी। आरोपी सुनील बागपत जिले के भेड़ापुर की ग्राम प्रधान का पति है। पीड़िता के बयान के मुताबिक, सुनील ने उससे शादी का वादा कर उसका यौन और आर्थिक शोषण किया था।

आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में प्रस्ताव पारित कर की राम मंदिर निर्माण की प्रशंसा

# मंदिर निर्माण विश्व इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कहा कि उसने रविवार को यहां संपन्न अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया है। संघ ने ‘श्रीराम मन्दिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर’ शीर्षक से प्रस्ताव पारित किया। इसमें कहा गया कि पौष शुक्ल द्वादशी, युगाब्द 5125 (22 जनवरी 2024) को श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के विग्रह की भव्य-दिव्य प्राणप्रतिष्ठा विश्व इतिहास का एक अलौकिक एवं स्वर्णिम पृष्ठ है।

प्रस्ताव में कहा गया कि हिन्दू समाज के सैकड़ों वर्षों के सतत संघर्ष एवं बलिदान, पूज्य संतों और महापुरुषों के मार्गदर्शन में चले राष्ट्रव्यापी आंदोलन तथा समाज के विभिन्न घटकों के सामूहिक संकल्प के परिणामस्वरुप संघर्ष काल के एक दीर्घ अध्याय का सुखद समाधान हुआ। इस पवित्र दिवस को जीवन में साक्षात देखने के शुभ अवसर के पीछे शोधकर्ताओं, पुरातत्वविदों, विचारकों, विधिवेत्ताओं, संचार माध्यमों, बलिदानी कारसेवकों सहित आंदोलनरत समस्त हिन्दू समाज तथा शासन-प्रशासन का महत्त्वपूर्ण योगदान विशेष उल्लेखनीय है। संघ ने कहा कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस संघर्ष में जीवन अर्पण करने वाले सभी बलिदानियों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपर्युक्त सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है।



▸▸ संघ के अभिमंत्रित अक्षत वितरण अभियान में समाज के समस्त वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही

संघ के प्रस्ताव में कहा गया कि श्रीराममन्दिर में अभिमंत्रित अक्षत वितरण अभियान में समाज के समस्त वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। लाखों रामभक्तों ने सभी नगरों और अधिकांश गांवों में करोड़ों परिवारों से संपर्क किया। 22 जनवरी 2024 को भारत ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में अद्भुत आयोजन किये गए। गली-गली और गांव-गांव में स्वप्रेरणा से निकाली गईं शोभायात्राओं, घर-घर में आयोजित दीपोत्सवों तथा लहराती भगवा पताकाओं और मंदिरों-धर्मस्थलों में हुए संकीर्तनों आदि के आयोजनों ने समाज में एक नवीन ऊर्जा का संचार किया। प्रस्ताव के मुताबिक, ‘श्री अयोध्याधाम में प्राणप्रतिष्ठा के दिन देश के धार्मिक, राजनैतिक एवं समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा सभी मत-पंथ-सम्प्रदाय के पूजनीय संतवृंद की गरिमामयी उपस्थिति थी। यह इस बात का द्योतक है कि श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप समरस, सुगठित राष्ट्रजीवन के निर्माण का वातावरण बन गया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारंभ का संकेत भी है।

# भाजपा कर रही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग

मुंबई, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भाजपा सरकार पर हमला बोला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख़रगे ने रविवार को केंद्र की सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की और उन पर पूरे देश में लोकतंत्र को बर्बाद करने और प्रवर्तन निदेशालय, आयकर, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

मध्य मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए ख़रगे ने आरोप लगाया कि वे आरक्षण रद्द करना चाहते हैं। भाजपा-आरएसएस हमारे संविधान को बदलने के लिए लोकसभा में 400 सीटें मांग रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एक तरफ, कांग्रेस पार्टी के 12 खाते सील कर दिए गए और 300 करोड़ रुपये जब्त कर लिए गए, वहीं दूसरी तरफ, भाजपा ने अपने खाते में अवैध रूप से 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा कर लिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अपने सुना तो होगा कि 10 वर्षों में पहली बार मोदीजी को ये देश अपना परिवार लग रहा है। लेकिन मोदीजी का असली परिवार कौन है, यह दान देने वाली कंपनियों के नामों की सूची से पता चलता है।

# खराब चरित्र के आधार पर सेनानी सम्मान से वंचित करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम, 2016 के तहत लाभ का दावा करने वाली याचिका पर विचार करते हुए कहा कि केवल खराब चरित्र होने का आरोप किसी व्यक्ति को उक्त सम्मान के लाभ का दावा करने से वंचित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने मोहम्मद राशिद खान की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।



▸▸ सम्मान के लाभों से वंचित करने का आदेश हाई कोर्ट ने रद किया

याचिका में आयुक्त, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा और जिलाधिकारी, हमीरपुर के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने आगे कहा कि अधिनियम की धारा 3 के तहत राजनीतिक आधार के अलावा हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति पर यह अधिनियम लागू नहीं होता है। यह आंतरिक सुरक्षा रख रखाव अधिनियम, 1971 (मिसा) के तहत हिरासत में लिए गए लोगों पर ही लागू होगा। उक्त अधिनियम के तहत याची का दावा इस आधार पर खारिज किया गया कि वह राजनीतिक बंदी नहीं था बल्कि खराब चरित्र के लिए आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम 1971 के तहत हिरासत में लिया गया था।

कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि प्रतिवादी याची के दावे को खारिज करने को उचित ठहराने के लिए कोई भी सामग्री प्रस्तुत नहीं कर सका है। अतः कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याची को उक्त सम्मान के लाभों से वंचित करने का आदेश रद कर दिया।



### बरसाना में खेली गई लड्डू मार होली

मथुरा : कान्हा नगरी मथुरा में लठामार होली से पूर्व रविवार को बरसाना के श्रीलाडली जी मंदिर में लड्डू मार होली हुई। अबीर-गुलाल के उड़ते बादलों से अंबर रंगीन हो गया। लाडली जी के महल में लड्डुओं की बरसात हुई। नंदगांव के पांडा के नृत्य को देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। लड्डू होली का आनंद लेने के लिए देश- दुनिया से श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। पूरा मंदिर परिसर अबीर- गुलाल की बरसात से सराबोर हो गया। मंदिर में करीब सवा घंटे तक चली इस लड्डू होली के दौरान टनों लड्डू लुटाए गए। लड्डू लूटने के लिए श्रद्धालु नीचे आंगन में बड़ी संख्या में जमा थे। उनके बीच लड्डू लूटने की होड़ देखने को मिली। एक तरफ मंदिर में रंग गुलाल उड़ाए जा रहे थे। लड्डू मार होली को देखने के लिए करीब पांच लाख भक्त बरसाना पहुंचे।

# पेपर लीक होने को लेकर बिहार में सियासी घमासान

पटना, एजेंसी

▸▸ तेजस्वी व सम्राट चौधरी के बीच छिड़ी जुबानी जंग

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि लोक सेवा आयोग (पीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होना इस बात का सबूत है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के तहत राज्य में ‘माफिया राज’ चल रहा है।

यादव के इस बयान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी आलोचना की। उपमुख्यमंत्री और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में राजद के शासन के दौरान राज्य लोक सेवा आयोग के एक अध्यक्ष को जेल जाना पड़ा था। बहरहाल, उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के उस अध्यक्ष का नाम नहीं बताया, जिसे गिरफ्तार किया गया था। जब पत्रकारों ने चौधरी से राजद नेता के बयान के बारे में सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि क्या वह (तेजस्वी यादव) होश में हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-3 का कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में झारखंड के हजारीबाग जिले में 270 से अधिक अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है। यादव ने दावा किया कि बिहार में 17 महीने के महागठबंधन के शासन के दौरान लोगों ने राज्य में प्रश्नपत्र लीक होने की कोई घटना कभी नहीं सुनी थी। उन्होंने कहा कि हमने टीआरई-1 और टीआरई-2 परीक्षाएं प्रश्नपत्र लीक की किसी भी घटना के बिना आयोजित कीं। हमने 70 दिन में दो लाख अभ्यर्थियों को शिक्षक की नौकरियां दीं, लेकिन कोई प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ। अब राजग शासन में टीआरई-3 का प्रश्नपत्र लीक हो गया। यह माफिया राज के कारण है।

### झारखंड : पीएससी प्री प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप में हंगामा

चतरा/जामताड़ा : नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों के एक वर्ग ने झारखंड लोक सेवा आयोग (पीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए रविवार को चतरा और जामताड़ा जिलों के दो परीक्षा केंद्रों पर हंगामा किया। हालांकि, सरकार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आयोग की प्रारंभिक परीक्षा नियमों के मुताबिक आयोजित की गई। चतरा के उपेन्द्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज में परीक्षा देने आये अभ्यर्थियों के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि प्राचार्य कार्यालय में निर्धारित समय से पहले प्रश्नपत्र की सील तोड़ दी गयी। उन्होंने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलने पर उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास पांडे परीक्षा केंद्र पहुंचे। परीक्षा के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि एक कमरे में लगभग एक दर्जन परीक्षार्थी हंगामा कर रहे थे जबकि केंद्र के आठ अन्य कमरों में परीक्षा शांतिपूर्वक हुई। वहीं जामताड़ा के मिहिजाम में जेजेएस कॉलेज में भी अभ्यर्थियों के एक वर्ग ने प्रश्नपत्र लीक होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

# 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की मॉनीटरिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित तहसीलों में स्थापित किए जाएंगे टीडब्ल्यूएस
- बुंदेलखंड के सात जिलों समेत सोनभद्र व मीरजापुर में प्राथमिकता पर लगेंगे स्टेशन

**अमृत विचार :** सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में ज्यादा प्रभावित रहने वाली 100 तहसीलों में इसकी स्थापना के लिए चुनाव की घोषणा से पहले शासन से 10 करोड़ की धनराशि जारी करते हुए अपर जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए पहले चरण में विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीरजापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक-एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिह्नीकरण के दौरान आवश्यक गाइड लाइन जारी की गई है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

# नर हाथी का शव मिलने से हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

▸▸ मृत हाथी के सभी अंग पाए गए सुरक्षित

**अमृत विचार :** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज के हल्दूखेड़ा पूर्वी में गश्त के दौरान वन कर्मियों को एक दांत वाले हाथी का शव मिला। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। कर्मियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हाथी के शव को जलाकर नष्ट कर दिया।

रविवार को ढेला हिल सैक्सन हल्दूखेड़ा पूर्वी बीट कक्ष 9 में कॉर्बेट पार्क की टीम गश्त कर रही थी तभी टीम को एक दांत वाला नर हाथी मृत मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना उच्चाधिकारियों दी। सूचना पर कॉर्बेट पार्क के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि हाथी के सभी अंग मौके पर सुरक्षित थे।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की एसओपी के अनुसार कॉर्बेट पार्क के डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और हाथी के शव विच्छेदन की कार्रवाई की। जिसके बाद हाथी के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया।

चुनाव नजदीक आते-आते छह बड़े नेता छोड़ चुके हैं कांग्रेस, बदरीनाथ विधायक व पूर्व मंत्री भंडारी हुए भाजपाई

# अब विधायक व पूर्व मंत्री ने दिया कांग्रेस को झटका

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का सिलसिला जारी है। रविवार को कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे। बद्रीनाथ के विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी और टिहरी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके धन सिंह नेगी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। राजेंद्र भंडारी ने भाजपा के दिल्ली कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। हाल ही में कांग्रेस के छह बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम चुके हैं।


दिल्ली भाजपा कार्यालय में राजेंद्र भंडारी को सदस्यता दिलाते मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल। ● अमृत विचार

हरीश रावत सरकार में कृषि मंत्री रहे और वर्तमान में बद्रीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने रविवार को पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को एक लाइन में इस्तीफा लिखकर भेजा। इसके बाद विधायक भंडारी ने दिल्ली में भाजपा ज्वाइन कर ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पौड़ी सीट से उम्मीदवार अनिल बलूनी ने भंडारी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। 2007 में राजेंद्र भंडारी नंदप्रयाग विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में जीते और भाजपा की खंडूड़ी सरकार में 2012 तक खेल मंत्री रहे। 2012 में कांग्रेस से बद्रीनाथ के विधायक निर्वाचित हुए। तब वे हरीश रावत सरकार में अंतिम छणों में तीन माह तक कृषि मंत्री रहे। वर्ष 2017 में वह महेंद्र भट्ट से चुनाव हार गए थे लेकिन 2022 में फिर कांग्रेस से विधायक बने। उधर, टिहरी में कांग्रेस से 2022 का विधानसभा चुनाव लड़े धन सिंह नेगी ने भी पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। हाल ही में छह बड़े नेता कांग्रेस से बाहर आ गए हैं। गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण व पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा की सदस्यता ले ली। शनिवार को ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं ने भी पार्टी छोड़ दी। इससे पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी के पुत्र मनीष खंडूडी ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए। मनीष कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।

### मुठभेड़ में बांग्लादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला :** त्रिपुरा के उनाकोटि जिले में रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ एक मुठभेड़ में एक कथित बांग्लादेशी तस्कर की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के जवान कैलाशहर में मगरोली की सीमा चौकी के निकट तैनात थे कि तभी उन्होंने 15 से 20 लोगों के एक समूह को संदिग्ध सामान लेकर भारत की ओर से सीमा बाड़ की ओर आते देखा। बीएसएफ के जवानों ने उन्हें रुकने को कहा लेकिन वे आक्रामक हो गए। अधिकारी ने बताया कि जान जाने के खतरे को देखते हुए बीएसएफ के एक जवान ने गोली चलाई, जिससे एक तस्कर सद्दाम हुसैन की मौत हो गई।

## चुनाव कमाल का...

भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी,1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

**80** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

**10.46** लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

**01** लाख 75 हजार बूथ



**15** करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

**2.5** करोड़ कल लाभार्थी

## चुनावी तीर



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

**रामगोपाल यादव,** प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा



राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

# उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

**अमृत विचार:** उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।



उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।

### धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निरान्ला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

**चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)**


| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 51 | 36.4 | 8.9 | 1.1 |
| 2019 लोस | 57.4 | 24.7 | --- | 15.1 |
| 2017 विस | 43.5 | 19.0 | 24.9 | 6.4 |
| 2014 लोस | 43.2 | 17.4 | 16.7 | 16.4 |

### हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

**09** लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

**1991** 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत




**23** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

**2014 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 5,18,834 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ल | 2,08,661 |
| बसपा | ब्रजेश पाठक | 2,00,176 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,97,098 |


**2019 का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 7,03,507 |
| सपा | अरुण शंकर शुक्ला | 3,02,551 |
| कांग्रेस | अन्नू टंडन | 1,85,634 |

# मध्य प्रदेश में 29 की 29 का दावा

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री यादव, प्रदेश अध्यक्ष शर्मा केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र और सांसद दुर्गादास उइके ने बनाई रणनीति
- पांच बार के सांसद, चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भाजपा ने फिर चला दांव
- छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित कई दिग्विजयों की होंगी रैलियां



मध्य प्रदेश में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने 29 की 29 सीटों पर परचम लहराने की रणनीति बनाई है। पिछली बार बहुत कम अंतर से कांग्रेस ने छिंदवाड़ा की एकमात्र सीट जीती थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ इस बार फिर यहां से चुनाव मैदान में हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव में इस सीट के अंतर्गत आने वाले सभी सात विधायक कांग्रेस के जीते थे। लेकिन बीजेपी हाई कमान ने छिंदवाड़ा सीट को छीनने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा व केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार, बैतूल 3:45 लाख मतों से जीतने वाले दुर्गादास उईके को लगाया है। छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई बड़े दिग्गज भी कांग्रेस के खिलाफ रैली करेंगे। राज्य में मुख्यमंत्री यादव ने यह कहकर कांग्रेसियों की नींद आराम कर दी है कि लोकसभा चुनाव के दौरान 50 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ेंगे कई नेता बीजेपी में शामिल भी हो चुके हैं। इनमें अधिकांश छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के हैं।

2014 में बीजेपी को 29 में 27 सीटें मिली थीं। सिर्फ दो सीटों, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और छिंदवाड़ा से कमलनाथ विजयी हुए थे। 2019 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में सिर्फ छिंदवाड़ा सीट गई थी। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने गुना की तरह इस बार छिंदवाड़ा सीट पर भी कब्जा करने के लिए एक व्यापक रणनीति बनाई है। हालांकि वे स्वयं भी खजुराहो संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार है। कटनी, पन्ना व छतरपुर (तीन जिलों) में फैली यह सीट बीजेपी के लिए सबसे सुरक्षित मानी जा रही है क्योंकि सभी सात विधायक भाजपा के हैं। शर्मा ने पिछला चुनाव करीब 5 लाख मतों से जीता था। केंद्रीय मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार को भी टीकमगढ़ से जीत काफी आसान लग रही है क्योंकि उनके विरुद्ध कांग्रेस ने विधानसभा में पराजित उम्मीदवार अनुरागी को टिकट दिया है। इसी तरह पांच बार के सांसद और चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पिछले चुनाव में भाजपा ने यह सीट 5 लाख से ज्यादा मतों से जीती थी। बैतूल से बीजेपी उम्मीदवार दुर्गादास उइके ने भी पौने चार लाख मतों से जीत दर्ज की थी। बीजेपी की रणनीति के मुताबिक उक्त चारों उम्मीदवार मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर चुनावी रैलियां को संबोधित करेंगे और सबसे ज्यादा ध्यान कांग्रेस कब्जे वाली एकमात्र सीट छिंदवाड़ा पर केंद्रित होगा। यहां पर मुख्यमंत्री यादव की भी सबसे ज्यादा रैलियां होंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की 29 सीटों में बीजेपी को 58 प्रतिशत एवं कांग्रेस को 34.5 प्रतिशत वोट मिले थे। बसपा ने 25 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और मात्र 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा को मात्र 0.3 प्रतिशत मत मिले थे, इसीलिए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा की जीत सुनिश्चित बताई जा रही है। शर्मा अपने क्षेत्र से ज्यादा प्रदेश की उन सीटों पर समय देंगे जहां कांग्रेस मजबूत उम्मीदवार उतार रही है।

# संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

### 2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

### नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

### नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल,असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।




**1977** में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

**1998** व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

**2004** में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

**2009** में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

**मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे**

# अल्मोड़ा से सियासत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी।1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।

### 1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस




वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।

**अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद**

| वर्ष | पार्टी | सांसद |
|---|---|---|
| 1957 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1960 | कांग्रेस | हरगोविंद पंत |
| 1962-67 | कांग्रेस | जंग बहादुर |
| 1971 | कांग्रेस | नरेंद्र सिंह |
| 1977 | लोक दल | मुरली मनोहर जोशी |
| 1980-84 व 89 | कांग्रेस | हरीश रावत |
| 1991 | भाजपा | जीवन शर्मा |
| 1996-98,99 व 2004 | भाजपा | बच्ची सिंह रावत |
| 2009 | कांग्रेस | प्रदीप टम्टा |
| 2014 व 19 | भाजपा | अजय टम्टा |

### लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं


अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

# कांग्रेस का एजेंडा, गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

## प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।


आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

### नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

शुरू हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारी...


लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

**जालंधर।** पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

#### मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

**इंफाल।** निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

## छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट


अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में नमाज पढ़ने के मुद्दे पर हमला किए जाने के बाद का दृश्य। ● एजेंसी

अहमदाबाद (गुजरात), एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और अन्य की तलाश जारी

अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विभिन्न देशों के छात्रों पर कथित तौर पर व्यक्तियों के एक समूह ने हमला किया, जिसके बाद बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया और अन्य की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ए-ब्लॉक छात्रावास में हुई घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी (जोन 7) तरुण दुग्गल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के तहत दंगा, गैरकानूनी सभा, चोट पहुंचाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आपराधिक अतिचार समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मामले में दो आरोपियों हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने कहा कि घटना की जांच के लिए नौ टीम गठित की गई हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## न्यायालय से सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

केरल सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अतार्किक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

### घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल होगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं।

# भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

न्याय संकल्प पदयात्रा


- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

### पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### अडाणी समूह 2024-25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। विश्लेषकों के अनुसार 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 2023-24 में पूंजीगत व्यय लगभग 10 अरब डॉलर का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

#### स्टार्टअप महाकुंभ में आ सकते हैं प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से शुरू होने वाले स्टार्टअप महाकुंभ में आ सकते हैं, जिसमें 2,000 से अधिक उद्यमी शामिल हो रहे हैं। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने रविवार को कहा कि प्रगति मैदान में 18 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ में सरकार बड़ी भूमिका निभा रही है। सिंह ने कहा-हमें उम्मीद है कि हम प्रधानमंत्री को इस कार्यक्रम में लाने में सफल होंगे। अब चूंकि आम चुनाव की घोषणा हो गई है, तो कुछ औपचारिकताएं हैं लेकिन हमें अभी भी उम्मीद है कि हम उन्हें इस कार्यक्रम में लाने में सफल होंगे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक निवेशक शामिल हो सकते हैं।

# आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

## उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं-भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

### अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता




डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

### अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

## खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश



सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

### स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

## बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

**अमृत विचार:** पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

# आईपीएल के लिए लौटे विराट, आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट लौट आए हैं। रेड किंग 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है।

## आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था।

## मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

**ढाका।** श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने से बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है।

# अश्विन ने प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले



चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं।

## रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर



**चेन्नई।** सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं।

## खेल डायरी

### अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

### ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

**सोनीपत, एजेंसी।** दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी।** भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

### सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी।** कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

# मंधाना की टीम ने खत्म किया बेंगलुरु का सूखा

## दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी





स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 3 गेंद रहते 8 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया।

दिल्ली ने अच्छी शुरुआत के बावजूद आरसीबी के स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए। पिछले साल दिल्ली को फाइनल में मुंबई से हार मिली थी। वहीं आरसीबी का यह पहला फाइनल था और उसने धीमी शुरुआत के बाद जीत हासिल की। आरसीबी की गेंदबाजी के सामने दिल्ली 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने 19.3 ओवर में 2 विकेट पर 115 रन बनाकर खिताब जीत लिया। ऋचा घोष (नाबाद 17 रन, 14 गेंद, दो चौके) ने टीम के लिए विजयी चौका जड़ा। मंधाना ने 39 गेंद में 31 रन की धीमी पारी खेली और सोफी डिवाइन ने 27 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के से 32 रन का योगदान दिया। एलिसे पैरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए यह डब्ल्यूपीएल और पुरुष फ्रेंचाइजी (आईपीएल) में पहला खिताब है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शेफाली वर्मा (44 रन) और कप्तान मेग लैनिंग (23 रन) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने 28,781 दर्शकों के सामने 49 रन के अंदर सभी 10 विकेट गंवा दिए। सोफी मोलिनू (20 रन देकर 3 विकेट) ने आठवें ओवर में 3 विकेट चटकाकर दिल्ली को तोड़ने का क्रम शुरू किया। इसके बाद मेजबान टीम इससे नहीं उबर सकी और लगातार विकेट गंवाकर लड़खड़ा गई। श्रेयंका पाटिल ने 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट झटके। दिल्ली के लिए शेफाली ने धीमी शुरूआत के बाद तेजी दिखाई। उन्होंने अपनी पारी के तीन छक्के स्ट्रेट लगाए। दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर हाथ खोलते हुए घुटने के बल बैठकर पहला छक्का मोलिनू पर लांग ऑन पर जड़ा। चौथे ओवर में दायें हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को गेंदबाजी पर लगाया गया जिनके ओवर में 19 रन बने।




### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | 113/10 (18.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| मेग लैनिंग पगबाधा बो पाटिल | 23 | 23 | 3/0 |
| शेफाली वर्मा का वारेहैम बो मोलिनू | 44 | 27 | 2/3 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो मोलिनू | 00 | 02 | 0/0 |
| एलिस कैप्से बो मोलिनू | 00 | 01 | 0/0 |
| मारिजाने काप का डेविने बो शोभना | 08 | 16 | 0/0 |
| जेस जोनासेन का मंधाना बो शोभना | 03 | 11 | 0/0 |
| राधा यादव रन आउट (मोलिनू) | 12 | 09 | 0/0 |
| मीनू मणि पगबाधा बो पाटिल | 05 | 03 | 1/0 |
| अरूधंति रेड्डी बो पाटिल | 10 | 13 | 0/0 |
| शिखा पांडे नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |
| तानिया भाटिया का घोष बो पाटिल | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (वाइड 3) 3, **विकेट पतन:** 1-64, 2-64, 3-64, 4-74, 5-80, 6-81, 7-87, 8-101, 9-113, 10-113, **गेंदबाजी:** रेणुका सिंह 2-0-28-0, सोफी मोलिनू 4-0-20-3, एलिस पैरी 2-0-14-0, सोफी डेविने 1-0-9-0, जॉर्जिया वारेहैम 3-0-16-0, श्रेयंका पाटिल 3 .3-0-12-4, आशा शोभना 3-0-14-2

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 115/2 (19.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| स्मृति मंधाना कैच अरुंधति बोल्ड मिन्नू | 31 | 39 | 3/0 |
| सोफी डिवाइन पगबाधा शिखा | 32 | 27 | 5/1 |
| एलिस पेरी नाबाद | 35 | 37 | 4/0 |
| ऋचा घोष नाबाद | 17 | 14 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 1-49, 2-82, **गेंदबाजी:** मैरिजेन कप्प 4-0-20-0, ऐलिस कैप्सी 3-0-13-0, शिखा पांडे 4-0-11-1, राधा यादव 1-0-18-0, अरुंधति रेड्डी 3 .3-0-26-0, जेस जॉनसन 2-0-15-0, मिन्नू मनी 2-0-12-0,

# गुलवीर ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है।

# विश्व कप में लगी चोट, टखने से निकाला गया खून: पंड्या

मुंबई, एजेंसी



- पिछले विश्व कप में फिटनेस पाने के लिए लगवाएं कई इंजेक्शन
- बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय टखना हुआ था चोटिल

हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पिछले विश्व कप के लिए फिटनेस पाने की बेताबी में कई इंजेक्शन लगवाए और टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया, लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़ा।

विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पंड्या लंगडाते हुए मैदान से गए थे। वह इसके बाद टीम में वापसी नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैंने एड़ी पर तीन अलग-अलग जगह पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं पूरा प्रयास करता हूं। पंड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर खेले गए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तो मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं।



# बॉलीवुड हलचल

## मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

## करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं, वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

## नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने सांप के जहर की तस्करी के मामले में यह कार्रवाई की है। यादव पिछले साल तीन नवंबर को सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। संबंधित मामले में पुलिस पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

# गायक सिद्धू मूसेवाला के घर गूंजी किलकारी, मां ने बेटे को दिया जन्म

बठिंडा, एजेंसी

सिद्धू मूसेवाला की मां ने बठिंडा के अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया है। अस्पताल से एक तस्वीर शेयर की गई है, जिसमें नवजन्मे बच्चे के साथ सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह नजर आ रहे हैं।

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर 58 की उम्र में दूसरी बार मां बनीं हैं। चरण कौर ने मां बनने के लिए इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक का सहारा लिया। सोशल मीडिया जरिए मूसेवाला के पिता ने तस्वीर शेयर कर खुद घर में गूंजी किलकारी की जानकारी दी है। इकलौते चिराग सिद्धू मूसेवाला के निधन के बाद उनके माता पिता अकेले पड़ गए, जिसके बाद उनके पेरेंट्स ने आईवीएफ तकनीक की मदद से घर के वारिस की आस को



बच्चे को गोद में लेकर बैठे सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह।

पूरा किया। रविवार को सिद्धू की हवेली और उसके समाधि स्थल पर देश-विदेश से पहुंचने वाले प्रशंसकों और ग्रामीणों ने परिवार में बेटे के जन्म लेने की खुशी में मिठाई बांटी।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

**नई दिल्ली।** दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

# इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

*इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।*

## इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।



## क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

## कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

## एक नजर

### आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है। इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

### ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

**लंदन।** ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है। हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। यूके और भारत के बीच एफटीए पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

# पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

## तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

### पुतिन का कमजोर विपक्ष के बीच जनाधार मजबूत



रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन ने पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

### बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

# जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।



खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

# सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी

अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्यक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य



हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

# अरुणाचल चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा, ठोका दावा

बीजिंग, एजेंसी

- चीनी रक्षा मंत्रालय ने दी प्रतिक्रिया कहा-तिब्बत का हिस्सा है यह क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे के कुछ दिनों बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपनी ड्रैगन चाल चली है। चीन की सेना ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोका है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीन द्वारा दिया गया नाम) चीन के क्षेत्र का एक हिस्सा है और भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है। चीन के रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, झांग ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत द्वारा अपनी सैन्य तैयारी बढ़ाने के जवाब में यह टिप्पणी की। गौरतलब है कि चीन, जो अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है, अपने दावों को उजागर करने के लिए नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। चीन ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है। गौरतलब है कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को बार-बार खारिज किया है। चीन को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने कहा कि मनगढ़ंत नाम देने से हर कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है।

## यातायात ठप...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

# एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

# अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।




### खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

**चुनाव** 21 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम के अलावा श्रीलंका और मलेशिया में भी डाले जाएंगे वोट

# मालदीव संसदीय चुनाव के लिए भारत में भी होगा मतदान

माले, एजेंसी

मालदीव में हो रहे संसदीय चुनावों के लिए भारत के दक्षिणी राज्य केरल में भी मतदान होगा। द्वीप देश के चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए तिरुवनंतपुरम में भी पोलिंग बूथों और मतपेटियां की व्यवस्था करने की घोषणा की है। आयोग ने कहा कि मालदीव के 11 हजार नागरिकों के दूसरे देशों में पोलिंग बूथों के लिए पुनः पंजीकरण करने के बाद भारत के अलावा और दो अन्य देशों श्रीलंका और मलेशिया की राजधानियों में भी संसदीय चुनाव के लिए वोट पड़ेंगे।

मीडिया ने मालदीव चुनाव आयोग के हवाले से बताया कि 21 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मालदीव के बाहर भारत के अलावा जिन देशों में मतपेटियां रखीं जाएंगी वे श्रीलंका की राजधानी कोलंबो और मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर हैं।

चुनाव निकाय के महासचिव हसन जकारिया ने कहा कि तीन बाहरी देशों में मतपेटियों के लिए पर्याप्त मतदाताओं ने फिर से पंजीकरण कराया है। पुनः पंजीकरण विंडो अन्य देशों में रह रहे नागरिकों के लिए खोला गया था, लेकिन तीन देशों के मतदाताओं ने पर्याप्त वारंट वाली मतपेटियों को फिर से पंजीकृत किया था, जो कि भारत का तिरुअनंतपुरम, श्रीलंका का कोलंबो और मलेशिया का कुआलालंपुर शहर हैं। आयोग ने कहा कि मतपेटियों को विदेश के इन तीन देशों के अलावा अन्य देशों में नहीं रखा जाएगा।

### मालदीव से दूसरा भारतीय सैन्य दल 10 अप्रैल तक होगा रवाना

**माले।** भारत और मालदीव ने रविवार को भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी को लेकर चल रही समीक्षा की और मालदीव ने कहा कि दूसरा समूह 10 अप्रैल तक रवाना हो जाएगा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। भारत द्वारा हिंद महासागर द्वीप समूह में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्य कर्मियों की पहली टीम को वापस बुलाने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों ने माले में द्विपक्षीय उच्च स्तरीय कोर समूह की



तीसरी बैठक की। बता दें सैन्य दल की जगह नागरिक तकनीकी विशेषज्ञों ने ले लिया है। भारतीय कर्मी मालदीव में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन कर रहे हैं और भारत अब उन्हें संचालित करने के लिए नागरिक कर्मियों को तैनात कर रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं देने वाले भारतीय विमानन प्लेटफार्मों के संचालन को सक्षम करने के लिए भारतीय तकनीकी कर्मियों की चल रही प्रतिनियुक्ति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी। इस बीच, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने मालदीव में विमानन प्लेटफार्मों पर भारतीय सैन्य कर्मियों को नागरिकों के साथ बदलने में हुई प्रगति पर ध्यान दिया।

# ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।